kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-106 | शनिवार, 17 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



यह जानकर आश्चर्य होता है कि चीन के बाद पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश तुर्की ने पाकिस्तान की नौसेना के आधुनिकीकरण और उसकी हवाई युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

डॉ राजीव कुमार

बोधगया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार 11

ईडी ने वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकारी वाईएस रेड्डी को गिरफ्तार किया 12

कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल

एजेंसी

श्रीनगर । जम्मू.कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में लश्कर ए तैयबा और जैश.ए.मोहम्मद के तीन-तीन आतंकवादी मारे गये हैं।

पुलिस सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल सीआरपीएफ की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच सहज समन्वय के कारण है।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीफ्रिंग में सेना के विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग जीओसी मेजर जनरल धनंजय जोशी और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे।

श्री बिरधी ने आगे कहा कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहन चिंतन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है।श

रणनीति

- 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली
- सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं
- पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है

उन्होंने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतीपोरा में एक-एक ऑपरेशन सीआरपीएफ भारतीय सेना और जम्मू.कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच श्री जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या ● शेष पेज 11 पर

ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक : अमित शाह

- नया मल्टी एजेन्सी सेंटर देश को गंभीर खतरों से निपटने के लिए बनायेगा मजबूत : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक सूचनाओं और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अनूठा प्रतीक है। भारत को अपनी तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है। केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगट्टालु हिल्स (केजीएच) में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी अभियानों के बारे में कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ये ऐतिहासिक अभियान हमारे सुरक्षा बलों के बीच बेहतरीन समन्वय ● शेष पेज 11 पर

बडगाम से लश्कर के तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

बडगाम। पुलिस ने शुक्रवार को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले से लश्कर के तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के चल रहे प्रयासों में बडगाम पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को मगाम के कावूसा नरबल इलाके में गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मुजामिल अहमद, इश्फाक पंडित (दोनों अगलर पट्टन के निवासी) और मुनीर अहमद ● शेष पेज 11 पर

ऑपरेशन सिंदूर बस ट्रेलर अभी पिक्चर बाकी : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- श्रीनगर के बाद भुज एयरबेस पर रक्षा मंत्री ने वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाया
- ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में गिराई गई मिसाइलों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी : राजनाथ
- भुज का स्मृतिवन म्यूजियम भारत ही नहीं, दुनिया का गौरव : राजनाथ सिंह
- रक्षा मंत्री ने स्मृति वन म्यूजियम जाकर कच्छ के भूकंप में जान गंवाने वाले दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली । ऑपरेशन 'सिंदूर' स्थगित किये जाने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में स्थित वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। हमारी एयर फोर्स एक ऐसी 'स्काइफ़ोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर हाई एनर्जी और हाई जोश देखकर आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं। भुज का यह एयरबेस 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में भी पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है, इसलिए यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प है।

उन्होंने कहा कि सरकार और देश की जनता हर कदम पर, हर स्थिति में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके सहयोग से हम इस पूरे क्षेत्र में आतंकवाद का समूल नाश करेंगे, ताकि कल को कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ आंख उठाने की भी हिमाकत न करे। अब हमने साफ कर दिया है कि अगर हमारी संप्रभुता को कोई नुकसान पहुंचाएगा, तो वह प्रहार भी झेलेगा। आतंकवाद का हम मजबूती से और जोरदार तरीके से जवाब देंगे। एक और बात ● शेष पेज 11 पर

संक्षेप

जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी

हरिद्वार। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उनके व्हाट्सएप नंबर पर दक्षिण कोरिया के मोबाइल नंबर 821098 192383 से दी गयी है। इस मामले में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। इस धमकी में लिखा है तुम और तुम्हारे संत यती नरसिंहानंद गिरि बहुत बोल रहे हो। रामपुर उत्तर प्रदेश में तुम्हारा मंदिर जंगल में है। तू ज्यादा दिन का मेहमान नहीं है। संत समाज में इस धमकी की तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। संतों ने केंद्र व प्रदेश सरकार से श्रीमहंत मोहन भारती की सुरक्षा की मांग की है। श्रीमहंत भारती ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत पुलिस को दे दी है। इस संबंध में कोतवाल रितेश शाह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है।मामले की जांच की जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी 22 मई को बीकानेर आएंगे

बीकानेर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान में बीकानेर के दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री जिले से 32 किलोमीटर दूर देशनोक स्थित विश्वविख्यात करणी माता के दर्शन करेंगे। इसके बाद देशनोक में बने आधुनिक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। हालांकि दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम शनिवार को बीकानेर आएंगे।

आरबीआई ने ड्यूश बैंक इंडिया पर लगाया 50 लाख का जुर्माना

मुंबई ।भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई ने नियमों के पालन नहीं करने के आरोप में ड्यूश बैंक एजीए इंडिया पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि बैंक ने बड़े कर्ज़दारों की जानकारी समय पर केंद्रीय डेटाबेस में नहीं दीए जो नियमों के मुताबिक जरूरी है। यह लापरवाही बैंक की वित्तीय निगरानी के दौरान सामने आईए जो 31 मार्च 2024 तक की स्थिति पर आधारित थी। केंद्रीय बैंक ने जांच के बाद बैंक को नोटिस भेजा और जवाब मांगा कि नियमों के उल्लंघन के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने इस्कॉन-बेंगलुरु को शहर के राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिक घोषित किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने इस्कॉन बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है। इस्कॉन.मुंबई इसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। पीठ ने उच्च न्यायालय के पहले के फैसले को खारिज कर दिया जिसमें इस्कॉन-मुंबई को संपत्ति का वैध मालिक घोषित किया गया था। अदालत ने इस्कॉन बैंगलोर की स्वतंत्र और वैध इकाई की स्थिति को बरकरार रखा है। इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु कर्नाटक सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत एक सोसाइटी है। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने इस्कॉन-बेंगलुरु और इस्कॉन-मुंबई के बीच लंबे समय से चले आ रहे स्वामित्व और प्रबंधन विवाद को खत्म कर दिया। विवाद की जड़ें इस्कॉन के भीतर आंतरिक मतभेदों में निहित हैं जो इसके संस्थापक सदस्य श्रील प्रभुपाद के निधन के बाद शुरू हुई थी। वर्ष 1981 में स्थापित इस्कॉन.बैंगलोर ने पश्चिमी अनुयायियों द्वारा नेतृत्व के उत्तराधिकार का विरोध किया थाए जिसके कारण इस्कॉन.मुंबई के साथ मतभेद पैदा हो गए थे। यह मामला विभिन्न मंचों से होते हुए निचली ● शेष पेज 11 पर

यूपी में 30 और पीपीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग (पीपीएस) के 30 और अधिकारियों के तबादले शुक्रवार को हुए, जबकि इससे पूर्व एक तबादला सूची जारी की गई थी जिसमें 18 अधिकारियों के नाम थे। मुकेश चन्द्र उत्तम को अलीगढ़ से श्रावस्ती, प्रवीण कुमार यादव प्रथम को श्रावस्ती से अलीगढ़, चक्रपाणि त्रिपाठी को चित्रकूट से अयोध्या, विजय ?शंकर मिश्र को फतेहपुर से पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। इसके अलावा हरेंद्र कुमार अमेठी से अम्बेडकर नगर, शैलेंद्र कुमार सिंह को जौनपुर से अमेठी, आतिश कुमार सिंह को महराजगंज से जौनपुर, डा. सिद्धार्थ को सिद्धार्थनगर से महाराजगंज में नवीन तैनाती मिली है। प्रशांत कुमार प्रसाद को मुजफ्फरनगर से सिद्धार्थनगर, विशाल पाण्डेय को अम्बेडकरनगर से मुजफ्फनगर, अमिता सिंह को कानपुर नगर से आगरा पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। कपिल देव सिंह को पीएसी मुख्यालय लखनऊ से कमिश्नरेट कानपुर नगर, मनोज कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय प्रथम को भी पुलिस कमिश्नरेट कानपुर भेजा गया है। इनके अलावा नम्रिता श्रीवास्तव को बलरामपुर ● शेष पेज 11 पर

जगद्गुरु रामभद्राचार्य और गीतकार गुलजार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है।

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया।

श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी के साथ साथ ज्ञानपीठ पुरस्कार वाले गीतकार गुलज़ार को भी बधाई दी जो अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की जिससे कि वह कला, साहित्य, समाज और देश के लिए अपना योगदान देते रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ता और जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत लगभग 150 वर्षों से भारतीयों को जागृत कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शाश्वत कवियों की रचनाओं में हम जीवंत भारत की धड़कन महसूस करते हैं जो भारतीयता की आवाज है। श्रीमती मुर्मु ने 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने के लिए भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने की प्रक्रिया में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया है और इस पुरस्कार की गरिमा को बनाए रखा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आशापूर्णा देवी, अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, कुर्रतुल-ऐन-हैदर, महाश्वेता देवी, इंदिरा ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री ने श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक की

श्रम कानून हो प्रो-इंडस्ट्री एवं प्रो-श्रमिक : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ल्लहर हाथ को कामङ्क देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड ● शेष पेज 11 पर

जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

- जल जीवन मिशन से जुड़े 183 अफसरों-कर्मियों पर एक्शन
- 122 अफसरों पर अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि और छह का किया गया निलंबन

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों-कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि छह को निलंबित कर दिया गया है।

जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर ● शेष पेज 11 पर

अब मप्र के डिप्टी सीएम देवड़ा की फिसली जुबान,

सेना को बताया प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक

एजेंसी

- कांग्रेस हुई हमलावर तो मंत्री देवड़ा ने बयान जारी कर दिया स्पष्टीकरण

जबलपुर । मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया है कि अब प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे विपक्ष को सरकार घेरने का एक और मौका मिल गया है। जबलपुर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान देवड़ा ने कहा, ल्लपूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है।ङ्क इसे लेकर अब कांग्रेस नेता आक्रामक हो गए हैं और भाजपा पर निशाना साधा है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस देवड़ा के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम ने सफाई दी है। उन्होंने कहा, ल्लमेरे बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। दरअसल उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का ये विवादित बयान उस समय सामने आया जब वो जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वे पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए मोदी की तारीफ कर रहे थे। तभी वो प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए सेना का अपमान कर बैठे। देवड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश, देश की सेना और सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं।ल्ल उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

बारात से घर लौट रहे शख्स की चौकी इंचार्ज ने की पिटाई, रुपए भी छीने

पीड़ित ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी तथा पुलिस आयुक्त से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। चौकी प्रभारी बड़ोखर थाना कोरांव पर बारात से घर लौट रहे शख्स के साथ मारपीट करने व रुपए छीन लेने की शिकायत पीड़ित फरियादी के द्वारा मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, एसीपी मेजा समेत अन्य उच्चाधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक देवी प्रसाद पटेल पुत्र स्व. चंद्रमा प्रसाद पटेल निवासी चंदू का पूरा बड़ोखर थाना कोरांव 15 मई को कोरांव बाजार में स्थित अनुसूईया गेस्ट हाउस में एक बारात कार्यक्रम में शामिल होने अपने बोलेरो पिकअप वाहन से अपने एक साथी राजेश्वर केसरी पुत्र सुंदरलाल केसरी निवासी बड़ोखर थाना कोरांव के साथ आया हुआ था। जहां से रात्रि लगभग एक बजे के करीब दोनों पिकअप वाहन से घर जा रहे थे। कि खिवली मोड़ के पास भोगन गांव में स्थित बेलन नदी से पहले पिकअप खड़ी कर चालक देवी प्रसाद पटेल पेशाब करने के लिए जा रहा था तभी सिविल ड्रेस में चौकी प्रभारी बड़ोखर पहुंचे और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कान पर कई थप्पड़ जड़ दिए। जिससे पीड़ित भुक्तभोगी के कान का पर्दा फट गया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद यह पता चला कि उसके कान का पर्दा फट गया है। इतना ही नहीं देवी प्रसाद पटेल के बेटे विनय सिंह के द्वारा पुलिस व उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि चौकी प्रभारी सिविल ड्रेस में मारपीट कर रहे थे तभी दो अन्य सिपाही जो वर्दी पहने हुए थे मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने भी गाली गलौज देते हुए बेंत से मारा पीटा और जेब में हाथ डालकर 10250 रुपए भी निकाल लिया। विरोध करने पर वर्दी का रौब दिखाते हुए लोग चले गए। पीड़ित भुक्तभोगी ने बताया है कि मेरे कान से लगातार रक्तस्राव हो रहा है। ऐसे में पीड़ित भुक्तभोगी के द्वारा दोषी चौकी प्रभारी समेत पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की दरकार की गई है।

अधीक्षक ने फाइलेरिया मरीजों को बांटे एमएमडीपी किट

बचाव के तरीके अपनाने तथा उपचार के भी दिए गए सुझाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह के द्वारा फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस दौरान आशा एएनम व ब्लॉक स्तरीय अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने फाइलेरिया मरीजों को उसके उपचार तथा बचाव के सुझाव भी बताए। उन्होंने बताया कि मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया रोग होता है। जो गंदे पानी में पैदा होता है। अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने फाइलेरिया रोगियों को कैसे धुलाई करनी है, कैसे मलहम व दवाओं का प्रयोग करना है आदि के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में मलेरिया इंस्पेक्टर आशीष रावत समेत कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे। सबने फाइलेरिया रोगियों को बचाव के तरीके अपनाने के लिए जागरूक किया।

राम सजीवन पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित

लखनऊ। राम सजीवन को अमेरिकन यूनिवर्सिटी यू एस ए लेविस ने एकेडमिक और सामाजिक कार्यों के लिए डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की है। राम सजीवन एक शिक्षक हैं और वर्तमान में गांधी इंटर कॉलेज बछरावां रायबरेली में कार्यरत हैं। उन्होंने कुछ वर्षों तक लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध और अध्यापन कार्य भी किया है। यह इतिहास विषय में गहरी जानकारी रखने वाले विद्वान स्कॉलर के साथ दलितों, महिलाओ और हाशिए के लोगों के अधिकारो तथा सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर सदैव संवेदनशील रहते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों और समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व की जीवन पद्धति को आचरण और व्यवहार में रखने वाले राम सजीवन को अमरीका की यूनिवर्सिटी से पीएचडी की मानद उपाधि मिलने पर कॉलेज, क्षेत्र के लोगों और साथियों हर्ष व्यक्त किया है।

सपा पीडीए कार्यक्रम:समाजसेवीयो ने ग्रहण सपा की सदस्यता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वाहन के बाद प्रदेश भर में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है तथा लोग समाजवादी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व मंत्री सपा सरकार एवं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव मो यामीन खान ने अपने लखनऊ सीतापुर रोड स्थित कार्यालय में समाजसेवी महिलाओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। सना फाउंडेशन एनजीओ की संचालक खदीजा मुजीब,समाजसेवी नसरीन फातमा,सफिया बेगम सहित उनके साथ आई महिला संगठन से जुड़ी सेविकाओं ने समाजवादी पार्टी परिवार में अपनी दस्तक दी।इन सभी महिलाओं का पूर्व मंत्री यामीन खान ने पुष्प देकर समाजवादी पार्टी में स्वागत किया व पार्टी कार्यक्रमों नीति व आगामी सत्ताइस के चुनाव में अभी से लगने के लिए प्रोत्साहित किया।इसी कार्यक्रम में एलपीएस विद्यालय गोमतीनगर से में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 88.6% अंक लाने वाले छात्र मोहम्मद आकिब पुत्र मोहम्मद आसिफ को सपा अल्पसंख्यक सभा महासचिव मो यामीन खान ने सम्मानित किया।यामीन खान ने कहा छात्रों का प्रोत्साहित करते रहना बेहद जरूरी है क्योंकि यही युवा देश का भविष्य हैं।इस कार्यक्रम में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फहाद शाह, सपा पार्षद मो नदीम खान, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा युनुस चौधरी आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियन बनी जिला मुरादाबाद

लखनऊ । चौक स्थित नेहरू युवा केंद्र में दो दिवसीय उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया, जिसमें बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया। प्रतियोगिता का समापन आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मनोज वर्मा, महासचिव शाहवेज़ अली व कोषाध्यक्ष अकमल खान द्वारा किया गया।प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालक वर्ग की प्रतियोगिता कराई गई।

जिसमें सब जूनियर बालक वर्ग राइट हैंड से अंडर 40 किलोग्राम भार वर्ग में योग प्रकाश ने स्वर्ण पदक, मोहम्मद हमज़ा ने रजत पदक जीता, अंडर 45 किलोग्राम वर्ग में आसिफ ने स्वर्ण व अभिनव कुमार ने रजत पदक जीता, अंडर 55 किलोग्राम वर्ग में यथार्थ शर्मा ने स्वर्ण पदक, युवराज ने रजत, पंकज और यश सैनी ने कांस्य पदक जीता । जूनियर बालक वर्ग राइट हैंड से अंडर 50 किलोग्राम वर्ग में मुकेश ने स्वर्ण, सूर्यांश ने रजत व भविष्य और जैन मलिक ने कांस्य पदक जीता, अंडर 55 किलोग्राम भार वर्ग में अरुण राजभर ने स्वर्ण, सिद्धांत कुमार ने रजत, किशन कुमार और आर्यन त्यागी ने कांस्य पदक जीता, अंडर 60 किलोग्राम में आर्यन शर्मा ने स्वर्ण, आदित्य त्रिपाठी ने रजत, शुभम गौंड व कार्तिक वर्मा ने कांस्य पदक जीता, अंडर 65 किलो में विवेक वर्मा ने स्वर्ण, समद खान से रजत, सत्यम प्रजापति व लक्की ने कांस्य पदक जीता, अंडर 70 किलोग्राम नैतिक ने स्वर्ण, आशुतोष सिंह ने रजत, अक्षय सिंह व सुमंत कुमार कांस्य पदक जीता, ओवर 80 किलो में आदित्य कुमार ने स्वर्ण पदक, देवांश भारद्वाज ने रजत, अक्षित चौधरी व शुभांग सिंह ने कांस्य पदक जीता।यूथ बालक वर्ग अंडर 75 किलोग्राम वर्ग में राघव भयाडिया ने स्वर्ण, राज सिंह ने रजत पदक जीता, अंडर 80 किलोग्राम में अरब वत्स ने स्वर्ण व अक्ष कश्यप ने रजत पदक जीता, ओवर 80 किलो वर्ग में वरदान सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।सीनियर बालक वर्ग में अंडर 65 किलोग्राम में अमन कुमार ने स्वर्ण, अंडर 70 किलोग्राम वर्ग में दाऊद ने स्वर्ण, अंडर 90 किलोग्राम देवांश ने स्वर्ण, अंडर 100 किलो में अभिषेक ने स्वर्ण पदक जीता ।निर्णायक मंडल में अर्शिल अयाज़, आदित्य जायसवाल, विवेक, शादाब, अर्णव, प्रशांत गुप्ता, उत्सव शर्मा, सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राम पल शर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, मोहम्मद इकराम, अर्जुन चौधरी, हिंप्रीत सिंह, मुकेश पाल, उदित राज आदि ने विशेष सहयोग किया।

डीआईजी ने किया पुलिस लाइन , पुलिस ऑफिस का वार्षिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया।डीआईजी ने शुक्रवार को सुबह पुलिस लाइन पहुंचकर परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने भोजनालय में खाने की गुणवत्ता की जांच की और शस्त्रागार का निरीक्षण किया। आवासीय बैरक और पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई के साथ जरूरी सुविधाओं की जांच की। पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कार्यालय पर स्थित जनसुनवाई कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाली शिकायतों एवं निस्तारण के स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आईजीआरएस कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, महिला सम्मान प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय आदि शाखाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता कर उनके कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान शाखाओं के अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया गया तथा साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक मंदिर सुरक्षा/ ऑफिस अनुराग सिंह पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक संजय कुमार पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार सीओ ऑफिस दीपांशी सिंह राठौड़ सीओ कोतवाली ओंकार तिवारी सीओ गौरव तिवारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर मौत

बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ौली पवही के पास लखनऊ बहराइच हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, टक्कर लगने से युवक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कैंसरगंज पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले गयी,जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है।कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढ़ौली के निकट लखनऊ बहराइच हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बाइक सवार लखनऊ से अपने घर जा रहा था। बाइक सवार की पहचान अमित 22 वर्षीय पुत्र सतीश निवासी फुटहा थाना दरगाह बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने बाइक सवार को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। घटना को सुनकर युवक के घर में कोहराम मच गया।

डेंगू से डरने की नहीं, बचने की आवश्यकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग ने जनजागरूता संबंधी विविध गतिविधियों का आयोजन किया । इनके जरिये संदेश दिया गया कि इस बीमारी के प्रसार से लोगों को डरने की बजाय, इससे बचाव के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हुई जागरूकता गोष्ठी में हिस्सा लिया । मंडलीय कीट विज्ञानी डॉ वीके श्रीवास्तव और जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने भी उनके साथ गोष्ठी में पहुंच कर बच्चों को बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की । वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश और वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक प्रभात रंजन सिंह ने भी गोष्ठी में हिस्सा लिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल रोग है । इसका मच्छर दिन में काटता है और यह बीमारी प्रत्येक लिंग और समूह को प्रभावित करती है। मानसून की शुरूआत से पहले ही इस बीमारी से बचाव के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल सोलह मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। पहले डेंगू सिर्फ बरसात के मौसम में ही होता था लेकिन अब यह वर्ष के किसी भी माह में सामने आने लगा है, क्योंकि इसके मच्छरों को पनपने के लिए घर में कहीं भी एकत्रित एक चम्मच साफ पानी भी पर्याप्त है।

लक्षण दिखने पर त्वरित जांच और समय से इलाज का फायदा मिलता है।मंडलीय कीट विज्ञानी डॉ वीके श्रीवास्तव ने कहा कि डेंगू से खासतौर से उन लोगों को और अधिक सतर्क रहना चाहिए जो एक बार इसका संक्रमण झेल चुके हैं, क्योंकि ऐसे लोगों में दूसरी बार संक्रमण अधिक गंभीर और लंबा हो सकता है ।

डेंगू का एक स्ट्रेन दूसरे स्ट्रेन से प्रतिरक्षा प्रदान नहीं करता है। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षण दिखते ही यथाशीघ्र प्रशिक्षित चिकित्सक से जांच और इलाज करवाने पर मरीज घर पर ही ठीक हो जाता है। इलाज में देरी करने और अपने मन से दवाएं खाने से जटिलताएं बढ़ती हैं और कई बार गंभीर अवस्था में मरीज को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता है ।इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विश्व प्रताश सिंह , उप प्रधानाचार्य किरन कुमार और शिक्षक एमके श्रीवास्तव व डॉ दुर्गा प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोरमा रानी ने किया।

काकोरी में गरजा एलडीए का बुलडोजर 55 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना लगभग 55 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 3 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि मनीष सिंह व अन्य द्वारा काकोरी में समदा पुलिस चौकी के पहले महावीर हार्डवेयर के पीछे लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए मैप लाइफ सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह राजकुमार यादव, राम लखन व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम-समदा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कुंज बिहार सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा दिनेश यादव व अन्य द्वारा ग्राम-समदा में महावीर हार्डवेयर के पहले दायें किनारे पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए राजधानी इन्क्लेव नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

गोरखपुर आगमन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का हुआ स्वागत

प्रदेश के अंदर कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी : अजय राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का पंडित हरिशंकर तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि में शामिल होने के लिए गोरखपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट एवं एनेक्सी भवन में कांग्रेस नेता इं. संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया गया। उसके बाद एनेक्सी भवन में कुछ समय के लिए रूककर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस संगठन पर मजबूती देते हुए कहा की आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के हर बूथ पर कांग्रेस का कार्यकर्ता दिखेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी करने वाले भाजपा मंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान सेना का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों ने कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं किया है।

यही वजह है कि भाजपा के बहुत से नेता चरित्रहीनता के आरोप में जेल की हवा खा रहे हैं।इस मौके पर कांग्रेस नेता इं. संतोष कुमार मिश्र ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के गोरखपुर पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस जन-जन तक पहुंचने में सफल हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़कर सत्ता परिवर्तन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। मिश्र ने कहा कि सभी दलों से लोगों का मोहभंग हो रहा है और लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से शिव सागर पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, गोरख लाल श्रीवास्तव, अर्जून सिंह, संजय मिश्रा, बेचन राम, बाल मुकुंद चतुर्वेदी, राजू सिंह, सत्येन्द्र निषाद, देवेन्द्र निषाद धनुष, मंजूर, महफूज, रियाज, शकील अहमद, रिजवान अहमद, मनोज, पुष्पेन्द्र यादव, मुकेश यादव, दशरथ गौड़, सुरेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, सीता राम सीताराम, मंगल कन्नौजिया, सरफराज खान, हबीब, तनवीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पांचवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष बनें मो0 सिराजुद्दीन न्यूटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का चुनाव पायनियर पब्लिक स्कूल, बहराइच में पर्यवेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं जिलाध्यक्ष/ का0 महामंत्री की कार्यसमिति की निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर एम0 सिराजुद्दीन न्यूटन 5 वीं बार, मंत्री पद पर अनुराग मिश्र दूसरी बार, कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती मांडवी शाही और उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नारायन निर्विरोध निर्वाचित हुए।निर्वाचन में 99% डेलीगेटों ने प्रतिभग किया। निर्वाचन स्थल की सुख सुविधाओं की बारम्बार प्रशंसा की गई तथा इसके लिए उपस्थित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं व सभी पदाधिकारियों ने मैनेजिंग डायरेक्टर आसिफ किरमानी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने संबोधित कर संगठन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष न्यूटन ने 5वीं बार अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर सभी डेलीगेटों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों को बधाई देते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किरमानी जी का तहे दिल से स्वागत और संगठन की तरफ उपहार भेंट कर सम्मानित किया। नव निर्वाचित मंत्री अनुराग मिश्र ने सभी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि आपकी सेवाओं में संगठन हित मे तहे दिल से समर्पित रहूंगा। साथ ही कार्यक्रम को नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष श्रीमती मांडवी शाही समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

प्राधिकरण ज़ोन 3 में जारी हैं अवैध निर्माणों का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शहर में अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग के ख़िलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसके बावजूद अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। एलडीए के जोन-3 में भी अवैध निर्माण की समस्या बनी हुई हैं। प्रवर्तन जोन-3 के अंतर्गत पारा, कृष्णानगर, सरोजनी नगर और अन्य क्षेत्रों में बिना मानचित्र स्वीकृति के व्यावसायिक और आवासीय निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। एलडीए द्वारा लगातार कार्यवाही किये जाने के बावजूद ऐसे निर्माणों का बार-बार सामने आना यह दर्शाता है कि अवर अभियंता और सहायक अभियंता अपनी निगरानी में विफल साबित हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ अभियंताओं की मिलीभगत के कारण बिल्डर बिना डर के नियम तोड़ रहे हैं। जिसके चलते शहर की नियोजित विकास योजना को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। ताज़ा मामले में ज़ोन 3 के थाना पारा क्षेत्र में हँसखेड़ा तेराहे पर शिव मेडिकल स्टोर के सामने रिवाज पैलेस के निकट एक अवैध निर्माण होता नज़र आया इसके अलावा सडरौना चुन्नू खेड़ा तिराहा, प्रसादी खेड़ा में उत्तम मैरिज लॉन के निकट अनिल टेंट हाउस लाइट एंड कैटर्स के सामने भी एक निर्माण मानको के विपरीत होता नज़र आया मुख्य मार्ग पर होने वाले यह निर्माण अवर अभियंता की निगाहों से बच गए हो ऐसा होना असंभव लगता है और यदि संबंधित अधिकारियों की निगाहों में यह निर्माण नहीं है तो भी इनकी यह बड़ी लापरवाही हैं और यह इस बात की दलील है की काम के प्रति उनकी दिलचस्पी कम है। ऐसे में प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को चाहिए है क्षेत्र में होने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ जांच करवाते हुए संबंधित अवर अभियंताओं व सहायक अभियंता की भूमिका की भी जांच करवाएं और उचित कार्रवाई करें जिससे की जनता की नज़र में प्राधिकरण की विश्वसनीयता बनी रहें।

निगोहां में नि:शुल्क त्वचा शिविर में मरीजों देखकर वितरित की दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। चलो गांव की ओर एक अनूठी पहल के तहत निगोहा के मस्तीपुर पंचायत भवन में वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ ने निःशुल्क शिविर लगाकर मरीजों को देखकर उनके ब्लड की जांच कराकर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई।शिविर में पहुंचे प्रख्यात हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने डाक्टर के योगदान की सराहना करते हुए कहा डाक्टर धरती के भगवान होते वो मरीज की बीमारी को ठीक करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा देते है। विकासखंड मोहनलालगंज के मस्तीपुर पंचायत भवन में वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक कुमार ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया।जिसमें त्वचा से जुड़े मरीजों को देखा और उनकी बीमारी के हिसाब से दवाएं उपलब्ध कराई साथ ही जरूरत वाले मरीजों के ब्लड सैंपल लेकर उनकी जांच के लिए भेजा।कैंप में स्वीकृति पैथोलॉजी ने निःशुल्क जांच काउंटर खोल रखा था।वही विभिन्न दवा कंपनी के यश गुप्ता,कमल,भारत,शैलेन्द्र, दीपा, शम्भू, रूपांकर, अनिल आदि लोगो ने अपनी अपनी कंपनी की दवाएं डाक्टर विवेक लिखने पर पीड़ित मरीजों को उपलब्ध कराई। शिविर के दौरान पुरुष महिलाएं और बच्चे समेत कुल 48 मरीजों को देखकर दवाएं उपलब्ध कराई गई।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी मस्तीपुर ग्राम प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,पंचायत सहायक शान्ती देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पदमा कुमारी,ममता, ग्राम रोजगार सेवक प्रह्लाद कुमार मौजूद रहे।

समाज से कुष्ठ रोग को समाप्त करना मुख्य उद्देश्य

समाज से कुष्ठ को समाप्त करना मुख्य उद्देश्य चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक ने बताया कि पिछले 35 सालों से मोहनलालगंज के लेप्रोसी सेंटर में सप्ताह में दो बार आकर त्वचा से जुड़े रोगियों को देखकर निःशुल्क दवाएं देकर इलाज करते है।जिसका मुख्य उद्देश्य है इन्हीं के बीच कुष्ठ रोगी छिपे होते है जिनकी पहचान करके उनकी जांच और इलाज पूर्णतः निःशुल्क बीमारी रहने तक का बीड़ा उठाया है।

बीकेटी में अनियंत्रित ट्रक दुकानों में घुसा,आधा दर्जन दुकानें क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना अंर्तगत लखनऊ सीतापुर हाइवे पर स्थित कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने एक तेज़ रफ़्तार सामान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे स्थित दुकानों में जा घुसा,जिसमे लगभग आधा दर्जन दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें दुकान मालिकों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया।मामला तड़के सुबह का बताया जा रहा है।हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की तड़के सुबह करीब चार बजे बीकेटी रेलवे स्टेशन के सामने सीतापुर रोड़ पर एक ट्रक संदिग्ध कारणों से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकानों में जा घुसा जिसमें संजय मौर्या,राजकुमार,प्रेम मौर्या,सोनपाल, अनिल कश्यप,मंगल मौर्या की दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई तथा अंदर रखा सामान नष्ट हो गया जिसमें दुकानदारों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया वही घटना की सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक ने दुकानदारों से बात कर उनके नुकसान की भरपाई कर आपस में सुलह समझौता कर लिया।

डीसीपी पश्चिम की व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।अमीनाबाद बाजार, लखनऊ में व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बाजार की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गयाःई-रिक्शा वालों द्वारा कमीशनखोरी और चोरीः मोहन मार्केट क्षेत्र में रात के समय ई-रिक्शा वालों द्वारा चोरी और अनुचित व्यवहार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस को नियमित गश्त और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।अतिक्रमण की समस्याः बैरीकेडिंग के पास आइसक्रीम ठेलों और अन्य अस्थायी दुकानों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। नगर निगम से अतिक्रमण हटाने और नियमित निगरानी की मांग की गई है।महिलाओं की असुविधाः दुकानों तक पहुंचने में महिलाओं को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए बाजार में व्यवस्था सुधारने और सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा गया।

अवैध कब्जा और लोडिंग–

अनलोडिंगः झंडेवाला पार्क के निकट पटरी दुकानों द्वारा अवैध कब्जे को हटाने और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए निर्धारित समय और स्थान लागू करने का निर्णय लिया गया।

पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्थाः

दुकानदारों द्वारा सड़क पर खड़ी गाड़ियों और बाहर रखे सामान से उत्पन्न समस्याओं के लिए पार्किंग नियमों को कड़ाई से लागू करने और मौके पर निरीक्षण का निर्देश दिया गया। बाजार में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज करने का आश्वासन दिया गया।बैठक में व्यापार मंडल के व्यापारियों ने प्रशासन के साथ मिलकर इन समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। स्थानीय पुलिस, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें। नागरिकों और व्यापारियों के सहयोग से अमीनाबाद बाजार को व्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट में चार घायल गर्भवती महिला की हालत बिगड़ी

नगराम , लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया खुर्द मजरा देवती गांव में बुधवार की रात पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची गर्भवती महिला को भी नहीं बख्शा गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़ित रामसागर पुत्र स्व.नौहरी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की रात करीब आठ बजे गांव के ही रोशनलाल पुत्र स्व. नन्हे, अजहर, मनी और विजयशंकर उपाध्याय सहित अन्य लोग घर के बाहर पानी निकालने को लेकर विवाद करने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया।हमले में रामसागर, उनके पुत्र अमित, पत्नी श्रीमती और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान बहू जो गर्भवती है, उसे भी धक्का-मुक्की की गई, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही में जुटी हुई है।

मोहिनीपुरवा में चला बिजली विभाग का कॉम्बिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियन्ता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एवं अधीक्षण अभियन्ता रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा गठित टीम द्वारा हाई लॉस फीडर मोहिनीपुरवा में कॉम्बिंग अभियन्ता चलाया गया। अभियान के दौरान बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ता एवं अराजक तत्वों में हडकम्प एवं अफरा तफरी मची रही। कई लोग अपना घर बन्द करके भाग गये। अभियान के दौरान कुल 65 कनेक्शन की जांच की गयी तथा 15 उपभोक्ताओं का आर्मड केबिल लगाकर मीटर बाहर किया गया तथा आर्मड केबिल को बाहर पोल से जोड़ा गया तथा जो बिजली चोरी करते पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की गई तथा अधिक भार पाये जाने पर 10 उपभोक्ताओं का 25 किलोवाट तक भार वृद्धि की कार्यवाही की गयी तथा मौके पर स्थापित परिवर्तक का भार बैलेन्स कराने के साथ-साथ अर्थिग की जांच कर त्रुटियों को ठीक कराया गया। टीम में अधिशासी अभियन्ता वि.न.परी.ख, ई. डी.सी. जयन्त, सहायक अभियन्ता परी.ख, कमलेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी, भरत सिंह व अवर अभियन्ता, अशोक कुमार एवं अवर अभियन्ता, शरद कुमार व लाईन स्टाफ मौजूद रहे। जिससे कि उपभोक्ताओं को गर्मी में ट्रिपिंग विहीन विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सके।

अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

लखनऊ। मंडला आयुक्त एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेशों को लेकर नगर निगम जोन 7 के ग्राम नौबास्ता कला तसील सदर एव जोन 4 के बाघामऊ में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर अभियान चलाया गया । अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के द्वारा गठित टीम के नेतृत्व नायब तहसीलदार नीरज कटियार एव नगर निगम के लेखपल राकेश यादव लालू प्रसाद आलोक यादव, सुभाष कौशल विनोद वर्मा एव क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर बड़ी कार्यवाही की गई। जेसीबी के माध्यम ग्राम बाघामऊ खसरा संखसंख 178 क्षेत्रफल 0,094हे0 एव नौबास्ता कला खसरा संख्या 577 व 596,641,599,की नगर निगम में निहित भूमि दर्ज है ।इस भूमि प्रॉपर्टी डीलर कब्जा करके अच्छे रैटों में बेच रहे थे।इस भूमि को नगर निगम द्वारा अवैध कब्जे मुक्त कराया गया ।नगर निगम के नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने कहा कि लोगों द्वारा कब्जा करके बाउंड्री कराई गई थी, जिसको जेसीबी के द्वारा गिरा दिया गया । इस कार्य में कुछ लोगों द्वारा बाधा पहुंचाई गई फिरभी शांतिपूर्ण तरीके से जमीन खाली कराई गई।इस जमीन की कीमत लगभग 15 करोड़ के आसपास मानी जा रही है।

ढाबे पर खाने की शिकायत की तो ढाबा संचालक ने कर्मचारियों संग किया जानलेवा हमला, सिर फोड़ा,मारपीट कर किया लहूलुहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के शहीद पथ के पास स्थित फौजी ढाबा में दोस्तों संग खाना खाने गए तीन लोगों को ढाबा संचालक और उसके कर्मचारियों ने जानलेवा हमलाकर कर सिर फोड़ दिया, दांत तोड़ डाले,पीड़ितों की गलती सिर्फ इतनी थी उन्होंने खाना ठीक नहीं होने की शिकायत कर दी,किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ितों रात में भी सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। शारदा प्रताप सिंह यादव -570/190 च/1 गोपालपुरी, आलमबाग, लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने अन्य दो मित्रों के साथ रात्रि लगभग 2.00 बजे फौजी ढाबा निकट शहीद पथ लखनऊ में खाना खाने गए थे। वहां जाकर दाल रोटी चावल का आर्डर दिया था।

पीड़ित का कहना था कि ढाबे पर रोटी बासी एवं परथन लगी थी, तो वेटर से रोटी को चेंज करने के लिये कहा। बेटर द्वारा रोटी न चेंज कर जबरजस्ती पैसे देने के लिये

सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के फौजी ढाबा, शहीद पथ के पास की घटना, मुकदमा दर्ज

कहा, पीड़ित ने विरोध किया तो बेटर ने गाली गलौज शुरू कर दी, संचालक के उकसाने पर लगभग 15 वेटर और अन्य कर्मचारियों ने लाठी डंडो से मारने लगे,प्रार्थी के अन्य दो मित्रो ने बीच बचाव किया तो उनको भी मारने लगे। जिससे शारदा प्रताप सिंह यादव को गंभीर चोटे आयी,सिर फट गया,उसी दौरान गले पहनी सोने की चेन गिर गई, पीड़ित का कहना था कि उसे ढाबे के अंदर बंद कर जान से मारने की कोशिश की गई।किसी तरह जान बचाकर अपने मित्रों के साथ कार से रात में लगभग 3.00 बजे सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

वहीं आरोप है इस ढाबे पर अक्सर ग्राहकों संग अभद्रता की शिकायत रहती है।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र से जब जानकारी चाही तो उनका मोबाइल फोन नेट वर्क में नहीं बताता रहा।

ओएलएक्स पर स्कूटी खरीदने के नाम पर महिला सिपाही से साइबर ठगी, एक लाख छत्तीस हजार रुपये हड़पे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के विदौआ में स्थित सशस्त्र सीमा बल की महिला जवान के साथ ओएलएक्स पर स्कूटी खरीदने के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले की मूल निवासी और वर्तमान में लखनऊ की चतुर्थी वाहिनी, बिंदौवा, मोहनलालगंज में तैनात महिला जवान सुनीता ने ठगों द्वारा एक लाख छत्तीस हजार रुपये की ठगी किए जाने की शिकायत की है। पुलिस से मिली के अनुसार, घटना बीते 28 अप्रैल की है। महिला जवान ने ओएलएक्स वेबसाइट पर एक दोपहिया वाहन एक्टिवा की बिक्री का विज्ञापन देखा। जब उन्होंने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो अज्ञात व्यक्ति ने खुद को विश्वसनीय दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेज और एक नकली आईडी कार्ड भेजा। विश्वास में लेकर आरोपी ने पहले 1,950 रुपये एडवांस मांगे, जिसे पीड़िता ने फोन-पे के माध्यम से भेज दिया।इसके बाद ठग ने अमेज़न पे वॉलेट के जरिए 10,000 रुपये और फिर किस्तों में कुल 1,25,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इस प्रकार कुल 1,36,950 रुपये की ठगी की गई।महिला जवान को स्कूटी आज तक नहीं मिली और ठग का नंबर भी अब बंद आ रहा है। जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने तत्काल साइबर सेल हजरतगंज, लखनऊ में शिकायत दर्ज कराई है। वही मोहनलालगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है और ठग की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्क रहें

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन खरीदारी करते समय सतर्क रहें, किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे भेजने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल कर लें। फर्जी दस्तावेजों और लालच में आकर कोई भी लेन-देन करने से बचें।

नंदौली ग्राम में सैय्यद शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्फ बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहा क्षेत्र के नन्दौली ग्राम पंचायत में स्थित सैय्यद शाह रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैय्यद शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जहां पर इस बार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने पहले मजार पर चादर चढ़ाई और उसके बाद उन्होंने कहा कि हम हर तरीके से इसकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे और अगर हमारे लायक कोई जरूरत हो तो निसंकोच बताइए उसका तुरंत ही हल किया जाएगा और अगर कोई चीज की समस्या हो तो हम सदा मजार के लिए खड़े रहेंगे। इन्हीं सब बातों को सुनकर गांव वालों ने सपा विधायक का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मौजूद मजार के मुजावर फत्ते बाबा ने भी सपा विधायक का तहे दिल से आभार जताया। वही इस बार मजार के मुजावर फत्ते बाबा ने बताया कि यह उर्फ हर 16 मई को कई वर्षों से लगता चल रहा है। लेकिन इस बार उर्स में कई दुकानें भी आई हैं और बच्चों के लिए झूले भी लगे हुए हैं। और इस बार मेला कमेटी की तरफ से कव्वाल की भी व्यवस्था की गई है और सभी दुकानदारों को लाइट की व्यवस्था मुक्त दी जा रही है और आए हुए सभी लोगों को लंगर की भी व्यवस्था की गई है और यह व्यवस्था हर साल चलती रहेगी। इस मौके पर प्रधान पति आईपी सिंह, सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, असफान खान, इसरार खान, रज्जाक खान, मकबूल खान, मोहम्मद आरिफ खान, फत्ते बाबा, हरी शंकर, राजेश कुमार, मेराज खान, असगर अली, आदि लोग इस मौके पर मौजूद रहे।

अप्ट्रॉन दिविज़न में 5 लोग बिजली चोरी करते धरे गए

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के तालकटोरा मंडल के अंतर्गत अप्ट्रॉन दिविज़न में विभागीय टीम के द्वारा हाई लॉस फीडर पर मॉर्निंग रैड की गई। अभियान के दौरान कुल 5 व्यक्ति बिजली चोरी करते पाए गए इनके द्वारा 7 किलोवाट तक भार की चोरी की जा रही थी। मॉर्निंग रेड टीम में एसडीओअखिलेश यादव, जेई राजेश कुमार, दीपक कुमार, आदि टीम उपस्थित रहे।

चोरी की वारदात का खुलासा, पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुदर्शन कुमार निवासी बिहार हाल पता कल्ली, थाना पीजीआई, लखनऊ द्वारा निगोहां थाने में एक तहरीर दी गई थी, जिसमें बताया गया था निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर स्थित पानी की टंकी से दो सोलर बैटरी एवं एक इन्वर्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। जिसमें सुसंगत धाराओं में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस टीम सक्रिय हुई। उ0नि0 चन्दन कुमार यादव व आनन्द प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने छानबीन करते हुए शुक्रवार को चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए अभियुक्तों के नाम इस प्रकार हैं। अरदीप कुमार यादव पुत्र राधेलाल, निवासी ग्राम बाछूपुर, थाना बछरांवा, रायबरेली दूसरा अलंकेश वर्मा पुत्र पंकज कुमार, निवासी दुंदूगढ़, थाना शिवगढ़, रायबरेलीतीसरे राजमोहन वर्मा पुत्र कुंवर सिंह, निवासी दुंदूगढ़, थाना शिवगढ़, रायबरेली चौथे दीप प्रकाश चौधरी पुत्र सतीश चंद्र, निवासी पंडोरी, थाना शिवगढ़, रायबरेली को पुलिस ने चोरी किए गए मॉल के साथ गिरफ्तार करते हुए सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

संगत की दुकानों को लेकर दो पक्षों में विवाद , एक साधु की मौत

कमाल सराय संगत के प्रबंधक महंत बजरंगमुनि की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया पांच गिरफ्तार किए गए

कैनविज टाइम्स संवाददात

खैराबाद, सीतापुर । नगर क्षेत्र के मोहल्ला महेंद्री टोला में स्थित अति प्राचीन माई बाबा संगत में किराए की दुकान लेकर अपना जीवन यापन कर रहे दुकानदारों तथा कमाल सराय उदासीन आश्रम के मध्य किराएदारी को लेकर विगत कई माह से विवाद चल रहा था जिसमें कुछ समाजसेवियों के द्वारा मध्यस्थता करके दुकानदारों को समझा दिया गया था लेकिन किराए के दुकानदारों को संतुष्टि ना मिलने पर वह न्यायालय की शरण में चले गए थे जिससे की संगत तथा दुकानदारों के मध्य स्थिति तनावपूर्ण थी तथा संगत के द्वारा दुकानदारों से मुकदमा वापस लेकर पुनः वार्ता की बात की जा रही थी।

दुकानदार अपनी मांगों को लेकर अड़े थे कि एक बार किराएदारी फाइनल हो जाए तथा बार-बार परेशान ना होना पड़े इसी को लेकर विगत कई सप्ताह से स्थिति काफी तनावपूर्ण थी बीती 14 मई को दोपहर 2:30 बजे दुकानदारों तथा संतों के मध्य कहा सुनी तथा मारपीट की स्थिति उस समय उत्पन्न हो गई जबकि महंत बजरंगमुनि की तहरीर के अनुसार साधु संत संगत में विश्राम कर रहे थे। जबकि दुकानदारों का आरोप है कि साधु संतों ने पहले आकर उन पर हमला किया। दोनो? पक्षो मे ?हुई हाथापाई के दौरान संतों में बुजुर्ग संत शुक्ला बाबा पुत्र श्रीपाल निवासी अकबरपुर कला थाना कोतवाली देहात भी संतों के साथ आए थे उन्हें काफी चोट लग गई तथि उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां से उन्हें हालात सीरियस देखकर लखनऊ रेफर किया गया देर रात 2:00 बजे शुक्ला बाबा की लखनऊ में मृत्यु हो गई इस संबंध में कमल सारी संगत उदासीन आश्रम के प्रबंधक महंत बजरंगमुनि के द्वारा थाना खैराबाद में तहरीर दी गई थी तथा किराए के दुकानदारों तथा कुछ महिलाओं को तहसील देखकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की गई थी। थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि महंत बजरंगमुनि की तस्वीर के आधार पर तेरह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी थाने में दर्ज की गई है जिनमें पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है दिवंगत शुक्ला बाबा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निजी चिकित्सीय इकाइयों पर औचक निरीक्षण,मानकों की अनदेखी पर चेतावनी और नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद सीतापुर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय निरीक्षण दल द्वारा आज दिनांक 16 मई 2025 को विकासखंड हरगांव में संचालित पंजीकृत निजी चिकित्सीय इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण/नवीनीकरण की प्रक्रिया तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम पब्लिक हॉस्पिटल, हरगांव का निरीक्षण किया गया। यहाँ पर एम.बी.बी.एस. चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति पाई गई, परंतु साफ- सफाई तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की स्थिति मानकों के अनुरूप नहीं मिली। संबंधित संस्था को आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

इसके उपरांत हरगांव पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया गया, जहाँ अधिकृत चिकित्सक अनुपस्थित मिले। एक प्रसूता महिला भर्ती पाई गई, जिसका ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया गया था। बी.एच.टी. की स्थिति अत्यंत अपूर्ण एवं लापरवाहीपूर्ण पाई गई, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मेडिसिन हॉस्पिटल, हरगांव के निरीक्षण में न तो चिकित्सक और न ही कोई पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित पाया गया। अस्पताल संचालन पूर्णतया मानकों से विपरीत पाया गया, जिस पर तत्काल प्रभाव से संबंधित प्रभारी को नोटिस निर्गत करने के निर्देश जारी किए गए। ग्लेक्सी हॉस्पिटल, हरगांव निरीक्षण के समय बंद पाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में संचालित सभी निजी चिकित्सीय संस्थानों को निर्धारित मापदंडों, नियमों एवं अधिनियमों का पूर्णतरू अनुपालन करना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, मानक विरुद्ध कार्य अथवा जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे संस्थानों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की औचक कार्रवाई जारी रहेगी और आवश्यकतानुसार कठोर प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई जनमानस को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानवीय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अवनी शुक्ला ने बढ़ाया जिले का मान

सीतापुर। केन्द्रीय विद्यालय मे पढ़ने वाली छात्रा अवनी शुक्ला ने इंटर मे 90.88 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है।शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी स्व अशोक कुमार शुक्ला जो कि राजा रघुबर दयाल इण्टर कॉलेज में गणित विषय के अध्यापक थे उनकी पौत्री अवनी शुक्ला खेलो इंडिया वूमेन लीज स्टेट में सिल्वर नेशनल में एक बार मेडल तथा रीजनल लेवल पर चैंपियन शिप में तीन बार गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है।वही सीतापुर जिला चैंपियन शिप में 100 मीटर में गोल्ड मेडल व युवा कल्याण एवं शिक्षा विभाग से तीन बार गोल्ड मेडल के साथ सर्व श्रेष्ठ धाविका पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी है।

सदरावां गाँव महमूदाबाद की उमैमा बानो ने जामिया यूनिवर्सिटी में नाम किया रोशन

सीतापुर । सीतापुर के विकास खण्ड पहला इलाके में स्थित गाँव सदरावां सीतापुर निवासी उमैमा बानो पुत्री कमाल अहमद ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली की हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं परिवार का गौरव बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार उमैमा बानो पुत्री कमाल अहमद ब्लाक पहला के ग्राम सदरावां जिला सीतापुर ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर परिवार एवं जनपद का नाम किया रोशन। हिन्दी 97, अँग्रेजी 98, गणित 99, विज्ञान 93, सामाजिक विषय 95, ईस्लामीयत 97,इलेमेंटरी उर्दू 96 प्रतिशत उच्चतम अंक हासिल किया है। बताया यह भी जाता है कि उमैमा बानो के पिता हाजी मो शाद पब्लिक इंटर कॉलेज खिंझना बाराबंकी में प्रधानाचार्य है। प्रधानाचार्य की बेटी ने अच्छी पढ़ाई कर उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय समेत अपने परिजनों का गौरव बढ़ाया है। परिवार ने बताया कि कल परीक्षाफल घोषित हुआ जिसके बाद जब मेरिट लिस्ट मे 96.4अंक मिले तो मेरे परिवार मे खुशी का माहौल हो गया जिससे गाँव के लोग, सहपाठी, गुरुजनों एवं हमारे सुभचिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।और वही जब उमैमा बानो के पिता कमाल अहमद जी से बात की तो उन्होंने बताया उमैमा बानो ने जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में हाइस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 96.4 % अंक प्राप्त करते हुए टॉप 10 में जगह बनाई . बिटिया ने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 8 तक की महमूदाबाद स्थित न्यू विजन पब्लिक इंटर कालेज से की , तत्पश्चात जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के एंट्रेंस परीक्षा में ऑल ओवर 45वी रैंक के साथ एडमिशन लिया। जहां पूरी मेहनत और लगन से अध्ययन करने के फल स्वरूप बिटिया ने इतने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

गोला पुलिस ने 40 लीटर अवैध शराब की बरामद, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन व प्र0नि0 गोला के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना गोला पुलिस टीम द्वारा 04 नफर अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र सत्यपाल निवी ग्राम कोंधवा थाना गोला जिला खीरी को बहृद ग्राम कोंधवा से को 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ साजन पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम कोंधवा थाना गोला जिला खीरी को मिल रोड से कोधवा जाने वाला मार्ग क्रासिंग के आगे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ शिवम पुत्र राम चन्द्र नि0 जहानपुर थाना गोला जिला खीरी को बहृद ग्राम जहानपुर से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ रामशंकर पुत्र मौजीराम उम्र करीब 20 बर्ष निवासी ग्राम जहानपुर थाना गोला जिला खीरी को बहृद ग्राम जहानपुर से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ कुल 40 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

खीरी के हुनर को मिलेगा नया नाम

लखीमपुर खीरी । जनपद लखीमपुर खीरी में स्वयं सहायता समूहो द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को अब एक डेडीकेटेड नाम और ब्रांड पहचान मिलने जा रही है। इस पहल की अगुवाई कर रहे सीडीओ अभिषेक कुमार, जिन्होंने समूहों के उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।*23442 सक्रिय समूह, 50 से अधिक उत्पाद*जनपद में इस समय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 23,442 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जो करीब 50 प्रकार के स्थानीय उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। जैसे हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद और परिधान आदि। इन उत्पादों को एक साझा पहचान देने और उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर प्रमोट करने के उद्देश्य से यह अभिनव प्रयास किया जा रहा है।

दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

दिव्यांगजनों को वितरित किए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर में आयोजित दो दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर जिला प्रशासन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सीतापुर के सहयोग से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट), राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि जनपद सीतापुर में निवासरत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि दिव्यांगजनों को बेहतर जीवन हेतु अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएं, इसके लिए दिव्यांगजनों के हितार्थ अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने शिविर के आयोजन हेतु श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट), राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के प्रतिनिधियों सहित समस्त सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की सराहना भी की। जिलाधिकारी ने सभी से अपेक्षा की कि इस पुनीत कार्य के सफल संचालन हेतु सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले सभी दिव्यांगों का विवरण भी सूचीबद्ध किया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा सके इस अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (जयपुर फुट) के प्रतिनिधि डॉ. पुरुषोत्तम ने शिविर के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे दिव्यांगजन, जिनके हाथ अथवा पैर कटे हुए हैं, उन्हें निःशुल्क कृत्रिम अंग (हाथ/पैर) तथा अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने समस्त संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों से अपेक्षा की है कि अधिकाधिक पात्र दिव्यांगजनों को इस सुविधा का लाभ प्राप्त कराने में सहयोग कर मानवीय प्रयास को सफल बनाने में सहभागी बनें।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजकुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गौसेवा करने से मिलता पुण्यः सुनील राजवंशी

सीतापुर(खैराबाद)। भारतीय गौसेवा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी के नेतृत्व में विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में संचालित हो रही गौशाला में जाकर गौसेवा की गई, सुनील राजवंशी ने बताया कि गौसेवा करने से सभी को पुण्य प्राप्त होता है सभी को गौसेवा करनी चाहिए, मेरे संगठन के द्वारा समय समय पर जनपद की गौशालाओ में जाकर गौ माता की सेवा की जाती है व गौशालाओ में फैली अव्यवस्थाओ का भी निरीक्षण किया जाता है यदि कोई कमी पाई जाती है तो सम्बन्धितों से बात चीत कर उनको दूर करने का भी प्रयास किया जाता रहता है, हालांकि पहाड़पुर गौशाला मुझे व मेरे कार्यकर्ताओ को कई बार गौ माता की सेवा करने अवसर प्राप्त हुआ है ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा गौशाला में गौवंशो का विशेष ध्यान रखा जाता है हरे चारे से लेकर अन्य मूलभूत सुविधाए भी गौवंशो को मिल रही है।

और खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा भी विकास खण्ड की समस्त गौशालाओ को लेकर सचिवो को विशेष दिशा निर्देश दिए जाते रहते है व निरीक्षण भी करते रहते है जिसके चलते ही यह सम्भव हो पाया है। मौके पर मौजूद बीडीओ प्रतीक यादव के बताया की भारतीय गौसेवा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी के द्वारा गौशाला निरीक्षण के दौरान मुझसे आग्रह किया कि हम भी उनके साथ गौशाला चले तत्पश्चात मैं और ग्राम पंचायत सचिव ने उनके संगठन के साथ कर गौभोज कराया व इसके द्वारा निरीक्षण के दौरान कभी भी कोई कमी पाई जाती है तो सम्बन्धितों को दिशा निर्देश देकर उसको सही कराने का काम किया जाता है। इस मौके पर सुनील राजवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय गौसेवा परिषद, खण्ड विकास अधिकारी प्रतीक सिँह, प्रदेश सचिव शैलेन्द्र राज, इक्र एग्रीकल्चर, मंडल महासचिव नरेंद्र राजवंशी, शिवाकांत गौतम ब्लाक अध्यक्ष, पंचायत सचिव नेहा सिंह,ग्राम प्रधानपहाड़पुर उमेश कुमार, राकेश कुमार, कृपाल सिंह, नितिन कुमार आदि भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे

नियमित जांच से बचा जा सकता है आँखों के कैंसर से: डॉ. आकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, मोहम्मदी व साइटसेवर्स के संयुक्त तत्वावधान में रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले आँखों के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा के प्रति लोगों को जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान डॉ. आकाश ने बताया कि यह बीमारी आमतौर पर जन्म से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों में होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में ल्यूकोकोरिया (पुतली में सफ़ेद चमक) शामिल है, जिसे फ्लैश वाली फोटो में आसानी से पहचाना जा सकता है। समय पर जांच और इलाज से इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है।कार्यक्रम में चित्रों और संवाद के माध्यम से बीमारी और इसके उपचार के तरीकों की जानकारी दी गई। विपिन पांडेय ने नियमित नेत्र जांच की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। संस्था की क्वालिटी विशेषज्ञ और हिना शाह ने बताया कि रेटिनोब्लास्टोमा से ग्रसित बच्चों के लिए

किसके संरक्षण में फल फूल रहे अवैध क्लीनिक व अस्पताल

खैराबाद चुंगी , गुरपालिया , रहीमाबाद , गौरिया सेंटर , अक्किलपुर , कालूपुर , सडिला चौराहा , आदिलपुर चौराहा , मिर्ज़ापुर , मछरेहटा चौराहों पर संचालित हो रहे अवैध हॉस्पिटल क्या जिम्मेदारो की नही पड़ती नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । खैराबाद - मछरेहटा क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल संचालित हो रहे है । चलाने वाले झोलाछाप डाक्टरों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग कोई भी कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल संचालित करने वाले झोलाछाप डाक्टर गरीब मरीजों का आर्थिक दोहन कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित इन अस्पतालों व क्लीनिकों में झोलाछाप डॉक्टरो द्वारा मरीजो की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। खैराबाद से मछरेहटा रोड पर दर्जनों की तादात में झोलाछाप डॉक्टर व अवैध क्लीनिक और अस्पताल खोलकर धड़ल्ले से दवा , इलाज कर रहे हैं। क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अपने झांसे में फंसाकर बिना किसी डिग्री के उनका इलाज करते हैं। क्षेत्र के खैराबाद चुंगी , गुरपालिया , रहीमाबाद , गौरिया सेंटर , अक्किलपुर , कालूपुर , सडिला चौराहा , आदिलपुर चौराहा , मिर्ज़ापुर , मछरेहटा आदि चौराहों पर अवैध रूप से अस्पताल और क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हैं। झोलाछाप डाक्टरों में इस बात का भी डर नही होता है कि उनके गलत इलाज से मरीज की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है लेकिन वह मरीजों का आपरेशन करने से भी नही चूकते हैं।

क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालक भी मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिक खोलकर बेखौफ होकर मरीजों का उपचार करते हैं।क्षेत्र के अधिकतर मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हैं। बिना किसी चिकित्सा डिग्री व वगेट रजिस्ट्रेशन के मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे झोलाछापों के विरुद्ध क्षेत्रीय लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि क्या कोई भी कार्यवाही की जाती या ऐसे मरीजो के साथ खिलवाड़ की जाती रहेगी ।

ऊर्ज़ा सुधारों के मद्देनज़र विद्युत आपूर्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कलेक्ट्रेट में अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ऊर्ज़ा क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों और संभावित आंदोलनों के मद्देनज़र विद्युत आपूर्ति और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में एक अहम बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता एडीएम (न्यायिक)अनिल कुमार रस्तोगी ने की, जबकि संचालन अपर उप जिलाधिकारी अमिता यादव ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी ने कहा कि ऊर्ज़ा विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी अपने कार्यक्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं उपकरणों की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। उन्होंने किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या आपूर्ति बाधित करने के प्रयासों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया और आगामी संभावित कार्य बहिष्कार, आंदोलन एवं अन्य विषम परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में तय किया गया कि अस्पताल, न्यायालय, मेडिकल कॉलेज व कलेक्ट्रेट जैसे अतिसंवेदनशील स्थानों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु कार्य योजना बने और वैकल्पिक ऊर्ज़ा स्रोत सुनिश्चित किए जाएं। पूर्व हड़तालों में अराजकता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर निगरानी में लेने, तथा आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्किल डेवलपमेंट से प्रशिक्षित युवाओं, संविदा कार्मिकों व सेवानिवृत्त कर्मियों को चिन्हित कर तैनाती की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया। साथ ही, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और निर्माण निगमों में तैनात विद्युत कर्मचारियों को सबस्टेशनों पर तैनात करने, संवेदनशील विद्युत सबस्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा एलटी/एचटी लाइनों के अनुरक्षण हेतु एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को आपसी तालमेल से त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है। अधीक्षण अभियंता विद्युत धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी विद्युत शैलेन्द्र कुमार, अमित कुमार, रवींद्र कुमार, निशांत ज्योति, एसडीओ गोला वीवी पवन कुमार मौजूद रहे।

दिल्ली से देश तक गूंजा 'मिशन मैदान खीरी मॉडल बना प्रेरणा की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को देश की राजधानी दिल्ली के ऋएइट, पूसा रोड स्थित सभागार में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा अधिकारियों के उच्चस्तरीय सम्मेलन में लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जब 'मिशन मैदान मॉडल' को पेश किया, तो पूरे सभागार में तालियों की गूंज और सम्मान की सराहना सुनाई दी।यह मंच था शिक्षा में नवाचार, समग्र दृष्टिकोण और बच्चों के समर्पित भविष्य की योजनाओं का, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (गक्ब), पीएम-श्री स्कूल और समग्र शिक्षा के साथ 'मिशन मैदान' जैसे मॉडल ने शिक्षा को एक नया आयाम देने का काम किया। बैठक का आयोजन शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (ट्टक्ष्ख्र) द्वारा किया गया।*राष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान*इस कार्यक्रम में देश भर से आए शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिशन मैदान मॉडल के आंकड़े, कहानियां और ज़मीनी बदलाव प्रस्तुत किए, तो यह स्पष्ट हो गया कि यह एक ग्राम्य क्षेत्र की योजना नहीं, बल्कि एक राष्ट्र स्तरीय प्रेरणा है। डीएम ने जिस आत्मविश्वास और तथ्यात्मक प्रस्तुति के साथ खीरी मॉडल को प्रस्तुत किया, उसने सभी को प्रभावित किया।डीएम ने कहा कि हमारे बच्चे सिर्फ किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि मैदान में उतरें, खेलें, सीखें और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करें। यही है

मिशन मैदान का मकसद।बताते चलें कि केंद्र सरकार इस मॉडल को अन्य राज्यों में भी अपनाने पर विचार कर रही है, ताकि हर बच्चे को खेलने और सीखने का समान अवसर मिल सके। लखीमपुर खीरी की यह सफलता साबित करती है कि एक जिले की पहल भी पूरे देश को दिशा दे सकती है। बस ज़रूरत होती है सही नेतृत्व, नवाचार और संकल्प की। *क्या है 'मिशन मैदान'?*'मिशन मैदान' सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। इसका उद्देश्य न केवल स्कूल परिसरों में खेल मैदानों का निर्माण करना है, बल्कि एक ऐसी खेल-संस्कृति को बढ़ावा देना है, जिसमें शिक्षा और खेलों को समान महत्व दिया जाए। यह मिशन बच्चों में खेल के अधिकार को सुनिश्चित करता है और उन्हें संतुलित विकास के अवसर प्रदान करता है।*जहां बच्चे फिर से दौड़े, खेलें और सपने देखें*लखीमपुर खीरी के स्कूलों में वर्षों से सूने पड़े मैदानों को जब जीवन मिला, तो वहां बच्चों की हंसी लौट आई। जिन स्कूलों में स्थान का अभाव था, वहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए गए। इस मिशन ने सिर्फ ज़मीन नहीं बदली, ज़िंदगियाँ बदलीं। बच्चों को किताबों के बोझ से कुछ पल की राहत मिली, और शरीर के साथ-साथ आत्मा भी खिल उठी।

सेना के सम्मान मे पड़रौना मे निकाली गई तिरंगा यात्रा भारत माता की जयघोष से गूंजायमान हुआ नगर

ऑपरेशन सिंदूर भारत की शौर्य गाथा का प्रतीक : ए.के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सूबे के नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के अगुवाई में भारतीय सेना के शौर्य, देश के वीर जवानों के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली गई.।पडरौना नगर के गायत्री मंदिर से तिलक चौक तक ' भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' ' के दौरान स्कूली बच्चों व नगरवासियों के हाथों में लहराते तिरंगे,गूंजते देशभक्ति नारे, पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंगने को मजबूर करने वाली रही।

आपरेशन सिंदूर की सफलता में सेना के शौर्य, पराक्रम, बलिदान और समर्पण को नमन करने के लिए निकाली गई तिरंगा यात्रा में भारत माता की जयघोष से पूरा नगर गूंजायमान रहा। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सूझबूझ, भारतीय सेना के समन्वय एवं आतंकवादियों के खिलाफ वैश्विक संदेश देने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत की शौर्य गाथा का प्रतीक बन गया है।

पहलगाम आतंकी हमले का आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने तथा सबक सिखाने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अप्रतिम शौर्य, वीरता व पराक्रम का प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते है और दुश्मन देश भारत की सरहदों पर आतंकवादियों को भेजकर हमारे नागरिकों पर जुल्म करता है, नृशंस हत्याएं करवाता है, आतंकवाद फैलाता है। इसलिए उन्हें पापीस्तान कहना चाहिए। उन्होंने पाठ पढ़ाने और सबक सिखाने के लिए देश के सभी नागरिकों, युवाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया।

पुस्तकालय का किया निरीक्षण

मंत्री एके शर्मा ने नगर पालिका परिषद पडरौना में बनाई गई निशुल्क लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए कहा कि हमारा नेतृत्व देश के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों के सपनों को साकार कर रहा है। यहां बच्चों के भविष्य को संवारा जा रहा है। मंत्री ने तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल पडरौना, कुशीनगर एवं पूर्वांचल के नागरिकों, युवाओं व मातृशक्ति का अभिवादन करते हुए धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा में विधायक गण, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जयसवाल, दुर्गेश राय जिला अध्यक्ष, पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

धर्म की स्थापना करने के लिए प्रकट होते हैं भगवान: योगेंद्र कृष्ण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। पृथ्वी पर अनाचार, पापाचार बढ़ने पर भगवान का प्राकट्य होता हैं। पाप का घड़ा भरने पर करनी का फल अवश्य भुगतना पड़ता है। मथुरा में कंस के अत्यधिक अत्याचारों से जीव मात्र कांप उठता हैं। बहन देवकी का श्री वसुदेव जी के साथ विवाह हो जाता हैं। कंस अपनी बहन को छोड़ने ससुराल जा रहा था। तभी आकाशवाणी होती हैं कंस इस देवकी की आठवीं संतान तेरा काल बनेगी। आकाशवाणी सुनकर कंस ने बहन बहनोई को बंदी बनाकर कारागार में डाल देता है। यह विचार क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह मजरे कण्ड़ौरा गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस श्रीधाम वृंदावन से आये प्रख्यात कथा व्यास योगेंद्र कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कंस अपने लिए काल बने देवकी के 6 लाल को धीरे-धीरे मौत के घाट उतार देता है। वह अपने आप में बड़ा हो खुश हैं। होनी को कोई नहीं टाल सकता हैं। कंस ने सोचा जब देवकी का आठवां लाल ही मेरी मौत बनेगा तो सात पुत्रों का वध क्यों किया जाए। तभी देवर्षि नारद जी प्रकट हो जाते हैं। देवकी के छह पुत्रों की मौत के बाद ही कंस के पाप का घड़ा भरने वाला था। नारद जी कंस की मति को फ़ेर देते हैं। 7 वे पुत्र बलराम और 8 वें पुत्र के रूप में मथुरा की जेल में भगवान श्री कृष्ण का अवतार हुआ। व्यास शास्त्री महाराज ने भगवान श्री राम जन्म, कृष्ण लीला, गोचारण लीला, गाय, यमुना की महिमा, कालिया नाग का मर्दन, गिरिराज पर्वत की मनोहारी कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा के दौरान श्री कृष्ण, नंद बाबा, यशोदा मैया और वसुदेव की भव्य झांकी निकाली गयीं। झांकियां ने श्रोताओं के मन मानस को श्रद्धा भक्ति से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

इस अवसर पर यजमान सपत्नीक वीरेंद्र सिंह (राम जी) व विद्या सिंह, प्रशांतसह भोले, संत इंद्रदेव दास जी महाराज, रामायणी पंडित रामचंद्र मिश्र, संजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, रोली सिंह, सनाया, शिवानी सिंह, शिल्पा, राघवी, पल्लवी, विभा सिंह, सुची सुलोचना, प्रभा, आर्यन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रंजीत सिंह, रामराज सिंह, बेचे लाल पांडे, राकेश सिंह, बाबा आलोक सिंह, मुन्नू सोनी, संजय यज्ञसैनी, टोनी श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

निराश्रित महिला और दिव्यांग आवेदकों को दी जाए वरीयता : जिलाधिकारी

निर्धन पिछड़ी जाति पुत्रियों को मिलेगा पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट, आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया, वित्तीय वर्ष 2024- 25 के माह मार्च 2025 के आवेदन पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदन पत्रों की जांच-पड़ताल अच्छी प्रकार से करा ली जाए। किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न दिया जाए। पात्र लाभार्थी को शत प्रतिशत योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जरूरी दस्तावेज की सत्यता अवश्य प्रमाणित कर ली जाए। जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि नागरीय क्षेत्र के लिए 16 आवेदन और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 401 आवेदन अभी तक प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, सभी खंड विकास अधिकारी और उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

जागरुकता और सावधानी से जानलेवा होने से रोका जा सकता डेंगू बुखार : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली में एक संगोष्ठी का आ योजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा बताया गया कि डेंगू दिवस को मनाने का एक मात्र उद्देश्य डेंगू बीमारी से बचाव एवं खतरो के लक्षणों के बारे में जनसामान्य जागरूक किया जाना है। जागरुकता और सावधानी से डेंगू बुखार को जानलेवा होने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियो का संचरण काल आरंभ हो चुका है। मानसून सीजन मच्छरों के लिए अनुकूल होता हैं हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि डेंगू एक मच्छरजनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं। इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं। सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने घर करआसपास जल जमाव न होने दें। उन्होंने कहा कि डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रत्येक रविवार को ल्लहर रविवार-मच्छर के लार्वा पर प्रहार'', जैसी गतिविधियां संचालित करते हुए मच्छरों से बचाव के लिए ''क्या करें क्या न करें'' के बारे में जनसामान्य को जागरूक करने के साथ साथ मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधिया अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर संपन्न कराई जाए। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए शहरी क्षेत्रों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः नगर विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 21 मई को

कुशीनगर । मौका दीजिये अपने खून को, किसी की रगों में बहने का,ये लाजवाब तरीका है,कई जिस्मों में ज़िंदा रहने का३ !!उक्त बातें कहते हुये स्थानीय नगर पालिका परिषद में स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर आगामी 21 मई दिन बुधवार को सीएचसी के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय जनमानस से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर दूसरे का जान बचाइये। रक्तदान करने से हृदय रोग एवं रक्तचाप के खतरे कम हो जाते है। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिये डॉ चतुवेर्दी ने नगर सहित आस पास के लोगों से अपील किये की इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तथा मानवता की सेवा में योगदान दे। आप द्वारा किया गया रक्तदान कइयों की जिंदगी सुरक्षित कर सकता है।

डीआईजी जेल ने बुद्ध वंदना के बीच चढ़ाया चीवर की विश्व कल्याण की कामना

कुशीनगर। शुक्रवार कोडीआईजी जेल लखनऊ सुभाष चंद शाक्य बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंचे और भगवान बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की।जनपद में हो रहे जेल के निर्माण के निरीक्षण के लिए डीआईजी जेल सुभाष चंद शाक्य आए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को श्री शाक्य मुख्य मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन, पूजन किया और भंते डा. नन्द रतन महाथेरो, भंते अशोक, भंते पंडित, भंते यू नंदका व भिक्षुओं के धम्म पाठ के बीच पूजन अर्चन किया और चीवर चढ़ाया। यहां भंते डा. नन्द रतन ने डीजे जेल शाक्य को बुद्ध स्थली की धार्मिक और ऐतिहासिक, पुरातात्विक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. एसके कुशवाहा, विजय प्रताप खड्डा, मनीष आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालयों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने वितरित की स्मॉर्ट टीवी

रायबरेली। प्राथमिक विद्यालयों की बेहतरी के लिए सीखों, सिखाओं फाउण्डेशन और डालमिया भारत फाउण्डेशन के संयुक्त से प्रयासों से 800 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसी कड़ी में जिले के विद्यालयों में स्मॉर्ट टीवी, यूपीएस और अन्य उपकरण उपलब्ध कराएं गए हैं। जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों को डिजिटल टीवी दी गई। नव भारत उदय कार्यक्रम के तहत उपकरण उपलब्ध कराएं गए। सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई स्मॉर्ट टीवी से बच्चों को पढ़ाने में आसानी होगी। इस मौके पर दीनशाह गौरा ब्लॉक के 5, जगतपुर के 5 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को टीवी और अन्य उपकरण उपलब्ध कराएं गए।

बुद्ध पूर्णिमा मेले में युवक से बर्बरता, आंख की रोशनी जाने की आशंका

जातिसूचक शब्दों के साथ हमला, बीच बचाव करने वाला भी घायल, तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज, पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के दुमही गांव के एक युवक पर तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के भरवलिया (बरवाराजापाकड़) में सोमवार 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा मेले के दौरान लाठी-डंडा, राड और चैन से जानलेवा हमला किया गया। जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के साथ उसकी आंख पर वार कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। चिकित्सकों ने उसकी आंख की रोशनी जाने की आशंका जताई है। हमलावरों ने बचाने आए चचेरे भाई को भी पीटकर घायल कर दिया। घटना के तीन दिन बाद गुरुवार रात 11:32 बजे पिता की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इस देरी को लेकर तुर्कपट्टी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।दुमही निवासी उपेन्द्र आर्य के पुत्र राहुल आर्य बुद्ध पूर्णिमा के मेले में अपने चचेरे भाई दिलीप पुत्र उमेश आर्य के साथ गया था। वहां भरवलिया टोला निवासी पिंटू चौहान, शंभू ठाकुर, नंदू चौहान, दिनेश चौहान और इन्द्रजीत चौहान ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर राहुल पर हमला कर उसे अधमरा कर दिया गया। पिंटू चौहान द्वारा लाठी के कोर से आंख पर प्रहार किया गया, जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा और खून बहने लगा। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीचबचाव किया। घायल को पहले सेवरही सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। पुलिस ने गुरुवार रात पीड़ित की तहरीर के आधार पर पिंटू चौहान सहित पांच लोगों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट, दंगा, जानलेवा हमला, गाली-गलौज और गंभीर चोट पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।हालांकि घटना के तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज होने को लेकर पुलिस की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पीड़ित पक्ष से कोई चूक नहीं हुई थी तो फिर तुर्कपट्टी थाने ने तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की। ऐसे मामलों में पुलिस की निष्क्रियता ही हमलावरों को उकसाने का काम करती है।

गेंदा बाबू की प्रतिमा का अनावरण जननायकों ने दी श्रद्धांजलि

राज्य मंत्री एके शर्मा बोले, गेंदा बाबू किसानों के मसीहा, स्वच्छ राजनीति के पुरोधा थे, सांसदों और विधायकों ने कहा, उनके विचार आज भी हैं प्रासंगिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ / कुशीनगर । तमकुहीराज तहसील के बरवा राजा पाकड़ स्थित गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम नेता प्रतिपक्ष, पूर्व सांसद व मंत्री स्व. बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश सरकार के नगर विकास व ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने किया। इस अवसर पर गेंदा बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गेंदा बाबू किसानों के हितैषी, आदर्श समाजवादी विचारक और विकास पुरुष थे। उन्होंने गंडक नहर प्रणाली, सेवरही क्षेत्र में कृषि अनुसंधान केंद्र, बकरी व रेशम फार्म जैसे संस्थानों की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने गेंदा बाबू को स्वराज की अवधारणा को जमीन पर उतारने वाला कर्मयोगी बताया। सांसद विजय कुमार दुबे ने उन्हें मूल्यनिष्ठ राजनीति का प्रतीक बताया, जबकि अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने उन्हें किसानों की आवाज बताया। उन्होंने कहा कि बाबू गेंदा सिंह ने सड़क से संसद तक गांव, गरीब और किसानों के हक की लड़ाई लड़ी। विधायक तमकुही डा. असीम राय, खड्डा विवेकानंद पांडेय, हाटा मोहन वर्मा, पडरौना मनीष जायसवाल, रामकोला विनय गोंड सहित वक्ताओं ने कहा कि गेंदा बाबू ने अपने संघर्ष और समर्पण से जिस राजनीति की नींव रखी, वह आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया। आयोजक डा. पुनीत राय, रजनीश राय और सत्येंद्र शुक्ल ने आभार जताया। इस अवसर पर पं. पंकज कृष्ण शास्त्री, विनय जायसवाल, चन्द्र प्रकाश चमन, राधेश्याम पाण्डेय, राकेश जायसवाल, पूर्व प्रमुख विजय राय, विनोद सिंह, व्यास राय, रमेश राय, सदा शिवमणि त्रिपाठी, अशोक राय, पारसनाथ सिंह, चन्द्रभान राय, मनीष राय, राहुल श्रीवास्तव, नीरज शाही, तुला नारायण राय,अनवर अंसारी, प्रधान मुन्नीलाल, अशोक पालआदि लोग उपस्थित रहे।

पीड़ित ने एक्स पर कसा तंज, धन्यवाद! उत्तर प्रदेश नहीं उत्तम प्रदेश पुलिस

वाट्सएप समेत अन्य प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा तुर्कपट्टी पुलिस का कारनामा

लगाया आरोप कि पैसा है तो कुछ भी मुमकिन है

बड़ी घटना के आरोपितों पर सिर्फ शांतिभंग की कार्रवाई से आहत है पीड़ित, आधी रात को (11.58 बजे) आठ आरोपितों पर आठ धाराओं मे दर्ज किया मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के धनौजी गांव मे गत 11 मई को विवाद मे पीड़ित व उसकी मां के साथ मारपीट के की घटना में सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस की लापरवाही व निष्क्रियता से न सिर्फ आरोपितों का मनोबल बढ़ा, अपितु उन्होने दुःसाहस का परिचय देते हुए 13 मई की रात बंद दुकान में चोरी, लूटपाट, तोड़फोड़ व बलवा किया। उस पर भी तुक्का यह की प्रभारी निरीक्षक नें गंभीर अपराध में गिरफ्तार आरोपितों को 14 मई की सायं शांतिभंग मे चालान कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ली और जनपद स्तरीय अधिकारियों को भ्रामक सूचना देकर गुमराह कर दिया। हांलांकि इसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि आधी रात को (11.58 बजे) आनन फानन में आठ आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की आठ धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। चर्चा है कि मंडल स्तर के अधिकारी की दखल के बाद यह कार्रवाई हुई। इससे थानाक्षेत्र के नागरिकों का न सिर्फ तुर्कपट्टी कुशीनगर पुलिस से भरोसा उठ गया है अपितु इन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न करने के लिए उच्च अधिकारियों की साख पर भी सवाल उठने लगे हैं। इधर इस विषयवस्तु पर पीड़ित ने सोशल मीडिया पर पुलिस पर तंज कसते हुए अपनी भड़ास निकाली है। सत्ता पक्ष से जुड़े पीड़ित का यह पोस्ट वाट्सएप आदि पर खूब वायरल हो रहा है। पोस्ट में पीड़ित ने तहरीर व घटना से जुड़े तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है कि बड़ी घटना में अभियुक्तों का शांतिभंग मे चालान। पैसा है तो सबकुछ मुमकिन है। उत्तर प्रदेश नहीं, उत्तम प्रदेश पुलिस को धन्यवाद।---------- तुर्कपट्टी पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप, जांच आवश्यक- 11 मई की घटना में तत्परता नहीं दिखाने पर उठे सवालधनौजी गांव में 11 मई को हुई मारपीट की घटना में पुलिस की ढिलाई अब क्षेत्रीय चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर वायरल उक्त पोस्टों के अलावा चर्चा है कि यदि उसी समय गंभीर धाराओं में कार्रवाई होती तो 13 मई की दूसरी बड़ी वारदात रोकी जा सकती थी। पुलिस पर आरोप है कि उसने टालमटोल रवैया अपनाया, न तो तत्काल आरोपितों को पकड़ा और न ही सख्त कदम उठाए।क्षेत्रीय जनों का कहना है कि पहले मामले को हल्के में लेने का ही नतीजा है कि दो दिन में बड़ी घटना हो गई। अब इसमें भी शांतिभंग जैसी मामूली धाराओं में कार्रवाई की बात सामने आ रही है, जिसे न्याय के साथ मजाक बताया गया। तुर्कपट्टी पुलिस व प्रभारी निरीक्षक की भूमिका को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की है।

नवीन मंडी सचिव के ऊपर व्यापारियों का दबाव बनाना पड़ा भारी

उन्नाव। लखनऊ आयुक्त एवं निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद मुख्यालय के आदेशानुसार अवैध कब्जा अतिक्रमण निमार्ण आदि मंडी समितियों में हटवाने हेतु पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हटावाने का सक्त आदेश आपको बताते चलें कि उन्नाव नवीन मंडी में विगत दिवस व्यापारियों द्वारा धरना प्रदर्शन कर अतिक्रमण को लेकर मंडी सचिव के ऊपर अनैतिक दवाब बनाते हुए ज्ञापन सौंपा गया था धरना प्रदर्शन करने वाले अधिकतर व्यापारी वही लोग थे जिन लोगों ने नवीन मंडी में दूकानों के सामने चबूतरे पर अवैध कब्जा करने के साथ टिन शेड टक्टर आदि लगाकर अवैध कब्जा कर घेराव करके छोटे व्यापारियों तथा किसानों से अवैध वसूली की जा रही थी जिससे छोटे व्यापारी तथा किसानों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मंडी सचिव सुधीर सिंह ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्राचारों के माध्यम अवैध कब्जे दारों से अतिक्रमण मुक्त कराने का निवेदन करते हुए आग्रह किया जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता दिखाते हुए एक टीम गठित कर आज उन्नाव नवीन मंडी में नाप-जोख किया गया जिसमें लगभग 70 व्यापारियों को चिन्हित किया गया। बड़े व्यापारियों ने दुकानों के सामने अवैध कब्जा कर चबूतरे फुटपाथ आदि का घेराव कर रखा है । मंडी सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि जो भी दुकानदार ने अवैध कब्जा कर रखा है नोटिस भेजी जा रही है तय समय-सीमा में जवाब संतोषजनक नही मिलता है तो बाजार के सर्किट रेट के हिसाब से पिछले तीन साल का राजस्व धन की वसूली करने के साथ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा जिससे अवैध कब्जे दारों में मची भगदड़। जांच कमेटी में मुख्य रूप से सचिव सुधीर सिंह जेई त्रिलोक सुनील गुप्ता राजकिशोर पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

जिला महिला अस्पताल में महिलाओं को निजी अस्पताल ले जाती है आशा

यह पूरा मामला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । निजी अस्पतालों से मिलने वाले मोटे कमी शन के चक्कर में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में गुमराह किया जा रहा है। प्रसव को पहुंचने वाले हर गर्भवती को लापरवाही और केस बिगड़ने का हौवा दिखाकर आशाएं निजी अस्पताल ले जाने की सलाह देती हैं।

इतना ही नहीं निजी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव कराने की सलाह देकर आशाएं कमीशन के चक्कर में खेल करती हैं। गोंडा जिला महिला अस्पताल में गर्भवती के एंट्री करते ही नेट वर्क से जुड़े लोग सक्रिय हो जाते हैं। इनमें खासकर आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं,जो नेटवर्क संचालित करने वालों के साथ जुड़े हैं।

हमदर्दी दि खाने के बाद महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की कमियों का पिटारा खोल देते हैं। महिला अस्पताल में मरीजों को गुमराह करके गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पताल ले जाने वाले नेटवर्क का मामला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आशाओं के कमीशन के चक्कर में कई बार जच्चा-बच्चा की मौत तक हो गईं है। अब तक कई मामले हो चुके हैं, मगर जिम्मेदार इससे अंजान बने हुए है।

आशाओं को मिलता है मोटा कमीशन

आशाओं को एक पेशेंट का पांच हजार से दस ह जार तक मिलता है कमीशन निजी अस्पताल गर्भ वती को ले जाने पर कमीशन दो से दस हजार रुप ये तक मिलता है।जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए रोज दर्जनों महिलाओं आती हैं।सूत्र बता रहें है कि महिला अस्पताल में लापरवाही की बात बताकर अनहोनी होने की आशंका से डरा दिया जाता है।तीमारदार अपने मरीज की बेहतर इलाज के लिए वहां से निजी अस्पताल के लिए मरीज को लेकर निकलना ही बेहतर समझते हैं।इस दौरान म हिला अस्पताल में घूम रही आशाएं उनसे मिलती हैं और निजी अस्पताल पहुंचती हैं।

कोडवर्ड में बताती हैं अस्पताल

गोंडा महिला अस्पताल में आशाओं और अन्य लोगों का सक्रिय गैंग प्रसव के लिए पहुंचने वाली महिलाओं को कोडवर्ड में अस्पताल बताती हैं।इस नेटवर्क में शामिल लोगों ने मरीजों के कोडवर्ड तय कर रखे हैं।मरीजों को लाने और ले जाने तक के कोडवर्ड से आम आदमी को काले धंधे का पता नहीं चलता है।जितना गंभीर मरीज,उतना बड़ा पैकेज मिलता है।इसी के हिसाब से मरीज की जेब को देखते हुए निजी अस्पताल में भेजा जाता है। उसके बाद बंदरबाट होता है।जिम्मेदार अंजान बने रहते हैं।

तीन ग्राम पंचायत को मिलेगा दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गरीबी और बेहतर आजीविका युक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव ,पर्याप्त जल युक्त गांव,स्वच्छ एवं हरित गांव ,आत्म निर्भर बुनियादी संरचना युक्त गांव,सामाजिक रूप से संरक्षित गांव ,सुशासन युक्त गांव महिला हितैषी गांव सहित कुल नौ थीम में से किसी एक थीम या कॉर्बन न्यूट्रल पर आधारित पंचायत असेसमेंट इंडेक्स के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रगति व प्रदर्शन करने वाले तीन ग्राम पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया जाएगा जिसकी धनराशि एक करोड़ से तीन करोड़ से तीन करोड़ रुपए के बीच होगी ।उक्त उद्धगार उप निदेशक(पंचायत) हिमांशु शेखर ठाकुर ने गुरुवार १५ मई को चरगांवा विकास खण्ड सभागार में , राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अन्तर्गत सतत विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण एवं कार्बन न्यूट्रल विषयक ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत सहायक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर आयोजक व्यक्त किया।ब्लॉक सभागार में उप निदेशक (पंचायत) हिमांशु शेखर ठाकुर का स्वागत स्मृत चिन्ह भेंट कर व माल्यार्पण कर क्रमशः खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)सतीश कुमार चतुर्वेदी,ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार व ग्राम पंचायत प्रधान राजेन्द्र निषाद व अनिल सिंह ने किया ।

माटीकला योजना के तहत टूलकिट वितरण के लिये कर सकते हैं आवेदन, अन्तिम तिथि 30 मई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े हुए कुम्हार जाति के व्यक्तियों को मॉटीकला से सम्बन्धित परम्परागत/प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकला/माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पाटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजनान्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बहराइच के कार्यालय पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पासबुक तथा शैक्षिक योग्यता के साथ आफलाइन भरे हुए पूर्ण आवेदन-पत्र 30 मई 2025 तक उनके कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होनें बताया कि प्राप्त आवेदन पत्र के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य 25 पात्र अभ्यार्थियोंका चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन कमेटी के द्वारा किया जायेगा। तदोपरान्त चयनित लाभार्थियों को उ.प्र. माटीकला बोर्ड मुख्यालय लखनऊ से चॉक (पाटरी व्हील) प्राप्त होने पर नियमानुसार जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में वितरित कराया जायेगा। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उत्कृष्ट कार्य करने वाली वित्त पोषित इकाईयां होंगी पुरस्कृतबहराइच । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों को अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिकी करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत 4 इकाईयों को पुरस्कृत किया जाएगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति, निवास, अनुभव, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड व बैंक पास बुक की छाया प्रति के साथ पूर्ण आवेदन 30 मई 2025 तक उनके कार्यालय में व्यक्तिगत/डाक द्वारा उपलब्ध करा सकते हैं। अभ्यार्थियों का चयन उपायुक्त उद्योग बहराइच की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन किया जायेगा। तदोपरान्त चयनित अभ्यार्थियों की सूची पुरष्कार हेतु प्रेषित की जायेगी। योजना के बारे जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर कार्मिक को मिली चेतावनी

बहराइच । आई.जी.आर.एस. संदर्भ नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न करने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित होने पर खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव द्वारा ग्राम पंचायत असवा मोहम्मदपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी राजमणि वर्मा को सन्दर्भित प्रकरण का तत्काल गम्भीरतापूर्वक निस्तारण करने के साथ-साथ प्रकरण में बरती गयी लापरवाही के सम्बन्ध में अपना तथ्यपरक स्पष्टीकरण दो दिवस के अन्दर उपलब्ध प्रस्तुत करने के निर्देष दिये गये हैं। सम्बन्धित कार्मिक को चेतावनी जारी करते हुए सचेत किया गया है कि भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

खण्ड विकास अधिकारी के भूषादान मुहिम की ग्रामीण अंचल में हो रही हैं सराहना

भूषादान के लिए आगे आ रहे है ग्रामीण चरगांवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । व्यक्ति के अंदर मानवता के प्रति प्रेम सेवा भाव हो तो वहीं प्रेम, भाव पशु ,पक्षी ,पर्यावरण के भी रखेगा एक ऐसे ही लोक सेवक की पहल की चर्चा ग्रामीण अंचल में हो रही हैं जिन्होंने तपती हुई गर्म हवाओं वाली धूप में जब हरे चारे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं गो आश्रय स्थल पर रहने वाले गाय व नन्दी को भूषे के साथ साइलेज जैसे पौष्टिक आहार दिए जा सके स्थानीय जन प्रतिनिधियों सहित आम जन से भूषा दान की अपील करते हुए मुहिम चला दी जिसकी सराहना ग्रामीण इलाके खूब हो रही हैं ग्रामीण इलाके का आम जन भी इस भूषा दान कार्यक्रम में शामिल होकर मुहिम को सफल बना रहा हैं ,हम जिस शख्शियत की बात कर रहे हैं वह खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह हैं ।दिन गुरुवार मई १५ को ग्राम पंचायत प्रधान जंगल धूसर राजेन्द्र निषाद द्वारा ३१ क्विंटल,अजय चौहान द्वारा ११ क्विंटल,जंगल अहमद अली शाह ग्राम पंचायत प्रधान माधव प्रसाद द्वारा २१ क्विंटल,जंगल छत्रधारी ग्राम पंचायत प्रधान प्रीती निषाद द्वारा २१ क्विंटल,समाजसेवी अखिलेश निषाद उर्फ बब्लू की पत्नी श्रीमती आराधना निषाद द्वारा ११ क्विंटल व विजय शर्मा द्वारा ११ क्विंटल भूषा दान किया गया।

ट्रेन में पानी नहीं जहर बेच रहे वेंडर, छापेमारी में 132 बोतल नकली पानी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अगर आप रेल से यात्रा कर रहे हैं तो ये ख बर आप ही के लिए है।इस भीषण गर्मी में आप ट्रे न से सफर करने जा रहे हैं तो पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी अपने साथ लेकर जाएं,वरना आप ट्रे न में बिकने वाले दूषित पानी को पीकर बीमार पड़ सकते हैं क्योंकि गोरखपुर से लखनऊ के रेलवे स्टे शन के बीच ट्रेनों में नकली ब्रांड का पानी धड़ल्ले से बेंचा रहा है?।यह हम नहीं बल्कि रेलवे विभाग केअधिकारी खुद बता रहे हैं।16 मई क़ो वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव के नेतृत्व में रे लवे स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया ग या 15109 छपरा से मथुरा तक जाने वाली ट्रेन के कोच में 132,बोतल अवैध पानी पकड़ा गया।वही आसमान से बरस रही आग के बीच ट्रेन में सफर करना किसी दुश्वारी से कम नहीं है?। 45 डिग्री से ल्सियस तापमान के बीच यात्रा में अगर प्यास लग जाए तो ट्रेन के भीतर बिकने वाले पानी को खरीद कर पीना यात्री की मजबूरी है??,इसी मजबूरी का फा यदा अवैध वेंडर और पेंट्री कार वाले उठा रहे हैं।रे लवे स्टेशन से लेकर ट्रेन के भीतर तक? दूषित पानी बेचा जा रहा है।ट्रेन में इस पानी को पीकर यात्री क ब बीमार पड़ जाए कहा नहीं जा सकता।लखनऊ मंडल के डीआरएम की माने तो विभाग को लगाता र सूचना मिल रही थी कि गोरखपुर से लखनऊ के बीच ट्रेनों में अवैध वेंडिंग करने वाले लोग बोतलों मे दूषित पानी भरकर यात्रियों को पिला रहे हैं।इस सूचना पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आशुतो ष गुप्ता के नेतृत्व में मण्डल वाणिज्य निरीक्षकों की टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए थे।वही ट्रे न में बिकने वाले पानी व पेय पदार्थो की बिक्री कीजांच के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा र हा है।ट्रेन में जांच टीम ने पाया कि अवैध रूप सेवेंडिंग करने वाले वेंडर्स यात्रियों को दूषित पानी पिला रहे हैं।चेकिंग अभियान में जांच टीम ने 132 बोतल पानी ट्रेन में लावारिस अवस्था में बरामद किया है।जांच में यह पानी अ धोमानक ब्रांड का पाया गया,जिसे ज़ब्त कर गोंडा एलपीओ में जमा कराया गया।

चोरी की घटनाओं के खुलासे में पुलिस विफल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है।चोर आए दिन वारदात अंजाम दे रहे हैं।लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस विफल साबित हो रही है।अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा के दावे भी फ़ेल होते नजर आ रहे हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुरी कॉलोनी में एक बड़ी चोरी का माम ला सामने आया है।घटना के चौदह दिन बीत जाने के बावजूद नगर कोतवाली पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।वहीं संदीप जायसवाल के घर में दो मई की रात को हुई चोरी का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है।जहां सीसीटीवी फुटेज में चोर दिख रहा है कि चोर नकाबपोश बदमाश लोहे की रॉड और चोरी के उपकरणों के साथ घर में घुसे है।बदमाश घर से पंद्रह लाख रुपए के जेवरात और न गदी लेकर फरार हो गए।कॉलोनी में आने से लेकर चोरी के सामान ले जाने तक की पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है।पीड़ित ने तीन मई को कोतवाली नगर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि चारो बदमाश अपना चेहरा छिपाकर सड़क पर च ल रहे हैं और फिर घर में प्रवेश कर रहे हैं। चोरी के वारदात क़ो चौदह दिन बीत चुकी है।लेकिन खुला से के नाम पर पुलिस खाली हाथ है।पुलिस अधि कारी भले ही दावा करते हों कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करने वाली है।खुलासे के नाम पर सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण और पीड़ित को आश्वासन ही हाथ लगता है।न तो पुलिस चोर का पता लगा पा रही है न हीं वारदात पर रोक ही लगा पा रही है।नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी के अनुसार,आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।पुलिस सी सीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान करने में जुटी है।

एमपी बिरला सीमेंट का गोण्डा में पहला एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन

गोण्डा। देश की अग्रणी सीमेंट निर्माण कंपनी एमपी बिरला सीमेंट ने गोण्डा जिले के तरबगंज तहसील क्षेत्र में अपने अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उ?द्घाटन किया।इस केंद्र का उद्देश्य ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स,बिल्डरों और इंजीनियरों को सीमेंट और निर्माण से जुड़ी आधुनिक तकनीकों,गुणवत्ता और टिकाऊ निर्माण करने के लिए तकनीकी सहा यता देना है।इस अवसर पर कंपनी के सीएम ओ कालीदास प्रमाणिक,प्रेसिडेंट सेल्स संजय भंडारी, रीजनल हेड अविनाश सिंह,तकनीकी सेवा प्रमुख अशिवानी प्रताप सिंह,ब्रांच हेड प्रकाश श्रीवास्तव, सेल्स प्रमोटर्स, डीलर,रिटेलर,इंजीनियर, ठेकेदार व उपभोक्ता उपस्थिति रहे।उ?द्घाटन समारोह के दौरा न केंद्र के प्रमुख आकर्षणों जैसे भवन निर्माण का लेआउट,लागत,प्रोडक्ट डिस्प्ले,उत्पाद डेमॉस्ट्रेशन, निर्माण सामग्री की गुडवत्ता और वर्चुअल बिल्डिंग मॉडल का प्रदर्शन किया गया।कंपनी के सीएमओ कालीदास प्रमाणिक ने कहा,यह एक्सपीरियंस सेंट र हमारे ग्राहकों को केवल उत्पाद ही नहीं,बल्कि ए क सम्पूर्ण समाधान और ज्ञान प्रदान करने की दि शा में एक महत्वपूर्ण कदम है।एमपी बिरला सीमेंट ने इस पहल के माध्यम से निर्माण उ?द्योग में पारद र्शिता गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने का सं कल्प लिया है।

चोरी की तीन बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अप राध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अ भियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी म नोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मन कापुर उदित नरायण पालिवाल के नेतृत्व में थाना छपिया पुलिस के द्वारा ग्राम बढौलीपु र के पास रा त्रि गस्त,वाहन चेकिंग कि जा रही थी,चेकिंग के दौ रान मोटरसाइकिल चोरी करने के अभियुक्त गुफ रान पुत्र बेचन निवासी ईजदीपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे,निशानदेही पर चोरी की तीन मोटर साइकिल,कूटरचित नम्बर प्लेट बरामद किया है।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

विस्टाडोम कोच का आनन्द लेंगे युवा पर्यटन क्लब के सदस्य

बहराइच । पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज़्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के प्रयासों से बिछिया मैलानी मार्ग के मध्य विस्टाडोम कोच संचालन की सफल शुरूआत की गयी है। पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि 17 मई 2025 को राजकीय इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज व आज़ाद इण्टर कालेज के 10-10 छात्रों का समूह बिछिया मैलानी मार्ग के मध्य विस्टाडोम कोच में बैठकर कतर्नियाघाट के घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग से गुज़र कर प्रकृति का आनन्द लेंगे। पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को कतर्नियाघाट स्थित घड़ियाल प्रजनन केन्द्र व इण्टरपिटीशन सेन्टर का भी भ्रमण कराया जाना प्रस्तावित है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मई के तृतीय शनिवार 17 मई 2025 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील मिहींपुरवा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

शहर में बिना सत्यापन के दौड़ रहे हजारों ई-रिक्शा

जिले में दस हजार ई-रिक्शा में सिर्फ तीन हजार ई-रिक्शा का हुआ सत्यापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में यातायात के लिए नासूर बने ई-रि क्शा के सत्यापन के लिए शासन द्वारा बीती एक अपैल अभियान चलाया जा रहा है,लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में गोण्डा जिले में ई-रिक्शा चालक बेलगाम है।गोण्डा पुलिस की ओर से चलाया गए अभियान का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।थो क के भाव में ई-रिक्शा बिना पंजीयन,बिना पहचा न के धड़ल्ले से चल रहे है।रूट चार्ट होने के बाजू द भी ये ई-रिक्शा अभी भी जाम की समस्या का कारण बने हुए है। सड़कों पर सुगम यातायात व्यव स्था के लिए ई-रिक्शा नासूर बन गया है।रूट निर्धा रण होने के बावजूद भी ई-रिक्शा चालक इस रूट पर दौड़ते रहते हैं वही नगर पालिका परिषद क्षेत्र में ना तो वा हन स्टैंड की व्यवस्था की गयी है। इस कारण मुख्य सड़कों पर इनका संचालन बेरोक-टोक जारी है। पु लिस और परिवहन विभाग की नाकाम कार्य प्रणा ली इनके लिए वरदान बनी हुई है।पिछले चार-पांच सालों में ई-रिक्शा में बेतहाशा वृद्धि हुई है,लेकिन जिम्मेदारों की ओर से इनके संचालन किए जाने के कोई प्रबंध नहीं किए गए।इससे क्षेत्र में बिना पंजी यन और ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा चालक जि ले की सड़कों में फर्राटा भर रहे है, शहर के मुख्य सड़कों पर झुंड बनाकर ई-रिक्शा को दौड़ाया जा रहा है।जहां मन हुआ वहीं पर ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी बैठाने लगते है। इससे आए दिन सड़क भी हो रहे है। अधिकांश ई-रिक्शों को नाबालिग और बुजुर्ग चला रहे है।बिना रोक टोक के थोक के भाव में चल रहे ई-रिक्शा के खिलाफ क्षेत्रीय लोगों ने का र्रवाई किए जाने की मांग की है।वही जिले करीब दस हजार ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं जिसमे सि र्फ पुलिस ने अभी तक सिर्फ तीन ई- रिक्शा का स त्यापन किया है और करीब सैकड़ो ई रिक्शा सीज किया है और तीन सौ ई-रिक्शा का चालान किया है।जबकि जि ले में छह हजार से अधिक ई- रिक्शा बिना लाइसें स,बिना फिटनेस, बिना बैध कागजों के दौड़ रहे हैं।यातायात प्रभारी जगदंबा गुप्ता ने बताया कि ई-रि क्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्र वाई की जा रही है।इसके साथ ही बिना पंजीयन या बिना ड्राइविंग लाइसेंस के रिक्शा चलाने वाले चालकों के चालान किए जाने के साथ उन पर जु र्माना लगाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अभिया न लगातार जारी है।इसमें किसी भी प्रकार की को ई लापरवाही नहीं की जा रही है।

सामुदायिक शौचालयों की निगरानी के लिये बनेगा जिओ टैग लिंक बनेगा : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना और उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जनसहभागिता से चलने वाली सतत प्रक्रिया है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें ताकि जनपद को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श स्थान दिलाया जा सके।जिलाधिकारी ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन फ़ेज टू के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और

ग्रामीण स्वच्छता अभियान को लेकर डीएम सख्त नजर आये

नालियों की नियमित सफाई पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलजमाव की समस्या लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, अतः सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में सामुदायिक शौचालयों पर ताला न हो। उन्होंने इन शौचालयों की नियमित सफाई, रखरखाव और संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों के समीप स्थित सामुदायिक शौचालयों की मैपिंग कराकर उनकी स्थिति बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। संचालन व्यवस्था की निगरानी के लिए तकनीकी पहल की ओर भी कदम उठाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण हेतु एक ऑनलाइन लिंक बनाया जाए, जिसमें हर दिन जिओ टैग फोटोग्राफ अपलोड किए जाएं। इससे निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम खारा में स्थापित बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट), प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने इन योजनाओं के संचालन को और अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेरी अर्बन ग्रामों के अनुमोदन की प्रक्रिया तथा ग्रीन लीक रेटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इन ग्रामों की रेटिंग में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि स्वच्छता का संबंध सीधे आम जनजीवन की गुणवत्ता से है। स्वच्छता के प्रत्येक मानक का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि जनपद न केवल राज्य बल्कि देशभर में एक उदाहरण बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में दो हिस्ट्रीशीटर समेत सात शातिर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनगंज पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी बना रहे थे लूट की योजना

पुलिस ने चोरी की बाइकों के साथ ही तमंचा और कारतूस किया बरामद

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज पुलिस व स्वाट टीम ने पुलिस मुठभेड़ में डकैती की योजना बना रहे दो हिस्ट्रीशीटर सहित कुल सात अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पकड़े गये शातिर अपराधियों के कब्जे से एक पिस्टल,दो अदद जिन्दा व दो अदद खोखा कारतूस, एक तमंचा,दो अदद जिन्दा,एक अदद खोखा कारतूस और बीस हजार रुपया नगद के साथ ही चोरी डकैती करने के विभिन्न उपकरण व दो अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराही व स्वाट टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह मय हमराही देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रस्तामऊ से फूला मार्ग पर स्थित एक आम के बाग में कुछ व्यक्ति एकत्रित हुये हैं जोकि कहीं डकैती डालने की योजना बना रहे है।पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करने के दौरान ही आहट पाकर योजना बना रहे व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया।आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर दो अपराधियों के पैर में गोली लग जाने से घायल हो गये तथा अन्य पांच लोगों को पुलिस टीम द्वारा घेरकर मौके से पकड़ लिया गया।घायल अपराधियों से नाम पता पूंछने पर एक ने अपना नाम सुनील कुमार दीक्षित पुत्र रामनेवाज दीक्षित निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया जिसके कब्जे से एक पिस्टल,दो जिन्दा व पांच हजार रुपये नगद बरामद हुये व दूसरे ने अपना नाम अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र मोहम्मद सरवर निवासी भेलाई खुर्द थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा,दो जिन्दा कारतूस व साढ़े चार हजार रुपये बरामद हुये व घटनास्थल से तीन खोखा कारतूस बरामद हुये।मौके से अनुज सिंह उर्फ शनि पुत्र वंशबहादुर सिंह निवासी रामपुर कोची थाना मोहनगंज, आशीष कुमार पुत्र शत्रोहन लाल निवासी पूरे जोरई मजरे पिपरी अहमदाबाद थाना इन्हौना, मकसूद पुत्र अनवर निवासी पूरे लाल खां मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज,अजय कुमार कश्यप पुत्र अयोध्यालाल निवासी कैथा गांव थाना इन्हौना व अमन सिंह पुत्र सूरजभान सिंह निवासी सरेसर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया।इन लोगों द्वारा डकैती की योजना बनाने वाले स्थान से चार अदद टार्च, हथौड़ा, पिलास, तारकटर, सुम्मी,एक अदद रस्सी,दो मोटरसाइकिल क्रमशः अपाचे व सीडी डीलक्स बरामद हुई है।बरामद रुपयों, सामान व मोटरसाइकिलों के संबन्ध में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमसभी लोग संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से डकैती डालने की तैयारी कर रहे थे । उसी के लिए असलहा, कारतूस, मोटरसाइकिलें व अन्य सामान इकट्ठा किये थे। इन अपराधियों ने बताया कि इन्ही दोनों मोटरसाइकिलों से जाकर थाना क्षेत्र जामो में जनापुर के ठेका देशी शराब की दुकान में यही असलहा दिखाकर सेल्समैन को मारपीट कर चालीस हजार रुपये लेकर भाग गये थे ।

पूरी दुनिया ने भारत के पराक्रम का लोहा माना : मीना चौबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सेना ने सिर्फ ट्रेलर दिखाया, आगे पूरी पिक्चर दिखाएंगे : मीना चौबे

भारतीय सेना के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : मीना चौबे

भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा

सुलतानपुर। शहर की सड़कों पर शुक्रवार को, आपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद देश की सेना के शौर्य को नमन करते हुए उनके सम्मान में भाजपा,गोमती मित्र मंडल,गायत्री परिवार के लोगों ने'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' भव्यता से निकालीं। भाजपा की जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री मीना चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह व गायत्री परिवार के डॉ सुधाकर सिंह की अगुवाई में सुपर मार्केट परिसर से निकली भव्य यात्रा शहर की सड़कों से गुजरते हुए जिला पंचायत गेट स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम संयोजक विजय त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में समापन पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा पहलगाम हमले के बाद भारत की तीनों सेनाओं ने आपरेशन सिन्दूर के जरिए पाक में घुसकर 9 आतंकी अड्डों व 11 एअरवेस को नेस्तनाबूद कर दिया। उन्होंने कहा पूरी दुनिया ने भारत के पराक्रम का लोहा माना। उन्होंने कहा सेना ने अभी तो सिर्फ ट्रेलर दिखाया है। समय आने पर पूरी पिक्चर दिखाएंगे। भारतीय सेना के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अब सहता नही पलटकर जवाब देता है। मदन सिंह ने कहा भारत की सेना ने पहलगाम हमले का शानदार बदला लिया। डॉ सुधाकर सिंह ने कहा आपरेशन सिन्दूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यहां संचालन कार्यक्रम संयोजक विजय त्रिपाठी ने कहा। तिरंगा यात्रा में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, राज प्रसाद उपाध्याय, विनोद सिंह, डॉ आरए वर्मा,ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, प्रवीन कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, कृपा शंकर मिश्रा, गांधी सिंह दिनेशानंद महाराज, राकेश सिंह दद्दू, जगजीत सिंह छंगू, घनश्याम चौहान, अजय सिंह लीडर, सुमन सिंह,डॉ प्रीति प्रकाश, अखिलेश जायसवाल, बबिता तिवारी, पूजा कसौधन, रीना जायसवाल, राजेश सिंह, चन्दन नारायन सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, अरुण द्विवेदी, राहुल भान मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शंकरगंज से बेखौफ चोरों ने उड़ाई बाइक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज से बेखौफ चोरों द्वारा दिनदहाड़े एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पुलिस ने वाहन स्वामी की तहरीर पर अभियोग दर्जकर छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव बहादुरगंज मजरे मेढौना निवासी ओम प्रकाश सिंह पुत्र राम यश सिंह ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह गुरुवार को सायं करीब पांच बजे अपनी मोटर साइकिल पैशन प्रो यूपी 32 ई टी 4966 से शंकरगंज बाजार आया था। वह अपनी मोटर साइकिल सब्जी मण्डी में खड़ा कर सब्जी खरीदने चला गया वापस लौटकर आया तो देखा कि मेरी मोटर साइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित वाहन स्वामी द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका तो वाहन स्वामी को पुलिस की शरण लेनी पड़ी। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल अभियोग दर्जकर बाइक की छानबीन में जुट गई है।

सपा विधायक के गनर पर कार्यकर्ताओं ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इसौली से सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान एक बार फिर विवादों में। विधायक के गनर द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर बल्दीराय थाना में एफआईआर दर्ज कराने का मामला गरमा गया है। पीड़ित समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष असगर रजा व अन्य कार्यकर्ताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर अपना दर्द बयां किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विधायक के गनर ने झूठे मुकदमे दर्ज कराए और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अखिलेश यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक्शन लिया है और विधायक ताहिर खान को पार्टी कार्यालय तलब किया गया है। सपा अध्यक्ष ने साफ किया कि कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामला अब पार्टी स्तर पर जांच के दायरे में, ताहिर खान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

मानक विहीन हो रहे हैं शारदा नदी में कार्य ग्राम प्रधान ने एसडीएम से मिलकर की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह से मिलकर शारदा नदी में किया जा रहे कार्यों को लेकर एक शिकायत प्रार्थना पत्र दिया है। शिकायत में ग्राम प्रधान ने कहा कि शारदा नदी के स्पर संख्या 20,21,22, 23, 24 ,25 ,26 पर कार्य प्रगति पर चल रहा है।उपरोक्त कार्य में बहुत बड़ी लापरवाही ठेकेदार व सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। सभी कार्य मानक के अनुरूप ना करके मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहे हैं। जिससे बाढ़ के समय टूटने से ग्रामीणों की जान माल की हानि होने की पूरी संभावना है। ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

परिषदीय विद्यालय में अध्यापकों के साथ बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय विद्यालय गढ़ाकला के बच्चों ने स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर विद्यालय में साफ सफाई की हैं। नोडल संकुल शिक्षक शिक्षक हुकुम सिंह ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों से कहा कि कूड़ा कचरा डस्टबिन में ही डालें पॉलिथीन का प्रयोग करना बंद करें। अपने आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दें ना खुद गंदगी करें और ना औरों को गंदगी करने दे। अपनी कक्षा और विद्यालय परिसर में गंदगी ना करें शौच के बाद हैंडवॉश जरूर करें साथ ही जिनके घरों में फ्रिज और गमले आदि में अधिक दिनों से भरे पानी को माता-पिता से हटवाने के लिए कहे ताकि मच्छर पैदा ना हो सके। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रानी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

सांसद की अध्यक्षता में जनपद में बड़े ही धूमधाम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकाली गई तिरंगा उपस्थित रहे कई जनप्रतिनिधि

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम की विजय पर देश भर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को गांधी स्टेडियम पीलीभीत से नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए वापस गांधी स्टेडियम पर यह शौर्य तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे पीलीभीत से लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार,संजीव प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष,यात्रा संयोजक एवं जिला महामंत्री लेखराज भारती, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,जिला पंचायत सदस्य रेनू राज,सुषमा देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

राज्यमंत्री के फ़ेसबुक पर की अभद्र टिप्पणी भड़के जनप्रतिनिधि एसपी से की कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार की फ़ेसबुक पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। 13 मई को हरिशंकर झा नामक व्यक्ति ने मंत्री की पोस्ट पर अनुचित टिप्पणी की जिसको लेकर उनके समर्थकों में रोष फैल गया। उन्होंने एसपी से मिलकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

शहर विधायक एवं गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के सोशल मीडिया एकाउंट पर यूजर हरी शंकर झा द्वारा आपत्तिजनक कमेंट किया गया। जिसको लेकर उनके समर्थकों में रोष फैल गया। राज्यमंत्री के मीडिया संयोजक अनूप सिंह गंगवार ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी,जिसमें कहा कि 13 मई को गन्ना राज्यमंत्री की फ़ेसबुक फोटो पर अभद्र टिप्पणी की गई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आईटी एक्ट सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पूरनपुर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ,ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार,अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह,बीसलपुर चेयरमैन प्रतिनिधि अमन जायसवाल,बिलसंडा नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा,पूरनपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, बरखेड़ा कमलेश गंगवार, नौगवां पकड़िया प्रतिनिधि संतोष सिंह सहित अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव से मुलाकात की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। जिस पर एसपी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया हैं।

अमेठी के सांसद ने आम जनमानस की सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने जनता की समस्याएं सुनी जिसमें सैकड़ों लोगों द्वारा अपनी समस्या रखी गई।केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई का आयोजन किया गया।सांसद किशोरीलाल शर्मा ने इस जनसुनवाई की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य जनों ने जन समस्यायों पर चर्चा की। आम जनमानस ने बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं इसके अलावा नहरों में पानी, खाद आवास, पेंशन, राशन, पुलिस,जिला प्रशासन, राजस्व और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें भी की गईं।सांसद ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी को कई समस्याओं के तत्काल समाधान का निर्देश दिया।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उन्हें हल करना उनकी पहली जिम्मेदारी है।अमेठी का हर नागरिक मेरे लिये सम्मानित है क्षेत्र का यह पच्चीसवां दौरा है कांग्रेस का छोटा बड़ा पदाधिकारी या आम जन सब मेरे लिये बराबर हैं बिचौलिये की कोई जरुरत नही है। उन्होंने कहा कि चुनाव मे जनता से जो वादा किया था उसी अनुरूप जनता की सेवा कर रहा हूं।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि अमेठी के हर नागरिक की आवाज को संसद व दिशा बैठक में जनहित के मुद्दों को उठाता रहता हूं। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि सदैव की भांति निरंतर जन सुनवाई नियमित रूप से आयोजित होती रहेगी।इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,सुल्तानपुर के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राना,ब्लाक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और सेवा दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वृंदावन समस्त कालों में सुखकारी रहा : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि पूरे नंद भवन में आनंद ही आनंद बरस रहा था तभी पूतना भगवान को मारने के लिये आ गयी और भगवान को गोद में लेकर खेलाने के बहाने लेकर भागी और विष लगा हुआ स्तन भगवान के मुंह में दे दिया और भगवान विष सहित इसका पूरा प्राण पी गये और भगवान नें पूतना को मुक्त कर दिया और पूतना के दूध को पीकर उसे भी मां जैसी सदगति दे दी। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि यशोदा मां सदैव उत्सव मनाने के लिये बहाने खोजती थी और पहली बार जब भगवान सोते हुये करवट बदले तब उसकी खुशी में सभी गोपियों को बुला लिया और भगवान के पालनें को बैलगाड़ी में लटकाकर सभी नाचने गाने लगें उसी बैलगाड़ी में शकटासुर नामक छिपा था प्रभु नें एक ही लात मारकर उसे भी मुक्त कर दिया।इसके बाद भगवान को मारने के लियें कंस द्वारा भेजा गया तृणावर्त नामक राक्षस आया भगवान नें उसे भी मुक्त कर दिया।नंद बाबा ने गर्गाचार्य जी को बुलाकर भगवान का नामकरण कराया है गर्गाचार्य जीनें भगवान का नाम कृष्ण और बलराम जीकानाम संकर्षण रखा है।इसके बाद महाराज जी नें भगवान के माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुयें कहा कि इसके माध्यम से भगवान ने ब्रज की सभी गोपियों के मन की इच्छा को पूरा किया है।इसके बाद भगवान के मृदभक्षन लीला का वर्णन किया है इस प्रकार भगवान नें ब्रज की मिट्टी को भी प्रसाद स्वरूप पवित्र कर दिया और इसी लीला में भगवान ने मां यशोदा को अपने मुख में सम्पूर्ण ब्रह्मान्ड का दर्शन कराया है।इसके बाद सुन्दर ऊखल बंधन की लीला का वर्णन किया है।जब ब्रज में आये दिन राक्षसों का आतंक बढ गया तब भगवान सबको लेकर वृन्दावन आगये क्योंकी वृन्दावन सभी काल में सुखकारी रहता है और वृन्दावन में भी भगवान नें वत्सासुर, बकासुर, अघासुर, धेनुकासुर, आदि राक्षसों का वध किया है।गोवर्धन लीला की कथा सुनाते हुये महाराज जी नें कहा कि इसके माध्यम से भगवान नें इन्द्र का मान भंग किया है और सम्पूर्ण ब्रजमण्डल की रक्षा की है और छप्पन भोग सहित गिरिराज जी की धूमधाम से पूजा किया गया है।इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद जी हरिद्वार,हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास,विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह व साकेत मिश्र, आईएएस अंकित अग्रवाल,गौरीशंकर वर्मा,मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी अंशुमान सिंह,शीतला प्रसाद मिश्र,संतोष सिंह, डॉ वीरेन्द्र प्रताप सिंह,राघवेंद्र सिंह,अभिनव राजपूत सहित अन्य तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तहसील परिसर में भाकियू ने समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने शुक्रवार समय लगभग 2 बजे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया लाह गांव में धार्मिक स्थल की जमीन को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। गांव सिमरिया अजीतपुर बिल्हा में आवारा पशुओं की संख्या काफी अधिक है जो किसानों की फसलों को बर्वाद कर रहे हैं। तकिया दिनारपुर गांव में रास्ते से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। तहसील क्षेत्र के गांव पटिहन में तालाब को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। गांव जादोपुर गहलुइया में प्रधान पक्ष से मन चाह रुपए बसूलकर पीड़ित पक्ष पर धारा 307 लगाकर शाकिर खा को गिरफ्तार किया गया है जबकि मेडिकल के आधार पर धारा 307 नहीं बनती हैं। इसमें जाँच कराने की मांग की है।गांव चंदोखा में चकमार्ग को जोतकर खेत में मिलाने सहित 6 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौपा है और 20 मई तक समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

चीन के मंसूबे

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि 'अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।' दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?' लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है। चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है। भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है। भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी। **–ललित गर्ग**

भवन निर्माण तकनीक जनजागरण अभियान को पच्चीस वर्ष पूरे

प्रेम शर्मा

भवन निर्माण तकनीक जनजागरण अभियान की स्थापना ग्राम फीना जनपद बिजनौर उप्र निवासी इंजीनियर हेमन्त कुमार ने वर्ष 2005 के आसपास की थी। हालाँकि इस क्षेत्र में वे और पहले से काम कर रहे थे। भवन समाज और परिवार की मूलभूत आवश्यकता होता हैं परन्तु भवन निर्माण बहुत महंगा कार्य है और यदि इसे विधिवत प्लानिंग से न बनवाया जाय तो जमीन और धन की बर्बादी होती है। इस सेक्टर में प्रतिवर्ष अरबों रूपये का कार्य कराया जाता है परन्तु प्लानिंग से बनने वाले भवनों की संख्या नगण्य है। फलतः देश के संसाधनों और व्यक्ति की गाढ़ी मेहनत की कमाई का महत्वपूर्ण हिस्सा व्यर्थ चला जाता है। दुर्भाग्य से इस क्षेत्र में जनजागरण की बड़ी जरुरत होते हुए भी न तो कोई सरकारी तंत्र काम कर रहा था और न ही कोई संस्था। इन परिस्थितियों को देखते हुए इं. हेमन्त कुमार ने अभिनव पहल करते हुए भवन निर्माण तकनीक जनजागरण अभियान की स्थापना की और इसके अंतर्गत पुस्तक व साहित्य लेखन जन जागरण गोष्ठियाँ निःशुल्क पुस्तक वितरण निःशुल्क लाइन प्लान वितरण निःशुल्क टेलीफोनिक मार्गदर्शन के माध्यम से जन सहयोग की शुरुआत की है।इस अभियान के अंतर्गत विगत पच्चीस वर्षों में हेमन्त कुमार ने जनजागरण और निःस्वार्थ सहयोग का अद्भुत और प्रेरक कार्य किया हैं और बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया है, हालाँकि इस अभियान की शुरुआत धीमी रही। लोगों को लाभ पहुँचाने में सबसे अधिक योगदान इस अभियान के अंतर्गत लिखी गयी पुस्तकों का रहा। इं. हेमन्त कुमार इस अभियान के अंतर्गत चार पुस्तक लिख चुके हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं विविध प्रकार के भवनों का परिचय एवं नक्शे, मकान बनवाते समय ध्यान रखने वाली 125 बहुत जरूरी बातें, चित्रों के झरोखे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण तथा भवन निर्माण तकनीक जन जागरण अभियान परिचय उपलब्धि संस्मरण और नक्शे। चारों पुस्तक इन्टरनेट पर निःशुल्क पढ़ी जा सकती हैं लाखों रूपये की रायल्टी प्रकाशकों ने देने के प्रयास किये परन्तु हेमन्त कुमार ने जनहित के लिए रायल्टी नहीं ली इसी कारण ये पुस्तक निःशुल्क पढ़ी जा सकती हैं। इन पुस्तकों में विविध प्रकार के भवनों का परिचय एवं नक्शे का लोकार्पण आई आई टी रूड़की में वहाँ के प्रोफ़ेसर्स द्वारा किया गया है। इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने जनोपयोगी तकनीकी लेखन के लिए प्रदेश का सबसे बड़ा सम्पूर्णानन्द नामित पुरस्कार तथा पचहत्तर हजार रूपये की धनराशी प्रदान की गई थी। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के पुरस्कारों को हिंदी जगत में शीर्ष स्थान प्राप्त है। यह उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम है और इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते हैं। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री या राज्यपाल अपने हाथों से प्रदान करते हैं परन्तु कोरोना के कारण उस बार का समारोह आयोजित नहीं हुआ जिस वर्ष हेमन्त कुमार की पुस्तक ने यह पुरस्कार जीता। इस इस पुस्तक की जनोपयोगिता देखते हुए ही यह पुरस्कार इनको दिया गया था । मिर्ज़ापुर निवासी इं. गुरुप्रसाद द्वारा इस पुस्तक की सैकड़ों प्रतियाँ अपने खर्च पर छपवा कर वितरित की गयी है। इन पुस्तकों को लाखों लोग पढ़ चुके हैं। इन जनजागरण कार्यों के लिए हेमन्त कुमार पी डब्ल्यू राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पी डब्ल्यू राज्य मंत्री ब्रजेश कुमार सिंह के हाथों सम्मानित हो चुके है। इनकी पुस्तक चित्रों के झरोखे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल तथा डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने शुभकामना सन्देश भेजे हैं और इस पुस्तक का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी दर्ज हुआ है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छोटी बड़ी जन जागरण गोष्ठियाँ कर बड़ी संख्या में संबंधित साहित्य वितरित किया गया। भवन नियोजन और निर्माण के क्षेत्र में इं. हेमन्त कुमार के अलावा कोई जनजागरण तथा निःशुल्क सहयोग प्रदान करने वाली संस्था सक्रिय नहीं दिखाई पड़ती। इस अभियान के अंतर्गत अनेक जनपदों के लोगों ने अपने भवनों को बताये गए तरीके से बनाया और लाभ प्राप्त किया। इस अभियान में भवनों के हजारों नक्शे बनाकर विशेषकर ग्रामीणवासियों को दिए जा चुके हैं। जनपद मिर्ज़ापुर के शांति उच्च शिक्षा तथा तकनीकी महाविद्यालय के नियोजन और निर्माण में इस अभियान का लाभ लिया गया है और प्रबंधन ने इसके शिलापट्ट पर इं. हेमन्त कुमार का नाम भी अंकित कराया है। इस महाविद्यालय के उद्घाटन के समय मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हेमन्त कुमार को निःस्वार्थ जनजागरण अभियान चलाने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

सेहत मंत्र

किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है भुजंगासन

शरीर को स्वस्थ रख बीमारियों को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है योग, योग में हर रोग का न सिर्फ इलाज छिपा है बल्कि यह आपको ऊर्जा भी प्रदान करता है। योग के कई आसनों में से एक है भुजंगासन। संस्कृत के शब्द भुजंग का अर्थ होता है सर्प और आसन का अर्थ है स्थिति। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी सर्प की तरह लचीला हो जाती है और शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है। इसीलिए इस आसन को भुजंगासन कहा जाता है। यह आसन पेट के बल लेटकर किया जाता है। इस आसन से शरीर को सुडौल बनाता है। कैसे करेंगे ये आसन- शुद्ध वातावरण और समतल जमीन पर आसन बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। सांस सामान्य रहे और शरीर की मांसपेशियों के शिथिल होने तक इस स्थिति में लेटें। माथे को जमीन पर और हाथों को कंधों के पास इस तरह से टिकाएं कि कोहनियां पीछे की तरफ शरीर के पास आ जाएं। टांगों और पैरों को सीधा रखते हुए आपस में मिला लें। धीरे-धीरे सांस भरें और हाथों को जमीन पर अच्छी तरह से टिकाते हुए कंधों के सहारे नाभि तक के हिस्से को इस प्रकार ऊपर की तरफ उठाएं कि छाती सामने की ओर आ जाए। गर्दन को पीछे की तरफ करते हुए ऊपर आकाश की ओर देखने का प्रयास करें। इस स्थिति में यथाशक्ति रुकने के बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे पूर्व स्थिति में लौट आएं।

भुजंगासन से किडनी और अन्य अंगों को लाभ- छाती, पीठ, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाता है। गले में स्थित ग्रंथियों को सशक्त कर शरीर को ऊर्जावान बनाता है। किडनी के लिए लाभप्रद है। तनाव व थकान को दूर करता है। हृदय और फ़ेफड़ों के लिए विशेष लाभप्रद है।पेट के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और सक्रिय करता है।

विशेषः योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। योग्य योग शिक्षक की देखरेख में ही आसनों की शुरुआत करें।

धर्म मंत्र

घर के मंदिर में न रखें 4 देवताओं की मूर्ति, वरना फायदा नहीं उल्टा हो सकता है नुकसान

भगवान की कृपा पाने के लिए लोग अपने-अपने घर के मंदिर देवी-देवताओं की मूर्ति रखते हैं। मान्यता है कि घर में भगवान की मूर्ति या फोटो होती है तो परेशानियां दूर रहती हैं। मंदिर में पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार घर में सभी देवताओं की मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। भगवान के कुछ ऐसे स्वरूप हैं जो घर में रखना शुभ नहीं बल्कि अशुभ होता है। ऐसे स्वरूप घर में रखने से फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो सकता है। 1. भैरव देवः भैरव देव को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। घर में छोटा सा शिवलिंग रख सकते हैं, लेकिन शिवजी के अवतार भैरव भगवान की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। भैरव देव तंत्र के देवता हैं और इनकी पूजा घर के बाहर ही करनी चाहिए। 2. नटराजः भगवान शिवजी का रौद्र स्वरूप है नटराज। इस स्वरूप में शिवजी तांडव करते नजर आते हैं। ये मूर्ति रखने से घर में अशांति बढ़ सकती है। परिवार के सदस्यों का स्वभाव क्रोधी हो सकता है। 3. शनि देवः ज्योतिष में शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है, साथ ही ये एक क्रूर ग्रह है। शनिदेव सूर्य के पुत्र हैं। इनकी मूर्ति घर में रखना अशुभ माना जाता है। शनि की पूजा घर से बाहर ही करनी चाहिए। 4. राहु-केतुः राहु और केतु को छाया ग्रह और पाप ग्रह माना जाता है। ज्योतिष की मान्यता है कि राहु-केतु की पूजा की जाए तो हम बड़ी-बड़ी परेशानियों से बच सकते हैं, लेकिन इनकी पूजा घर में नहीं बल्कि बाहर किसी मंदिर में करनी चाहिए। घर में इनकी मूर्ति रखने से अशुभ फल मिल सकते हैं।

पर्यटन

सिंगापुर एशिया का सबसे खूबसूरत देश

अगर आप भी विदेश भ्रमण करना चाहते हैं तो सिंगापुर द्वीप को चुनना आपके लिए फायदेमंद रहेगा, क्योंकि यहां पर कई धर्मों में विश्वास रखने वाले, विभिन्न देशों की संस्कृति, इतिहास तथा भाषा के लोग एकजुट होकर रहते हैं। सिंगापुर दक्षिण एशिया में मलेशिया तथा इंडोनेशिया के बीच में स्थित है। वैसे तो सिंगापुर को सिंहों का पुर माना जाता है यानी इसे सिंहों का शहर भी कहा जाता है। इस शहर को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। यहां मुख्य रूप से चाइनीज और अंग्रेजी भाषा प्रचलित हैं। यहां कई मनोरंजक स्थल हैं, साथ ही यह आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा युक्त संपन्न शहर है। सैर-सपाटे की दृष्टि से कई प्रकार के मनोरंजक स्थल मौजूद हैं, जो पर्यटकों का मन लुभाते हैं। विश्व के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक सिंगापुर है तथा यह प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। यहां का हवाई अड्डा आधुनिक तकनीक तथा सर्वसुविधा संपन्न है। यहां के कई मनमोहक दृश्य देखने के बाद आंखों के सामने उन नजरों को हटाना मुश्किल सा लगता है। सिंगापुर का रुख करने के बाद अगर आप वहां भारत देखना चाहते हैं तो एक स्थान ऐसा भी है, जहां पर भारतीय खान-पान और सारी अन्य वस्तुएं आसानी से मिल जाती है। दक्षिण भारतीय उडलैंड होटल के पास आप कई तरह की चीजें देख सकते हैं। इसके साथ ही यहां अनेक तरह की भारतीय पोशाकें भी आसानी से प्राप्त जाती है। सिंगापुर के बड़े-बड़े बहुमंजिला मॉल्स में भी आपको हर तरह का भारतीय सामान देखने को मिल सकता हैं। एक किंवदंती के अनुसार चौदहवीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार जब शिकार हेतु सिंगापुर द्वीप गया, तो वहां के जंगलों में सिंहों को देखकर उसने उक्त द्वीप का नामकरण सिंगापुरा अर्थात सिंहों का द्वीप कर दिया था। सिंगापुर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में यहां के तीन संग्रहालय, जूरोंग बर्ड पार्क, रेप्टाइल पार्क, जूलॉजिकल गार्डन, साइंस सेंटर सेंटोसा द्वीप, पार्लियामेंट हाउस, हिन्दू, चीनी व बौद्ध मंदिर तथा चीनी व जापानी बाग देखने लायक हैं। यहां पर जंगल, पहाड़, झरने तथा यहां के लहलहाते पेड़-पौधों व फूलों के बीच से रेलगाड़ी गुजरती है। यह देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो हम कोई स्वप्न देख रहे हो। यहां के बॉटनिकल गार्डन में विभिन्न प्रकार के रंगबिरंगे आर्किड फूल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

कुर्सी विधानसभा के कई गांवों के सैकड़ो ग्रामीणों को साकेन्द्र का तोहफा, विधायक ने किया भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी विधानसभा के जनप्रिय विधायक ने निंदूरा विकासखंड के अति पिछड़े क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की राह अब आसान कर दी। 310 मी. इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण के लिए शुक्रवार को उन्होंने जब भूमि पूजन किया तो क्षेत्रीय ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

ग्राम पंचायत बिसई के कुंडवा चौराहा एवं लखनऊ महमूदाबाद मुख्य मार्ग से मोहसंड ग्राम पंचायत से होकर कस्बा टिकैतगंज के मुख्य बाजार तक मार्ग अभाव था, फल स्वरुप सैकड़ो ग्रामीणों को आने जाने में बड़ी कठिनाईयो से गुजरना पड़ता था। क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा सड़क निर्माण के लिए अपने प्रिय से कई बार मांग उठाई थी। आज शुक्रवार को अंततः वह अवसर आ? गया जब उनकी मुंह मांगी मुराद पूरी हुई। स्थानीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने 310 मीटर इंटर लॉकिंग मार्ग निर्माण हेतु आज शुक्रवार को विधि विधान से भूमि पूजन किया। बताते चले कि बीते कई वर्षों से यह मार्ग जर्जर पड़ा था राहगीरों को आने जाने में दुश्वारियां का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा स्थानीय कुर्सी विधायक श्री वर्मा के समक्ष कई बार मांग रखी गई थी। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने आज भूमि पूजन कर कई गांव के कई सैकड़ा ग्रामीणों को तीन सौ मीटर से अधिक इंटरलॉकिंग मार्ग का तोहफा दिया। जिस समय इस तार तम्य में श्री वर्मा भूमि पूजन कर रहे थे आयोजन स्थल पर उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बनी।

इस अवसर पर अवर अभियंता आरइएस सचिन यादव, प्रदीप रावत, मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य, सुनील, विश्वकर्मा , वीरेंद्र गुप्ता, मुनवा काका, विशाल सिंह, वीरेंद्र मौर्य, कमला सिंह, जयप्रकाश सिंह ,श्याम जी द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

तीन लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे बाइक एवं नकदी बरामद

तमंचे के बल पर दिया थे वारदात को अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । पुलिस ने लूट की घटना का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और नकदी बरामद की गई है।

घटना 10 मई की रात करीब 12 बजे की है। निंदुरी गांव के रामसनेही अपने बड़े भाई हीरालाल के साथ बारात से लौट रहे थे। सहापुर नहर के पास नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर लूटपाट की और फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने सरायराजघाट के रहने वाले संजय, राजू और नितेश कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों से मोटरसाइकिल और 3,800 रुपये नकद बरामद किए गए। संजय के पास से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी मिला। पूछताछ में आरोपियों ने सहापुर पुलिया के पास डरा-धमकाकर मोबाइल और नकदी लूटने की बात स्वीकार की। तीनों को जेल भेज दिया गया है। घटना के खुलासे में मुख्य रूप से थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह अतिरिक्त निरीक्षक राजेश यादव, उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र ,हेड कांस्टेबल सैयद आले हमजा, इंद्र बहादुर सरोज ,विनोद कुमार कांस्टेबल सुरेश राजभर ,धीरेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष विश्वकर्मा रूपेंद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे ।

मेधावी छात्र छात्राओं का भाकियू ने किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकीथ। किसान नेता स्मृति शेष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय असदामऊ न्यामतपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धौर द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य एवं जिला स्वास्थ्य व कल्याण समिति अध्यक्ष हौंसला प्रसाद वर्मा ने की।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्राम पंचायत के दो युवकों-नितिन कुमार व रोहित कुमार, जो हाल ही में यूपी पुलिस विभाग में चयनित हुए हैं, उनको पुरस्कृत व पुष्प की माला पहना कर सम्मानित किया गया। छवि वर्मा, दुर्गेश यादव, सौरभ यादव, आयुष यादव, नैना, अभिषेक, सोनाक्षा, अमरेन्द्र यादव व शैंकी आदि छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया।।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जंगबहादुर वर्मा, सहायक अध्यापक जितेन्द्र कुमार चौरसिया, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार वर्मा, शुभकरन वर्मा, विजय बहादुर समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं के हितो के लिए सदैव संघर्ष करता रहूंगा : राम अचल मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ तहसील में अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह, मंत्री सतीश चंद्र शर्मा रहे मुख्य अतिथि

हैदरगढ़ बाराबंकी। हैदरगढ़ तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य अखिलेश अवस्थी एवं बैजनाथ रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल जज (जूनियर डिवीजन) हैदरगढ़, वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा, महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी एवं अन्य पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में स्वयं को क्षेत्र का बेटा और भाई बताते हुए अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय प्रणाली की रीढ़ हैं और उनकी सुविधाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। विशिष्ट अतिथि बैजनाथ रावत ने वादकारियों को समय पर न्याय दिलाने की अपील की, वहीं अखिलेश अवस्थी ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है।

विधायक दिनेश रावत ने नई कार्यकारिणी से सरकार की मंशा अनुसार न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने की अपेक्षा जताई। इस दौरान अधिवक्ताओं की सुविधा हेतु प्रस्तावित नए हाल का नामकरण पूर्व अध्यक्ष स्व. यशकरण तिवारी के नाम पर करने की घोषणा की गई। समारोह में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विजय त्रिवेदी, एसडीएम एमएसटी खान, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, हाईकोर्ट अधिवक्ता अमरनाथ मिश्र, निवर्तमान अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी, प्रधान अरुण शुक्ल, ग्राम्यांचल सेवा समिति के कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी सहित तेज बहादुर सिंह, रजत मिश्रा, मोहित, बृजेन्द्र प्रताप सिंह 'बिज्जू', व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला, योगेश द्विवेदी, समाजसेवी दीपू तिवारी, सोमिल शुक्ला, कृष्ण मगन पांडेय, आशीष मिश्रा, हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मोटसाइकिल और डीसीयम की टक्कर, दो घायल,एक की हालत गम्भीर

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोटरसाइकिल वाला डीसीएम की हुई आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे अहिबरन मजरे कोलवा निवासी भददू सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह व पूरे माधव मजरे टिकरहुवां निवासी विनोद तिवारी पुत्र अयोध्या प्रसाद तिवारी 40 वर्ष मोटरसाइकिल से हैदरगढ रहे थे,जब दोनों कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के सरांयचौबे मोड़ के निकट पूर्वांचल की सर्विस रोड पर पहुंचे ही थे तभी संसारा गांव की तरफ से सर्विस रोड के रास्ते आ रही तेज रफ्तार डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में लेते हुए घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायलों में भददू सिंह की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। घटना हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर लगभग साढे चार बजे शाम को हुई है।

तीन वर्ष बीतने के बाद भी न प्लॉट का कब्जा, न पैसे की वापसी पीड़िता ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित प्लॉट खरीदने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता सुनीता सिंह पत्नी शिव मोहन सिंह, वर्तमान निवासी सूर्य नगर, आरडीएसओ गुरुद्वारा, आलमबाग, लखनऊ ने बताया कि उन्होंने बीते छह दिसम्बर 2021 को एच.के. इन्फ्राविजन प्रा. लि. के माध्यम से प्रमोद कुमार उपाध्याय से 2400 स्क्वायर फीट का प्लॉट खरीदा था। प्रमोद उपाध्याय, जोकि आवास विकास वृंदावन योजना, लखनऊ के निवासी हैं। उन्होंने मौरावां रोड पर। स्थित कान्हा उपवन साइड में प्लॉट दिखाया था। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने लगभग 20 लाख रुपये की रकम उपाध्याय को अदा की थी। लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो प्लॉट की मापजोख कर उन्हें कब्जा दिलाया गया, और न ही उनकी धनराशि लौटाई गई। पीड़िता सुनीता सिंह ने बताया कि बार-बार कहने पर भी प्रमोद उपाध्याय सिर्फ टाल-मटोल करते रहे और समय पर कार्रवाई का झांसा देते रहे। अब जब इस घटना को तीन साल से अधिक हो गए हैं, तो पीड़िता न्याय की गुहार लगा रही हैं।उन्होंने योगी सरकार और पुलिस विभाग से इस प्रकरण में संज्ञान लेकर तत्काल न्याय दिलाने और धोखाधड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

टुल्लू में करंट से महिला की मौत

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के भवानीपुर ददरौली गांव निवासी 55 वर्षीय प्यारा देवी पत्नी जवाहर यादव सुबह करीब 9 टुल्लू पम्प का मोटर चालू करने का प्रयास किया तभी करंट लगा और उनकी मौत हो गयी है।मृतका के पति जवाहर यादव ने बतया कि नहाने के लिए नल के पास मोटर चलाने गई थीं। प्लग लगाते समय अचानक करंट लगने से उनकी मृत्यु हुई।परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया । इस सम्बन्ध में बदोसराय कोतवाल संतोष कुमार ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने चंद्रशेखर मंत्री शौरभ

बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष एवं सौरभ पांडेय को ब्लाक संगठन का मंत्री मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष श्री सिंह एवं महामंत्री नीरज वर्मा द्वारा सभी मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विकास जायसवाल मीडिया प्रभारी सौरव वर्मा सचिन वर्मा जिला संगठन मंत्री सचिन चौधरी लोकेश शुक्ला रवि वर्मा महेंद्र प्रताप सिंह अभय प्रताप अभय तिवारी सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

ट्रक से टकराया ट्रेलर चालक की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार दोपहर अहमदपुर चौकी के क्षेत्र गांव पूरे कोट के पास अयोध्या नेशनल हाईवे पर पहले से बीच रोड़ पर खड़े डम्पर से ट्रक टेलर टकरा गया। चालक चन्दन गिरी 35 वर्ष पुत्र ओमवीर गिरी निवासी गोपाल गंज मैनपुरी की मौत हुई। चौकी प्रभारी सौम्य जयसवाल ने डम्पर कब्जे में ले लिया।

फंदे से झूलता मिला विवाहिता का शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सीहामऊ ग्राम में शुक्रवार सुबह 25 वर्षीय पिंकी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फैंसी फंदे से लटकता मिला।मृतका की शादी वर्ष 2021 में उमानाथ से हुई थी।परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात कारणों से लगी, भारी नुकसान

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के दतौली चौराहे पर स्थित एक ढाबे में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई होटल से धुआं निकलता देख चौराहे पर हड़कंप मच गया कस्बा वासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक प्रहलाद पुरवा निवासी एक दुकानदार दतौली चंदा रोड पर ढाबा चलाता था शुक्रवार दोपहर भट्टी से आग लग गई जिसमें दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया दुकानदार ने बताया की दुकान में रखा कुर्सी मेज ठंडा आदि दुकान में रखा अन्य सामान सहित लगभग 50हजार रुपए का सामान जलकर राख रहा हो गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

ट्रेनीज हॉकी लीग का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ट्रेनीज हॉकी लीग मैच शुक्रवार को के डी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला गया। पहला मैच बाबू सोसाइटी और गांधी क्लब ए के बीच खेला हुआ।जिसमें बाबू सोसाइटी ने 6 गोल से जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में स्थान बनाया ,बाबू सोसायटी के आशुतोष ने दो आदिल ने दो, लकी और अमित ने शानदार मैदानी गोल किया। दूसरा मैच गांधी क्लब बी और बाराबंकी वारियर्स के बीच हुआ जिसमें खेल की शुरुआत में गांधी क्लब के प्रीतम ने मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी जो कि निर्णायक रही। इस अवसर पर हॉकी सचिव म.ज़हर अ.ज़ीज़ खान,सयुक्त सचिव चंदा रानी, शकील अहमद आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

एक दिवसीय प्रशिक्षण, बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। वात्सल्य संस्था के सक्षम परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव पर सेवा प्रदत आशा बहुओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण मे ट्रेनर नीलिमा गुप्ता द्वारा किशोरावस्था में बदलाव परिवार नियोजन पारिवारिक शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि किशोर अपने बारे में अधिक जानने और समझने के लिए संघर्ष करते हैं।, जिससे उन्हें अपनी पहचान और अपनी भूमिका के बारे में नई समझ विकसित होती है तथा किशोरावस्था के दौरान, किशोरों के मूड में तेजी से उतार-चढ़ाव हो सकता है, जो कि हार्मोनल परिवर्तनों और जीवन में होने वाले परिवर्तनों के कारण हो सकता है। ब्लॉक समन्वयक महेंद्र कश्यप के द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम किशोरियों में एनीमिया की कमी के मुद्दे पर चर्चा की गयी कार्यक्रम में कुल 46 लोगों की उपस्थिति रही इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आसाराम चौधरी जी, संस्था से कमलेश कुमार,सीमा वर्मा,शोभीका मिश्रा भी उपस्थित रहे।

1090 चौराहे पर होटल-कॉम्पलेक्स, गोमती नदी किनारे ग्रुप हाउसिंग लाएगा एलडीए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर की सबसे प्राइम लोकेशन पर लगभग 3300 करोड़ रूपये की दो परियोजनाएं लाने जा रहा है। इसके अंतर्गत 1090 चौराहे पर होटल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स व ऑफिस स्पेस विकसित किया जाएगा। वहीं, शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पीछे 51 एकड़ क्षेत्रफल में रिवर व्यू अपार्टमेंट निर्मित किये जाएंगे। यह दोनों परियाजनाएं पीपीपी मोड पर विकसित की जाएंगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को रियल एस्टेट सेक्टर के निवेशकों के साथ बैठक करके प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 1090 चौराहे पर प्राधिकरण की 5.5 एकड़ भूमि है। प्राइम लोकेशन पर स्थित इस जमीन पर होटल, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व ऑफिस स्पेस विकसित किया जाएगा। इसमें लगभग 800 करोड़ रूपये की लागत आएगी। इस प्रोजेक्ट से शहर में पर्यटन व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा, जिसमें एलडीए को-डेवपर की भूमिका में रहेगा। बिल्डिंग को आईकॉनिक बनाने के लिए इसके डिजाइन व फसाड पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि आकार लेने के बाद यह शहर की नयी पहचान बन सके। निर्माण पूर्ण होने के बाद व्यावसायिक एवं ऑफिस स्पेस आदि को 90 वर्ष की लीज पर आवंटित किया जाएगा, जिसकी लीज अवधि बढ़ायी जा सकेगी।

4,000 परिवारों को मिलेगी आवासीय सुविधा

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहीद पथ पर पुलिस मुख्यालय के पीछे ग्राम-मलेशेमऊ की 51 एकड़ अर्जित भूमि को हाल ही में अभियान चलाकर खाली कराया गया है। अब यहां पीपीपी मोड पर लगभग 2500 करोड़ रूपये की लागत से ग्रुप हाउसिंग विकसित की जाएगी, जहां लगभग 4,000 परिवारों को विश्वस्तरीय आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। योजना को तीन क्लस्टर में विकसित किया जाएगा, जिसमें रियल एस्टेट सेक्टर की अलग-अलग कंपनियां प्रतिभाग कर सकेंगी।

रिवर व्यू अपार्टमेंट बनेंगे

उपाध्यक्ष ने बताया कि एफएआर 5 होने से बहुमंजिला अपार्टमेंट के कई टावर बनेंगे। जिसमें 1 बीएचके से लेकर 4 बीएचके फ्लैट्स व पेंट हाउस निर्मित किये जाएंगे। इसमें ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के भवन भी बनाये जाएंगे। सोसाइटी में स्वीमिंग पूल, जिम, क्लब, योगा सेंटर आदि सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। गोमती नदी के किनारे होने से सभी अपार्टमेंट रिवर व्यू होंगे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि परियोजना के पास एलडीए द्वारा ग्रीन कॉरिडोर, शहीद पथ-ग्रीन कॉरिडोर क्लोवर लीफ, सुल्तानपुर रोड को जोड़ती हुयी मास्टर प्लान रोड व फ्लावर वैली विकसित की जा रही है। इससे भविष्य में यह योजना कहीं अधिक प्राइम हो जाएगी। जून, 2025 में इन दोनों परियोजनाओं के लिए आरएफपी आमंत्रित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एग्रीमेंट साइन होने के तीन वर्ष के अंदर सम्बंधित कंपनी को निर्माण कार्य पूर्ण करना होगा।

चकबंदी विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, किसानों की हालत बिगड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरौली में शुक्रवार सुबह 10 बजे चकबंदी विभाग कर्मी कब्जा परिवर्तन करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया । हजारों की संख्या में एकत्रित किसानों ने चकबंदी का विरोध किया?। चकबंदी विभाग और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस होती रही। किसान चकबंदी विरोध पर अड़े रहे, हालात को देखते हुए कुर्सी थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे, ग्रामीणों का कहना था कि हम चकबंदी का लगातार विरोध कर रहे हैं किंतु चकबंदी विभाग जबरन चकबंदी कराना चाह रहा है , हजारों किसान विरोध करते रहे और चकबंदी विभाग नाप करता रहा। इस दौरान कड़ी धूप में विरोध जताते समय चार-छः किसानों की हालत खराब हो गयी। वह मौके पर चक्कर खाकर गिर ग?ए। उन्हें आनन फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

केकेआर और आरसीबी मैच से आईपीएल फिर से होगा शुरू, टेस्ट से संन्यास के बाद कोहली पर होगी नजरें

एजेंसी

बेंगलुरु। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा, जिसमें सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रूकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगायेंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमों अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है। कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है। मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगायेंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफ़ेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे। केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गये हैं।

स्टार्क के आईपीएल के शेष मैचों में नहीं खेलने के फैसले से दिल्ली कैपिटल्स को झटका

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष मैचों के लिए कथित तौर पर भारत लौटने का फैसला नहीं किया है, जिससे उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा है। 'ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस' के अनुसार, स्टार्क ने फ्रेंचाइजी को बताया है कि वह धर्मशाला वाले मैच के एक सप्ताह बाद टीम में शामिल नहीं हो सकेंगे। इस मैच को आस-पास के इलाकों में हवाई हमले की चेतावनी के बाद सुरक्षा कारणों से बीच में ही रद्द कर दिया गया था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण अगले दिन लीग को निलंबित कर दिया गया था।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **09.06.2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

1	निविदा सूचना संख्या	05502025 दिनांक 16.05.2025			
2	निविदा संख्या	09-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26			
3	कार्य का नामः सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत फाफामऊ गुड्स बाईपास लाइन पर पीएससी स्लीपरों के साथ गैर मानक निर्मित डायमंड क्रॉसिंग को सीएमएस क्रॉसिंग से प्रतिस्थापित किय जाने का कार्य।				
4	अनुमानित लागत	Rs.1,64,70,653.70	5	धरोहर राशि	Rs.2,32,400.00
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।			
7	निविदा डालने का प्रारंभ	26.05.2025			
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	09.06.2025, 15:00 बजे			
9	बेबसाईट	www.ireps.gov.in			

नोट :–1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1447/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यूटीटी का छठा सत्र 31 मई से, फाइनल 15 जून को

नयी दिल्ली। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सत्र अहमदाबाद के 'ईकेए एरिना' में दोहरे मुकाबलों के साथ शुरू होगा जिसमें गत चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और घरेलू टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के बीच मैच भी शामिल है। लीग का आगाज दूसरे सत्र की चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी और श्रीजा अकुला की अगुवाई वाली जयपुर पैट्रियट्स के बीच होने वाले मैच से होगा। आठ फ्रेंचाइजी 23 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी, जिसका फाइनल 15 जून को होगा। विश्व की 14वें नंबर की खिलाड़ी बर्नाडेट स्जोक्स और उभरती हुई भारतीय स्टार यशस्विनी घोरपड़े की अगुआई में यू मुंबा टीटी की टीम अपने सत्र की शुरुआत एक जून को महाराष्ट्र डर्बी के साथ करेगी। टीम के सामने स्पेन के दिग्गज अल्वारो रॉबल्स की कप्तानी वाली पीबीजी पुणे जगुआर की चुनौती होगी। विश्व के युवा नंबर पांच अंकुर भट्टाचार्जी, ओलंपियन कादरी अरुणा और एड्रियाना डियाज की मौजूदगी वाली कोलकाता थंडरब्लेड्स अपने अभियान की शुरुआत दो जून को तीसरे सत्र की विजेता चेन्नई लायंस के खिलाफ करेगी। चेन्नई लायंस का नेतृत्व मौजूदा सत्र के सबसे महंगे खिलाड़ी चीन के फैन सिकी और पूर्व विश्व युवा नंबर एक (अंडर–17) पायस जैन करेंगे। इसका सेमीफाइनल 13 और 14 जून को खेला जायेगा। प्रत्येक टीम ग्रुप चरण में पांच मुकाबले खेलेगी। प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होंगे। इसमें दो पुरुष एकल, दो महिला एकल और एक मिश्रित युगल मुकाबला होगा। लीग चरण के बाद अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

जीव मिल्खा सिंह ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स गोल्फ में संयुक्त 15वें स्थान पर

किलकेनी (आयरलैंड)। दिग्गज भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यूरोप में लीजेंड्स टूर के ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स इवेंट के पहले दौर में 2 अंडर 70 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की। मुख्य टूर पर चार बार के चैंपियन जीव दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाकर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के कीथ हॉर्न शुरुआती दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद हमवतन जेम्स किंग्स्टन से एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

अप्रैल में इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में 11.28 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

कोलकाता। वैश्विक स्तर पर तमाम चुनौतियों के बावजूद इस वर्ष अप्रैल में भारत के इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में 11.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे आने वाले महीनों के लिए इस क्षेत्र में सकारात्मक रुझानों की उम्मीद जताई जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 में जहां भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 8.55 अरब डॉलर का रहा था वहीं अप्रैल 2025 में यह बढ़कर 9.51 अरब डॉलर हो गया। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने कहा कि ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इस वृद्धि को और बल मिलेगा जबकि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता भी शिपमेंट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी ला सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अमेरिकी व्यापार नीति में बदलाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए भारतीय निर्यातकों को अपने निर्यात गंतव्यों में विविधता लानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से निर्यातकों को लगातार समर्थन मिलता रहा है और उम्मीद है कि नीतिगत उपायों से इस क्षेत्र को आगे और मजबूती मिलेगी। ईईपीसी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद उद्योग को सतर्क रहकर रणनीति बनानी होगी ताकि भारत का इंजीनियरिंग निर्यात वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती से बना रहे।

भारतीय कारोबारियों ने तुर्की और अजरबैजान का किया व्यापारिक बहिष्कार

नई दिल्ली। खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया। कैट के शुक्रवार को दिल्ली में आज आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा।

उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र-1

विषयः निविदा प्रपत्र संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 का शुद्धि–पत्र। सन्दर्भः निविदा सूचना संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 दिनांक 06.05.2025 खुलने की तिथि 29.05.2025.

कार्य का नामः कन्वर्शन ऑफ आई.सी.एफ. कोचेस इन टू एन.एम.जी.एच.एस. एन्ड एन.एम.जी.एच.एस.आर. कोचेस। उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र के **Annexure-F (Tenderer's Credentials (Bid Capacity)** को **GCC-2022** के अनुसार परिवर्तित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर upload कर दिया गया है।

संख्याः 2025-एएमवी-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-29 दिनांक 10.05.2025 1445/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

गाड़ी संख्या	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृति	चलने के दिन	चलने के तिथि
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जंक्शन	08:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04087	पटना जंक्शन	12:00	नई दिल्ली	04:40			11.07.2025 तक
04064	नई दिल्ली	09:30	शेखपुरा	05:00	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04063	शेखपुरा	07:00	नई दिल्ली	23:35		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04066	नई दिल्ली	21:35	सहरसा जंक्शन	22:00	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04065	सहरसा जंक्शन	23:55	नई दिल्ली	23:30		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04022	नई दिल्ली	14:00	गोरखपुर	05:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	12.07.2025 तक
04081	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	11:40	त्रि–साप्ताहिक	सोमवार, बुध, शनि	12.07.2025 तक
04082	श्री माता वैष्णों देवी कटरा	21:20	नई दिल्ली	09:30		मंगल, गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04012	दिल्ली जंक्शन	19:30	दरभंगा जंक्शन	20:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04011	दरभंगा जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	22:40		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04024	दिल्ली जंक्शन	19:30	वाराणसी जंक्शन	09:45	त्रि–साप्ताहिक	सोम,गुरु,शनि	10.07.2025 तक
04023	वाराणसी जंक्शन	18:35	दिल्ली जंक्शन	08:50		मंगल,शुक्र,रवि	11.07.2025 तक
04026	दिल्ली जंक्शन	23:05	रक्सौल जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04025	रक्सौल जंक्शन	22:00	दिल्ली जंक्शन	17:45		शुक्रवार	11.07.2025 तक
04018	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जंक्शन	06:00	साप्ताहिक	गुरुवार	29.05.2025 तक
04017	मुजफ्फरपुर जं	07:30	आनंद विहार (ट)	06:00		शुक्रवार	30.05.2025 तक
04020	आनंद विहार (ट)	19:30	बरौनी जंक्शन	18:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04019	बरौनी जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	19:00		सोमवार	07.07.2025 तक
04070	आनंद विहार (ट)	00:20	राजगीर	19:50	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04069	राजगीर	23:30	नई दिल्ली	19:00		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04096	आनंद विहार (ट)	05:00	जयनगर	12:00	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	10.07.2025 तक
04095	जयनगर	17:00	आनंद विहार (ट)	19:55		मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04098	आनंद विहार (ट)	05:00	सीतामढी	02:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	11.07.2025 तक
04097	सीतामढी	03:45	आनंद विहार (ट)	01:30		बुध, शनि	12.07.2025 तक
04030	आनंद विहार (ट)	09:00	मुजफ्फरपुर जंक्शन	04:30	द्वि–साप्ताहिक	शनिवार	17.05.2025 को
04029	मुजफ्फरपुर जंक्शन	06:15	आनंद विहार (ट)	03:10		रविवार	18.05.2025 को
04094	आनंद विहार (ट)	23:55	जोगबनी	07:30	साप्ताहिक	गुरुवार	10.07.2025 तक
04093	जोगबनी	09:30	आनंद विहार (ट)	16:00		शनिवार	12.07.2025 तक
04207	लखनऊ जंक्शन	08:05	नई दिल्ली	17:50	साप्ताहिक	सोमवार	07.07.2025 तक
04208	नई दिल्ली	20:20	लखनऊ जंक्शन	06:00		सोमवार	07.07.2025 तक
04213	अयोध्या कैंट	18:20	आनंद विहार (ट)	06:00	त्रि–साप्ताहिक	रवि,मंगल,गुरु	10.07.2025 तक
04214	आनंद विहार (ट)	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोम,बुध,शुक्र	11.07.2025 तक
04687	बनिहाल	18:40	बडगाम	20:20	सप्ताह में 06 दिन	शुक्रवार को छोड़कर	03.06.2025 तक
04688	बडगाम	08:35	बनिहाल	10:40			03.06.2025 तक
04217	वाराणसी जंक्शन	06:25	लखनऊ जंक्शन	11:45	प्रतिदिन		30.06.2025 तक
04218	लखनऊ जंक्शन	16:30	वाराणसी जंक्शन	21:50			30.06.2025 तक
04219	शाहगंज जंक्शन	22:35	अयोध्या धाम जंक्शन	01:40	प्रतिदिन		10.07.2025 तक
04220	अयोध्या धाम जंक्शन	02:10	शाहगंज जंक्शन	04:40			10.07.2025 तक
02270	लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल)	14:15	छपरा	21:30	सप्ताह में 06 दिन	मंगलवार को छोड़कर	11.07.2025 तक
02269	छपरा	23:00	लखनऊ जंक्शन	06:30			11.07.2025 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	18:15	वाराणसी जंक्शन	19:00	साप्ताहिक	रविवार	06.07.2025 तक
04603	वाराणसी जंक्शन	05:30	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	11:25		मंगलवार	08.07.2025 तक
04206	वाराणसी जंक्शन	14:50	चंडीगढ़	07:45	साप्ताहिक	शनिवार	05.07.2025 तक
04205	चंडीगढ़	09:30	वाराणसी जंक्शन	01:20		रविवार	06.07.2025 तक
04518	भटिंडा जंक्शन	20:50	वाराणसी जंक्शन	17:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, शुक्र	11.07.2025 तक
04517	वाराणसी जंक्शन	20:40	भटिंडा जंक्शन	17:00		मंगल, शनि	12.07.2025 तक
04209	लखनऊ जंक्शन	20:45	चंडीगढ़	07:55	त्रि–साप्ताहिक	सोम,बुध,शुक्र	09.07.2025 तक
04210	चंडीगढ़	10:20	लखनऊ जंक्शन	21:30		मंगल,गुरु,शनि	10.07.2025 तक
04504	चंडीगढ़	23:35	पटना जंक्शन	22:10	साप्ताहिक	गुरुवार	29.05.2025 तक
04503	पटना जंक्शन	22:45	चंडीगढ़	23:10		शुक्रवार	30.05.2025 तक
04302	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जंक्शन	13:00	साप्ताहिक	मंगलवार	15.07.2025 तक
04301	मुजफ्फरपुर जंक्शन	15:00	योग नगरी ऋषिकेश	14:20		बुधवार	16.07.2025 तक
04606	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	21:30	गुवाहाटी	19:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	30.05.2025 तक
04605	गुवाहाटी	23:20	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	20:45		सोमवार	02.06.2025 तक
04610	जम्मू तवी	06:20	वाराणसी जंक्शन	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	09.07.2025 तक
04609	वाराणसी जंक्शन	09:00	जम्मू तवी	07:45		शुक्रवार	10.07.2025 तक
04304	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	गोरखपुर	06:20	साप्ताहिक	शनिवार	12.07.2025 तक
04303	गोरखपुर	09:00	योग नगरी ऋषिकेश	00:55		रविवार	13.07.2025 तक
04602	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	15:10	पटना जंक्शन	18:00	द्वि–साप्ताहिक	बुध, शनिवार	12.07.2025 तक
04601	पटना जंक्शन	20:50	फिरोजपुर कैंट जंक्शन	23:55		गुरु, रविवार	13.07.2025 तक
04608	अमृतसर जंक्शन	20:10	दरभंगा जंक्शन	02:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	11.07.2025 तक
04607	दरभंगा जंक्शन	04:00	अमृतसर जंक्शन	10:30		रविवार	13.07.2025 तक
04212	सुल्तानपुर जंक्शन	04:00	लोकमान्य तिलक	14:00	साप्ताहिक	सोमवार	23.06.2025 तक
04211	लोकमान्य तिलक	16:35	सुल्तानपुर जंक्शन	23:00		मंगलवार	24.06.2025 तक
05559	रक्सौल जंक्शन	05:30	उधना जंक्शन	12:35	साप्ताहिक	शनिवार	17.05.25 से 26.07.25 तक
05560	उधना जंक्शन	15:35	रक्सौल जंक्शन	00:15		रविवार	18.05.25 से 27.07.25 तक
04058	नई दिल्ली	19:30	सहरसा	19:50	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	20.05.25 से 11.07.25 तक
04057	सहरसा	21:40	नई दिल्ली	23:30		बुध, शनि	21.05.25 से 12.07.25 तक
04072	दिल्ली जं.	11:00	दरभंगा जं.	13:30	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	19.05.25 से 10.07.25 तक
04071	दरभंगा जं.	15:00	दिल्ली जं.	18:50		मंगल, शुक्र	20.05.25 से 11.07.25 तक
03255	पटना जंक्शन	22:20	आनंद विहार (ट)	18:35	द्वि–साप्ताहिक	रवि, गुरु	02.01.2025 से अगले आदेश तक
03256	आनंद विहार (ट)	23:30	पटना जंक्शन	18:35		सोम, शुक्र	03.01.2025 से अगले आदेश तक
05049	छपरा	10:15	अमृतसर जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
05050	अमृतसर जंक्शन	17:45	छपरा	23:55		शनिवार	08.02.2025 से अगले आदेश तक
05305	छपरा	22:00	आनंद विहार (ट)	00:20	द्वि–साप्ताहिक	सोम, गुरु	17.02.2025 से अगले आदेश तक
05306	आनंद विहार (ट)	22:10	छपरा	22:50		बुध, शनि	19.02.2025 से अगले आदेश तक
05057	गोरखपुर जंक्शन	22:45	दिल्ली जंक्शन	12:50	साप्ताहिक	गुरुवार	06.02.2025 से अगले आदेश तक
05058	दिल्ली जंक्शन	14:00	गोरखपुर जंक्शन	06:25		शुक्रवार	07.02.2025 से अगले आदेश तक
01701	जबलपुर	19:40	अयोध्या कैंट	11:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01702	अयोध्या कैंट	13:30	जबलपुर	04:15		गुरुवार	26.06.2025 तक
03309	धनबाद जंक्शन	10:10	जम्मू तवी	22:40	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शनि	28.06.2025 तक
03310	जम्मू तवी	23:30	धनबाद जंक्शन	14:00		बुध, रवि	29.06.2025 तक
02397	गया	14:15	आनंद विहार (ट)	07:10	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
02398	आनंद विहार (ट)	08:20	गया	00:30		सोमवार	30.06.2025 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार	00:30	साप्ताहिक	रविवार	27.07.2025 तक
03258	आनंद विहार (ट)	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	28.07.2025 तक
03697	गया	14:15	दिल्ली जंक्शन	07:45	सप्ताह में 6 दिन	रवि को छोड़कर	30.06.2025 तक
03698	दिल्ली जंक्शन	08:55	गया	00:30		सोम को छोड़कर	01.07.2025 तक
05577	सहरसा जंक्शन	20:00	आनंद विहार (ट)	00:30	सप्ताह में 5 दिन	गुरु, शनि को छोड़कर	30.06.2025 तक
05578	आनंद विहार (ट)	05:15	सहरसा जंक्शन	10:30		शनि, सोम को छोड़कर	02.07.2025 तक
02393	राजेंद्र नगर	20:10	नई दिल्ली	12:10	सप्ताह में 6 दिन	गुरुवार को छोड़कर	30.06.2025 तक
02394	नई दिल्ली	13:20	राजेंद्र नगर	07:00		शुक्र को छोड़कर	01.07.2025 तक
02877	रांची	23:55	नई दिल्ली	03:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
02878	नई दिल्ली	04:00	रांची	05:00		रविवार	29.06.2025 तक
05736	कटिहार जंक्शन	21:00	अमृतसर जंक्शन	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	21.05.25 से 25.06.25 तक
05735	अमृतसर जंक्शन	13:25	कटिहार जंक्शन	23:45		शुक्रवार	23.05.25 से 27.06.25 तक
09183	मुंबई सेंट्रल	22:50	वाराणसी जंक्शन	10:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09184	वाराणसी जंक्शन	14:30	मुंबई सेंट्रल	04:20		शुक्रवार	27.06.2025 तक
03223	राजगीर	06:05	हरिद्वार जंक्शन	06:05	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
04324	हरिद्वार जंक्शन	07:20	राजगीर	07:15		शनिवार	28.06.2025 तक
03221	राजगीर	14:00	शहीद कप्तान तुषार एम	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	30.06.2025 तक
03222	शहीद कप्तान तुषार एम	03:15	राजगीर	15:00		बुधवार	02.07.2025 तक
05742	न्यू जलपाईगुड़ी	13:40	अयोध्या धाम जंक्शन	09:30	साप्ताहिक	रविवार	18.05.25 से 29.06.25 तक
05741	अयोध्या धाम जंक्शन	11:40	न्यू जलपाईगुड़ी	09:30		सोमवार	19.05.25 से 30.06.25 तक
03311	धनबाद जंक्शन	23:50	चंडीगढ़	04:30	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
03312	चंडीगढ़	06:00	धनबाद जंक्शन	09:00		गुरु, रवि	29.06.2025 तक
05113	छपरा	15:45	आनंद विहार (ट)	14:25	साप्ताहिक	बुधवार	16.07.2025 तक
05114	आनंद विहार (ट)	16:00	छपरा	14:00		गुरुवार	17.07.2025 तक
05301	मऊ जंक्शन	04:00	अंबाला कैंट	00:30	साप्ताहिक	गुरुवार	17.07.2025 तक
05302	अम्बाला कैंट	01:40	मऊ जंक्शन	22:00		शुक्रवार	18.07.2025 तक
05193	छपरा	14:00	शहीद कप्तान तुषार एम	23:05	साप्ताहिक	सोमवार	19.05.25 से 14.07.25 तक
05194	शहीद कप्तान तुषार एम	00:10	छपरा	08:00		बुधवार	21.05.25 से 16.07.25 तक
07363	हुब्बल्ली जंक्शन	20:30	योग नगरी ऋषिकेश	23:30	साप्ताहिक	सोमवार	24.02.2025 से अगले आदेश तक
07364	योग नगरी ऋषिकेश	06:15	हुब्बल्ली जंक्शन	06:30		गुरुवार	27.02.2025 से अगले आदेश तक
01491	पुणे	17:30	हजरत निजामुद्दीन	18:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.06.2025 तक
01492	हजरत निजामुद्दीन	22:10	पुणे	23:55		शनिवार	28.06.2025 तक
09101	वडोदरा जंक्शन	19:00	हरिद्वार जंक्शन	14:30	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
09102	हरिद्वार जंक्शन	17:20	वडोदरा जंक्शन	11:25		रविवार	29.06.2025 तक
07023	चर्लपल्ली	20:45	हजरत निजामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	रविवार	29.06.2025 तक
07024	हजरत निजामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	06:30		मंगलवार	01.07.2025 तक
07621	हुजूर साहिब नांदेड़	08:45	हजरत निजामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.06.2025 तक
07622	हजरत निजामुद्दीन	21:40	हुजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.06.2025 तक
09309	इंदौर जंक्शन	17:00	हजरत निजामुद्दीन	05:00	द्वि–साप्ताहिक	शुक्र, रवि	29.06.2025 तक
09310	हजरत निजामुद्दीन	08:20	इंदौर जंक्शन	21:00		शनि, सोम	30.06.2025 तक
09003	मुंबई सेंट्रल	10:30	दिल्ली जंक्शन	10:00	द्वि–साप्ताहिक	मंगल, शुक्र	27.06.2025 तक
09004	दिल्ली जंक्शन	13:05	मुंबई सेंट्रल	13:30		बुध, शनि	28.06.2025 तक
09425	साबरमती	17:20	हरिद्वार जंक्शन	17:00	द्वि–साप्ताहिक	गुरु, रवि	29.06.2025 तक
09426	हरिद्वार जंक्शन	21:00	साबरमती	22:30		शुक्र, सोम	30.06.2025 तक
09603	उदयपुर सिटी	01:50	श्री माता वैष्णो देवी कटरा	06:35	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
09604	श्री माता वैष्णों देवी कटरा	10:50	उदयपुर सिटी	13:55		गुरुवार	26.06.2025 तक
01441	पुणे	17:30	हजरत निजामुद्दीन	18:10	साप्ताहिक	मंगलवार	27.05.2025 तक
01442	हजरत निजामुद्दीन	22:20	पुणे	02:45		बुधवार	28.05.2025 तक
01705	जबलपुर	15:45	हरिद्वार जंक्शन	13:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.06.2025 तक
01706	हरिद्वार जंक्शन	17:40	जबलपुर	17:50		गुरुवार	26.06.2025 तक
07077	चर्लपल्ली	05:00	देहरादून	19:20	साप्ताहिक	मंगलवार	27.05.2025 तक
07078	देहरादून	07:00	चर्लपल्ली	22:30		गुरुवार	29.05.2025 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

मप्र के मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजभवन के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक

एजेंसी

भोपाल। कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने पर मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस लगातार हमलावार है और उनके इस्तीफ़े की मांग कर रही है। शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। इधर, शुक्रवार को इस मामले में उच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई टल गई है।

दरअसल, मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के विधायक काली एप्रेन पहनकर राज भवन पहुंचे और बाहर धरने पर बैठ गए। इसके पहले उन्होंने राज्यपाल से मिलकर भी अपनी मांग रखी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, वह स्वीकार नहीं की जा सकती है। उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए। करीब एक घंटे तक धरने के बाद कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया और गिरफ्तार कर वैन में बैठा लिया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि सरकार का यही चेहरा है। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सेना और महिला सम्मान के विरुद्ध सार्वजनिक बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को गिरफ्तार करने की जगह पर सरकार कांग्रेस के विधायकों को गिरफ्तार कर देश की जनभावना और लोकतंत्र के खिलाफ काम कर रही है।

कांग्रेस कोर्ट का अपमान करने से बाज नहीं आएगीः मुख्यमंत्रीकांग्रेस की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, जबकि उसे मालूम है मामला कोर्ट में है। सारा मामला कोर्ट में है। हम फैसले का इंतजार कर रहे हैं। कोर्ट का अपमान करना कांग्रेस की आदत रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष पर भी केस था, वो उनसे इस्तीफा मांग ले। कोर्ट का जब भी अपमान करने का मौका होगा, कांग्रेस बाज नहीं आएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी थी। हम तो कोर्ट का सम्मान करते हैं। सिद्धारमैया के खिलाफ कोर्ट ने फैसला दिया, कांग्रेस ने हटाया क्या?

इधर, मंत्री विजय शाह द्वारा की गई विवादित टिप्पणी को लेकर उच्च न्यायालय में शुक्रवार को न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला और अतुल श्रीधरन की युगलपीठ में सुनवाई होने वाली थी, लेकिन युगलपीठ नहीं बैठी, जिसके चलते सुनवाई टल गई है, जिससे यह मामला फिर लंबित हो गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के इस बयान पर स्वतः संज्ञान लिया था और न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने डीजीपी को मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ईडी ने वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकारी वाईएस रेड्डी को गिरफ्तार किया

मुंबई । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वसई-विरार में स्थानीय नगर निगम के अधिकारी के घर पर छापा मार कर 8.6 करोड़ की नकदी और 23 करोड़ का सोना बरामद किया है। इस मामले में ईडी की टीम वसई-विरार महानगरपालिका के अधिकारी वाईएस रेड्डी को गिरफ्तार करके उनसे गहन पूछताछ कर रही है।

दरअसल, ईडी की टीम ने नालासोपारा में 41 अवैध इमारतों के मामले की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी की टीम ने पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता व अनिल गुप्ता तथा उनके साथियों के दर्जनों ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापा मारा था। इस छापेमारी के दौरान ईडी को भारी मात्रा में डिजिटल और कागजात मिले, जिससे साबित हुआ कि इस मामले में स्थानीय नगर निगम का अधिकारी वाईएस रेड्डी भी शामिल हैं। इसी वजह से ईडी ने रेड्डी के आवास पर छापा मारा और वहां से नगदी और सोना बरामद किया। इसके बाद रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में यह भी पता चला है कि 2016 में रेड्डी को भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। फिर मई, 2016 में रेड्डी की जांच शुरू की गई थी।

नालासोपारा में 30 एकड़ क्षेत्र में 41 इमारतों का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। यह सभी इमारतें किसी अन्य की जमीन पर अवैध तरीके से बनाई गई थीं। इन इमारतों पर कार्रवाई के लिए असली जमीन मालिकों ने हाई कोर्ट में गुहार लगाई थी। इसके बाद हाई कोर्ट ने इन इमारतों को

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने सिक्किम के लोगों को राज्य दिवस पर बधाई दी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सिक्किम के लोगों को उनके राज्य दिवस की शुभकामनाएं दी और राज्य की प्रगति एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना की है। सिक्किम राज्य दिवस हर साल 16 मई को मनाया जाता है। वर्ष 1975 में आज ही के दिन सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था। यह दिन सिक्किम की राजशाही से भारत के एक राज्य के रूप में परिवर्तन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो एक जनमत संग्रह के बाद हुआ था। इसमें 97.5 प्रतिशत प्रतिभागियों ने राजशाही को समाप्त करने का समर्थन किया था।

राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा, ल्लसिक्किम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। सिक्किम अपनी असीम प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपने लोगों की गर्मजोशी के लिए व्यापक रूप से प्रशंसित है। भारत के सबसे अधिक पर्यावरण के प्रति जागरूक राज्यों में से एक के रूप में, सिक्किम ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रदर्शित करते हुए सतत विकास के उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किए हैं। मैं सिक्किम के सभी निवासियों को समृद्धि और खुशहाली से भरे भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं।ङ्क उपराष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा, ल्लसिक्किम के स्थापना दिवस पर मैं इस खूबसूरत राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। जैविक खेती, शिक्षा और जमीनी स्तर पर शासन में उल्लेखनीय प्रगति के लिए प्रसिद्ध, सिक्किम शाश्वत परंपरा में निहित अभिनव विकास का उदाहरण है। सिक्किम के लोगों को आने वाले वर्षों में निरंतर शांति, समृद्धि और प्रगति का आशीर्वाद मिले। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ल्लसिक्किम के लोगों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक बधाई। इस वर्ष, यह अवसर और भी खास है, क्योंकि हम सिक्किम के राज्य दिवस की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। सिक्किम शांत सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और मेहनती लोगों से जुड़ा हुआ है।

पेज एक का शेष

कश्मीर ...

किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

जनरल जोशी ने ऑपरेशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन नादर त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग-अलग इलाकों में किए गए थे । एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में। इस बीच जनरल जोशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा हमें खुफिया जानकारी मिल रही थी कि बर्फ पिघलने के बाद आतंकवादी समूह जंगलों में ऊंचे इलाकों में चले गए हैं और इसे ध्यान में रखते हुए हमारे दलों को लगातार वहां तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि 12 मई की रात उन्हें शोपियां के केलर के ऊपरी इलाकों में एक आतंकवादी समूह की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। अधिकारी ने कहा इन इलाकों में पहले से ही तैनात दलों ने अपनी स्थिति बदल ली है। गत 13 मई की सुबह हमारे सैनिकों ने कैलार के ऊंचे जंगलों में संदिग्ध हलचल देखी। चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू की और सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि खतरनाक इलाके और काम को अंजाम देने की कठिन स्थितियों के बावजूद सैनिकों ने भीषण गोलीबारी के बाद आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया। अधिकारी ने कहा कि त्राल में दूसरे ऑपरेशन में चुनौती अलग थी। उन्होंने बताया कि त्राल में दूसरे ऑपरेशन में चुनौती अलग थी। उन्होंने कहा एक गांव में आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। आतंकवादियों ने कई घरों के अंदर पोजिशन लेकर नागरिकों की मौजूदगी का फायदा उठाने की कोशिश की। हमारी प्राथमिक चिंता महिलाओंए बच्चों और बुजुर्गों सहित ग्रामीणों को बिना किसी नुकसान के बाहर निकालना था। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों ने व्यवस्थित तरीके से घर.घर तलाशी ली और अंततः गांव के भीतर अलग.अलग स्थानों पर छिपे आतंकवादियों को मार गिराया।

दोनों ऑपरेशन सैनिकों की अनुकूलनशीलता और दृढ़ संकल्प को रेखांकित करते हैं चाहे वे चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले जंगलों में हों या घनी आबादी वाले गांवों में। जनरल जोशी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर का स्थानीय कमांडर शाहिद कुट्टे था जो एक सरपंच की हत्या और एक रिसॉर्ट में विदेशी पर्यटक पर हमले समेत कई मामलों में शामिल था। शोपियां ऑपरेशन में उसके साथ मारा गया उसका सहयोगी भी एक स्थानीय गैर.प्रवासी नागरिक की हत्या के लिए वांछित था।

उन्होंने कहा कि इन दो आतंकी मॉड्यूलों के खात्मे से क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादी समूहों की परिचालन क्षमताओं पर गंभीर असर पड़ेगा। इस बीच सीआरपीएफ के पुलिस महानिदेशक ने बताया कि ये दोनों ऑपरेशन सुरक्षा बलों के समन्वय और पेशेवर तरीके से संभव हो पाए हैं। उन्होंने कहाए श्मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह समन्वय भविष्य में भी बना रहेगा और इसके माध्यम से हम जम्मू.कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म कर पाएंगे। मैं जनता को उनके समर्थन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूंए जो साबित करता है कि लोग चाहते हैं कि जम्मू.कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा हो।

ऑपरेशन...

को प्रदर्शित करते हैं। इसी तरह का समन्वय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला, जिससे पता चलता है कि हमारी खुफिया एजेंसियों तथा तीनों सशस्त्र बलों द्वारा कार्य को अंजाम देने की प्रक्रिया और सोच में काफी बेहतर समन्वय है।

अमित शाह ने कहा कि नया एमएसी आज के परिवेश में सामने आ रही जटिल और परस्पर जुड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए एक सहज और एकीकृत मंच प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नया नेटवर्क आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने के लिए देश के प्रयासों को मजबूत करेगा।

उन्होंने नए एमएसी नेटवर्क की सराहना की और रिकॉर्ड समय में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से संबंधित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर संतोष व्यक्त किया। इसमें एम्बेडेड एआई/एमएल तकनीक जैसी भविष्य की क्षमताओं को शामिल किया गया है ताकि एमएसी और जीआईएस सेवाओं के साथ विशाल डेटाबेस की क्षमता का दोहन किया जा सके। उन्होंने नए एमएसी के साथ उपलब्ध उन्नत डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाने के लिए विभिन्न साइलो में विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के पास मौजूद अन्य महत्वपूर्ण डेटाबेस को इस प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए भविष्य की रूपरेखा भी रखी। शाह ने कहा कि इस नए नेटवर्क से एमएसी नेटवर्क पर उत्पन्न डेटा एनालिटिक्स की गुणवत्ता को उच्च स्तर तक बढ़ाने की उम्मीद है, जिससे सटीक प्रवृत्ति विश्लेषण, हॉटस्पॉट मैपिंग और समयरेखा विश्लेषण से पूर्वानुमान और परिचालन परिणाम मिल सकेंगे। नया एमएसी संगठित अपराध के साथ जटिल संबंधों वाले आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र का मुकाबला करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत के सबसे प्रमुख खुफिया संलयन केंद्र के रूप में मल्टी एजेंसी सेंटर 2001 से अस्तित्व में है और केंद्रीय गृहमंत्री लगातार एमएसी के तकनीकी उन्नयन का सक्रिय रूप से मार्गदर्शन कर रहे हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो के साथ स्थित नए एमएसी ने सभी खुफिया, सुरक्षा, कानून प्रवर्तन और जांच एजेंसियों को जोड़ा है। 500 करोड़ से अधिक की लागत से क्रियान्वित नए एमएसी नेटवर्क में गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरह के परिवर्तन हुए हैं। देशभर में फैले नए एमएसी नेटवर्क ने देश के द्वीप क्षेत्रों, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों को एक साथ जोड़ दिया है, जिससे दूरदराज के इलाकों में जिला एसपी के स्तर तक अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई है और एक तेज और स्वतंत्र सुरक्षित नेटवर्क है।

बडगाम...

निवासी मीरीपोरा बीरवाह के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक पिस्तौल और एक हथगोला सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन मगाम में एक मामला एफआईआर संख्या 66/2025 दर्ज करके आगे की जांच शुरू की गई है।

जांच के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार किए गए सहयोगी सक्रिय लश्कर आतंकवादी आबिद कयूम लोन पुत्र अब्दुल कयूम लोन निवासी वुसन पट्टन के निकट संपर्क में थे, जो 2020 में पाकिस्तान भाग गया था। बाद में वह आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा संगठन में शामिल हो गया था। वह वर्तमान में पाकिस्तान से काम करके स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, उन्हें आतंकवादी रैंकों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है।गिरफ्तार किए गए सहयोगी उसके निर्देशों पर काम कर रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर...

मैं यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन 'सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। अब तक जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। जब सही समय आएगा, तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे।

वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन चुकी है। हम आपके साथ मिलकर इस हाइब्रिड और छद्म युद्ध को जड़ से समाप्त करेंगे। आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंकवाद का वित्तपोषण से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की सहायता देने पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उन्होंने कहा कि भारत नहीं चाहता कि जो फंडिंग हम आईएमएफ को करते हैं, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान या किसी भी देश में आतंकी ढांचा बनाने में इस्तेमाल की जाए।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। निश्चित रूप से आईएमएफ से आने वाले एक बिलियन डॉलर के बड़े हिस्से को इसमें इस्तेमाल किया जाएगा। क्या यह अंतरराष्ट्रीय संस्था से अप्रत्यक्ष वित्तपोषण नहीं माना जाएगा? आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मगर पाकिस्तान फिर से इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाये। वहां की सरकार, पाकिस्तानी आम नागरिकों से लिया गया टैक्स जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकी संगठन के आका मसूद अजहर को करीब चौदह करोड़ रुपये देने में खर्च करेगी।

कच्छ के दौरे पर आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भुज के स्मृति वन म्यूजियम एंड मेमोरियल को देखा। यहां उन्होंने भूकंप के दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों और भूकंप के दिवंगतों की याद में निर्मित स्मृति वन मेमोरियल के दौरे के दौरान रक्षा मंत्री ने जीवसृष्टि की उत्पत्ति, मानवजीवन का क्रमिक विकास, दुनिया की उत्पत्ति से लेकर प्राकृतिक आपदाओं, आफतों के विरुद्ध भविष्य की तैयारियों की जानकारी ली। इसके अलावा रक्षा मंत्री ऐतिहासिक हड़प्पन आबादी, भूकंप से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी के विभिन्न चार्ट, मॉडल देखकर प्रभावित हुए।

स्मृति वन के दौरे के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि स्मृति वन म्यूजियम आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए गौरव बना है। प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि से बने स्मृति वन म्यूजियम को देखने के लिए उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कच्छ और गुजरात के लोगों की प्रबल इच्छा शक्ति का दर्शन स्मृति वन म्यूजियम के माध्यम से होता है। रक्षा मंत्री ने स्मृति वन संग्रहालय में एक विशेष सिम्युलेटर की मदद से भूकंप के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति का वास्तविक अंदाजा लगाया। रक्षा मंत्री ने कच्छ के लोगों की खुमारी और भूकंप के बाद प्रधानमंत्री के विजन के तहत कच्छ के सर्वांगीण विकास की सराहना की। रक्षा मंत्री के दौरे के दौरान भारतीय वायु सेना के एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, रक्षा मंत्री के निजी सचिव अमित किशोर, कच्छ मोरबी के सांसद विनोदभाई चावड़ा, विधायक केशुभाई पटेल, त्रिकमभाई छंगा, मालतीबेन माहेश्वरी, अनिरुद्ध दवे, प्रद्युम्नसिंह जाडेजा, विरेन्द्रसिंह जाडेजा, देवजी वरचंद समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सुप्रीम कोट...

अदालत फिर उच्च न्यायालय और अंत में शीर्ष अदालत पहुंचा।

यूपी ...

से पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, मुकेश प्रताप सिंह को बरेली जिले से सीआईडी मुख्यालय लखनऊ और मनीष चन्द्र सोनकर को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर से बरेली भेजा गया है। साथ ही साथ मधुवन कुमार सिंह को अयोध्या से आजमगढ़, विजेंद्र द्विवेदी को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट से बदायूं, अमित किशोर श्रीवास्तव को बदायूं से बिजनौर, त्रिगुन बिसेन को मथुरा से फिरोजाबाद, सत्यपाल सिंह को इटावा से चित्रकूट, श्रीश चन्द्र को संभल से इटावा, मनीषा सिंह को लखनऊ से अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, अनिल कुमार द्वितीय को ललितपुर से सोनभद्र, कालू सिंह को सोनभद्र से ?ललितपुर , धर्म सिंह मार्छाल को बिजनौर से उप सेना नायक 23वीं? वाहिनी पीएसी मुरादाबाद भेजा है। इसके अलावा महेंद्र पाल सिंह ईओडब्ल्यू मुख्यालय से फतेहपुर, सुरेश चन्द्र रावत को उप सेनानायक 3वीं वाहिनी एसएसएफ प्रयागराज से मथुरा और कमल किशोर को पुलिस मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है।

जगद्गुरु ...

गोस्वामी, कृष्णा सोबती और प्रतिभा रे जैसी ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महिला लेखकों ने भारतीय परंपरा और समाज को विशेष संवेदनशीलता के साथ देखा और अनुभव किया है और हमारे साहित्य को समृद्ध किया है।

उन्होंने कहा कि हमारी बहनों और बेटियों को इन महान महिला लेखकों से प्रेरणा लेकर साहित्य सृजन में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और सामाजिक सोच को और अधिक संवेदनशील बनाना चाहिए। राष्ट्रपति ने श्री रामभद्राचार्य के बारे में कहा कि उन्होंने उत्कृष्टता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके बहुमुखी योगदान की प्रशंसा की और कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग होने के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। उन्होंने कहा कि श्री रामभद्राचार्य ने साहित्य और समाज सेवा दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियाँ साहित्य सृजन, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सही मार्ग पर आगे बढ़ती रहेंगी।

श्रम...

स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है।

मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईएस से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अटल आवासीय विद्यालय देशभर में मॉडल के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इनकी निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 5,97,625 आवेदनों में से 5,90,881 को एनओसी दी जा चुकी है। शेष शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आजादी के बाद से 2016 तक प्रदेश में 13,809 कारखाने पंजीकृत थे, जबकि पिछले नौ वर्षों में 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। यह 99 फीसदी की वृद्धि है। अधिकारियों ने आगे बताया कि भारत सरकार के बीआरएपी रिकमेंडेशन के क्रियान्वयन में श्रम विभाग को अचीवर स्टेट का दर्जा प्राप्त हुआ है। इन उपलब्धियों की मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए इसे अभूतपूर्व बताया।

जल जीवन...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से गंभीर हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल सात मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि चार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा पांच अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और सात को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर चार को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर दो का निलंबन किया गया है। वहीं, 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और छह का निलंबन किया गया है।

मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश, लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।-

सेना...

इसके लिए प्रधानमंत्री की जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाईं।

कांग्रेस नेताओं ने साधा निशाना-

डिप्टी सीएम देवड़ा का यह बयान सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर हो गई। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि देश की सेना का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का विवादित बयान। अब जगदीश देवड़ा बोले पूरा देश, देश की सेना, सैनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चरणों में नतमस्तक है। भाजपा की सेना के प्रति जो सोच है वो सामने आ रही है।

जगदीश देवड़ा के सेना को लेकर दिए बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये है भारतीय सेना के प्रति भाजपा का सम्मान! भाजपा के एक और बड़बोले मंत्री डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सेना का अपमान करते हुए बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ल्लदेश की शूरवीर सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है।ङ्क क्या ये हमारे जवानों के शौर्य और बलिदान का अपमान नहीं है ? डिप्टी सीएम देवड़ा का यह बयान न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना के खिलाफ भी है। क्या भाजपा अब बार-बार राष्ट्रभक्ति की आड़ में सेना का अपमान करती रहेगी?

भाजपा ने किया पलटवार-

कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की जैसी नजर है वैसा नजारे हैं, वैसे ही उनके भाव हैं। कांग्रेस ने कभी सेना का सम्मान नहीं किया। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने ऐसा कुछ नहीं कहा। उन्होंने देश की सेना के सम्मान की बात कही है। उन्होंने कहा है कि सेना के शौर्य के आगे पूरा देश कृतज्ञ है।

डिप्टी सीएम देवड़ा ने दी सफाई-

बयान को लेकर विवाद बढ़ने के बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सफाई दी है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम में मैंने जो बात कही थी, उसे गलत तरीके एवं तोड़-मरोड़कर प्रस्?तुत किया जा रहा है, जो सरासर गलत है। मैंने अपने भाषण में कहा था कि-आतंकवादियों के खिलाफ सेना के जांबाज जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जो पराक्रम दिखाया है, उसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। पूरा देश एवं देश की जनता उनके चरणों में नतमस्?तक है व उन्?हें प्रणाम करती है और मैं भी उन्?हें प्रणाम करता हूं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि वक्?तव्?य में मेरा अभिप्राय यह था कि देश की रक्षा करने वाले सेना के जांबाज जवानों के चरणों में देश की जनता प्रणाम करती है, मेरे इस बयान को गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। मैंने कोई ऐसा बयान हीं नहीं दिया है जिसके उसके लिए माफी मांगी जाए और न ही मैंने किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बयान को गलत तरीके से प्रसारित किया जा रहा है वह मन को बहुत आहत करने वाली है, ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले मंत्री शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान दिया था। एमपी हाई कोर्ट ने पुलिस को एफआइआर दर्ज का आदेश दिया। मंत्री इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। इस पर सुनवाई सोमवार को होगी।

पटना समेत राज्य के पांच जिलों में पिंक बस सेवा की शुरुआत

■ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिखायी हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना समेत राज्य के पांच जिलों में महिलाओं के लिए विशेष पिंक बस सेवा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने पटना स्थित एक अणे मार्ग से पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में कुल 20 मिनी पिंक बसें चलाई गई हैं। इसमें पटना में 8, मुजफ्फरपुर में 4 तथा गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया में 2-2 बसें शामिल हैं। दूसरे चरण में 80 और पिंक बसें सड़कों पर उतरेंगी। इसमें सफर करने का किराया 6 रुपये से 25 रुपये के बीच है। सुरक्षा के लिए पैनिक बटन, सीसीटीवी भी है जबकि हर सीट पर चार्जिंग पॉइंट की सुविधा है। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि यह सेवा महिलाओं को एक सुरक्षित और भरोसेमंद यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के अनुसार, इन बसों का संचालन भी पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाना है। यानी ड्राइवर और कंडक्टर दोनों महिलाएं होंगी। बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) को अब तक पर्याप्त महिला ड्राइवर नहीं मिल पाई हैं जिस कारण पहले चरण में संभावना है कि पुरुष चालक इन बसों को चलाएंगे। लेकिन भविष्य में महिला चालकों की नियुक्ति के बाद इसे पूरी तरह महिला-संचालित सेवा के रूप में विकसित किया जाएगा। पिंक बसें खासतौर पर महिलाओं के लिए डिजाइन की गई हैं। इनमें केवल महिला एवं छात्राएं ही सफर कर सकेंगी। ये बसें शहरों के प्रमुख मार्गों पर सिटी बस सेवा के रूप में चलेंगी और इनका संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नीतीश सरकार ने 2025 के बजट भाषण में पिंक बस सेवा शुरू करने की घोषणा की थी। यह पहल राज्य में महिलाओं की यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुलभ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इन बसों से महिलाओं को विशेष सुविधा मिलेगी।

पुलिस ने शातिर ठग को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग ओम प्रकाश सांवारिया (46) को गिरफ्तार किया है। आरोपित अब तक दस मामलों में शामिल रहा है। जांच में पता चला है कि आरोपित केवल सैन्यकर्मियों को निशाना बनाकर ठगी करता था। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित ने एक फर्जी वेबसाइट के जरिए 19 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार, एक सेना के जवान ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि एक वेबसाइट द्धधब्ध्द्धप्दद्दथद्यप.दधद्व के जरिए वह ओम प्रकाश सांवारिया के संपर्क में आया था। पीड़ित ने शिकायत में आगे बताया कि आरोपित ने उन्हें 30 प्रतिशत छूट पर किआ सेल्टॉस कार दिलवाने का झांसा दिया। विश्वास दिलाने के लिए व्हाट्सएप पर चेक्स की कॉपी भेजी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 19 लाख रुपये दे दिए, लेकिन उसे कार नहीं मिली। वहीं आरोपित ने उससे संपर्क पूरी तरह से बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। इधर पुलिस टीम को जांच के दौरान पता चला कि आरोपित ने एक कंपनी बनाई थी, जिसके बैंक खाते में यह राशि जमा हुई। यह खाता एचडीएफसी बैंक में था और कंपनी की डायरेक्टर उसकी पत्नी व बहन थीं। तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूत्रों के आधार पर पुलिस ने चार टीमें बनाई। उसके बाद गठित की गई टीमों ने छापेमारी की और आरोपित को नांगलोई इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले भी इसी तरीके से लोगों को ठग चुका है।

पंजाब पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़, तरनतारन से 85 किलो हेरोइन बरामद

कैनवजि टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ इस वर्ष की सबसे बड़ी कार्रवाई कर तरनतारन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यहां से 85 किलो हेरोइन बरामद की है। यह नेटवर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में काम कर रहा था। जिसे यूके का ड्रग हैंडलर लल्ली संचालित करता था।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि भारत में इस नेटवर्क के मुख्य संचालक अमृतसर के गांव भिट्टेवाड़ निवासी अमरजोत सिंह उर्फ ??जोता संधू है। जिसे पुलिस ने गिफ्तार किया था। इस अमरजोत सीमा पार के तस्करों से ड्रग्स की खेप प्राप्त कर उन्हें पंजाब के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करता था। पुलिस ने अमरजोत की गिरफ्तारी के बाद उसके घर पर छापा मारा था। अमरजोत ने इस नेटवर्क का मुख्य ठिकाना बना घर ही बना रखा था। डीजीपी यादव ने बताया कि पुलिस ने उसके ठिकाने से 85 किलो हेरोइन बरामद की है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। डीजीपी ने बताया कि यह नेटवर्क पाकिस्तान से संचालित हो रहा था और इसमें आईएसआई की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। पुलिस नेटवर्क के पिछले और आगे के संबंधों की गहराई से जांच कर रही है। एसएसपी तरनतारन अभिमन्यु राणा ने बताया कि इस मामले में सक्रियता से और सुरागों की छानबीन की जा रही हैं। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की संभावना है।

आईसीजी ने समुद्र में डूबे मालवाहक जहाज के चालक दल को सुरक्षित बचाया

■ सभी को प्राथमिक उपचार के बाद न्यू मंगलौर पोर्ट लाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मैंगलोर से लगभग 60-70 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में डूबे मालवाहक जहाज एमएसवी सलामत से चालक दल के छह सदस्यों को सफलतापूर्वक बचाया है। इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद शुक्रवार को सुरक्षित रूप से न्यू मंगलौर पोर्ट लाया गया है, जहां बचाए गए चालक दल से बातचीत करके जहाज के डूबने की परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा। स्थानीय अधिकारी बचाए गए चालक दल के साथ बातचीत करके जहाज के डूबने की परिस्थितियों का पता लगाएंगे। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि मालवाहक जहाज एमएसवी सलामत 12 मई को मंगलौर बंदरगाह से रवाना होकर लक्षद्वीप के कदमत द्वीप के रास्ते सीमेंट और निर्माण सामग्री का मिश्रित माल ले जा रहा था। यह जहाज 14 मई को सुबह 5:30 बजे मैंगलोर से लगभग 60-70 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में पानी में डूबने लगा और अंततः डूब गया। जहाज पर सवार चालक दल के छह सदस्य अपनी जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए और छोटी नाव में चढ़ गए। समुद्र से गुजर रहे पारगमन जहाज एमटी एपिक सुसुई ने कर्नाटक के सुरथकल के तट से लगभग 52 समुद्री मील दूर छह जीवित लोगों के साथ एक छोटी नाव को बहते हुए देखा। एमटी एपिक सुसुई के चालक दल ने यह देख आईसीजी को 14 मई को 12.15 बजे संकट चेतावनी की सूचना दी। इसके बाद क्षेत्र में नियमित गश्त पर आईसीजी जहाज विक्रम को तुरंत उस स्थान की ओर मोड़ दिया गया। तटरक्षक दल ने तेजी से सभी छह जीवित लोगों को डिंगी (छोटी नाव) से ढूंढ निकाला और सुरक्षित रूप से बचा लिया। बचाए गए चालक दल के सदस्यों की पहचान इस्माइल शरीफ, अलेमुन अहमद भाई घावदा, काकल सुलेमान इस्माइल, अकबर अब्दुल सुरानी, कसम इस्माइल मेपानी और अजमल के रूप में हुई है। प्रारंभिक रिपोर्टों में बाढ़ का सटीक कारण नहीं पता चल सका है। सभी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद न्यू मंगलौर पोर्ट लाया गया है। इस बीच, भारतीय तटरक्षक बल ने बताया कि मालवाहक जहाज एमटी आर ओशन पर सवार होकर कर्नाटक के कारवार बंदरगाह पर पहुंचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बंदरगाह अधिकारियों ने भारत में प्रवेश से वंचित कर दिया। इराक से बिटुमेन लेकर आ रहा यह जहाज 12 मई को 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों, दो सीरियाई और एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ बंदरगाह पर पहुंचा था। जहाज का कप्तान भी भारतीय था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर निश्चल कुमार ने निर्देश दिया था कि पाकिस्तान और भारत के बीच बिगड़ते संबंधों के कारण पाकिस्तानी और सीरियाई नागरिकों को जहाज से नहीं उतरना चाहिए।

केजरीवाल ने पंजाब में चल रहे 'ड्रग्स के खिलाफ युद्ध' के बीच 'नशा मुक्ति यात्रा' की घोषणा की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में चल रहे 'ड्रग्स के खिलाफ युद्ध' के बीच शुक्रवार को 'नशा मुक्ति यात्रा' की घोषणा की। जिसे राज्य में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए सरकार ने शुरू किया। इस प्रयास में उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी होंगे। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं की बिक्री के खिलाफ लोगों के संकल्प को मजबूत करने के लिए 'नशा मुक्ति यात्रा' पंजाब के प्रत्येक गांव और वार्ड तक पहुंचेगी। आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज से पंजाब में नशा मुक्ति यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा पंजाब के हर गांव और हर वार्ड में जाएगी। इस यात्रा के जरिए अब लोगों को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाएगा। हर गांव और हर वार्ड में लोग शपथ लेंगे कि वे खुद नशा नहीं करेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर नालंदा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

नालंदाष, बिहारशरीफ। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शुक्रवार को नालंदा जिले के चंडी प्रखंड में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का आयोजन नागरिक विकास मोर्चा द्वारा किया गया।तिरंगा यात्रा की शुरुआत बापू हाई स्कूल के खेल मैदान से हुई, जो लालगंज, जैतीपुर होते हुए चंडी थाना पहुंची। यात्रा के दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।इस यात्रा में उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार सुमन समेत बड़ी संख्या में स्थानीय युवा व नागरिक शामिल हुए। उप मुख्य पार्षद ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद जो कार्रवाई भारतीय सेना ने की है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को समर्थन देने की कोशिश का जवाब हमारी सेना ने करारा ढंग से दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के सम्मान में पुलिस ने निकाली तिरंगा रैली

■ एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा ने रैली को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने वाली भारतीय सेना के प्रराक्रम व सम्मान में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देशन व एसपी क्राइम की अगुवाई में पुलिस ने भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया। यह रैली न केवल देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थी, बल्कि यह पूरे हरिद्वार जनपद की ओर से सेना को सैल्यूट भी थी। रैली की शुरुआत एसएसपी कार्यालय, रोशनाबाद से हुई। रैली एसएसपी कार्यालय से रानीपुर मोड़ तक निकाली गई। पुलिस और आमजन का जोश देखते ही बनता था। चारों ओर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंज रहे थे, जिसने माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इस रैली को एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस बल के जवान तिरंगे के साथ पूरे अनुशासन और जोश के साथ आगे बढ़े। रैली में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरिद्वार पुलिस की यह पहल ना केवल वीर जवानों को श्रद्धांजलि थी, बल्कि यह देश के प्रति कर्तव्य, सम्मान और समर्थन की एक सशक्त अभिव्यक्ति भी थी। तिरंगा रैली ने यह संदेश दिया कि हर भारतीय सेना के साथ है।

बोधगया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के बोधगया में एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया है। वह अपनी असली पहचान छुपा कर चोरी छुपे बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा मॉनेस्ट्री में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ गश्ती कर रहे थे। यहां स्लीपिंग बुद्धा मॉनेस्ट्री में सुरक्षा के दृष्टिकोण से जांच की गई। बुद्धा इंटरनेशनल वेलफ़ेयर मिशन में रहने वाले लोगों का सत्यापन किया गया। इस दौरान एक बौद्ध भिक्षु छुपने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे पकड़ा और पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपनी पहचान 62 वर्षीय प्रापूल चकमा पिता गानेश्वर चकमा घर अरुणाचल प्रदेश का बताया, लेकिन पुलिस को शक हुआ कि वह अपनी असली पहचान छुपा रहा है। पुलिस उसे बोधगया थाना लेकर आयी और फिर पूछताछ की। इसके बाद उसने अपनी असली पहचान पवन कांति बरुआ पिता सुकेंदु विकास बरुआ निवासी थाना काठ खाली, बांग्लादेश बताई। पुलिस ने असली पहचान छुपाकर रहने के जुर्म में उसे गिरफ्तार कर लिया।

आदि कैलाश: जहां भगवान शिव ने किया था तांडव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन करने के लिए आदि कैलाश यात्रा आयोजित की जाती है जो एक लोकप्रिय धार्मिक यात्रा होने के साथ ही यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखती है। भगवान शिव के भक्तों के लिए आदि कैलाश और ओम पर्वत एक महत्वपूर्ण स्थान है। मान्यता है कि भगवान शिव माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय के साथ यहां विराजमान हैं। कहा जाता है कि आदि कैलाश वह स्थान है जहां भगवान शिव ने तांडव नृत्य किया था। साथ ही ऋषि अष्टावक्र को अपना दिव्य रूप दिखाया था। आदि कैलाश का आध्यात्मिक महत्व दुनिया भर से अनुयायियों को आकर्षित करता है। सनातन मान्यता में पंच कैलाश (5 कैलाश) माने गए हैं। जिनमें कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश, मणि महेश, किन्नौर कैलाश और श्रीखंड महादेव कैलाश शामिल है। इनमें आदि कैलाश को छोटा कैलाश और बाबा कैलाश भी कहा जाता है। कैलाश पर्वत की प्रतिकृति का आदि कैलाश पंच कैलाश में से दूसरा कैलाश है। जोलिंगकोंग माउंट आदि कैलाश का आधार और दृश्य बिंदु है जहां आप ध्यान लगा सकते हैं, यहां चिल्लाने की अनुमति नहीं है। मान्यता है कि भगवान शिव यहां ध्यान करते हैं। आदि कैलाश उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में भारत के अंतिम गांव कुटी के साथ भारत-तिब्बत सीमा पर स्थित है। इस गांव का नाम पांडवों की मां कुंती के नाम पर रखा गया है। इसे हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। पुराणों के अनुसार, आदि कैलाश भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का मुख्य पड़ाव था, जिसकी उत्पत्ति कैलाश पर्वत मानसरोवर से हुई। खास बात ये भी है कि आदि कैलाश भारत के सबसे उल्टे पहाड़ों में से एक है। माना जाता है कि राक्षसराज रावण ने बहुत लंबे समय तक यहां भगवान शिव का ध्यान किया, इसके बाद उसे अपार शक्ति, बल और 10 सिर का आशीर्वाद मिला। वहीं पांडव भाइयों और ऋषि वेद व्यास ने भी यहां बहुत लंबे समय तक ध्यान किया था। आदि कैलाश की यात्रा के लिए आपको धारचूला से इनर लाइन परमिट लेना होगा। इसके लिए एक विशेष परमिट धारचूला में एसडीएम द्वारा जारी किया जाता है। यात्रा के लिए एक वैध फोटो पहचान पत्र, पते का प्रमाण और अधिकारियों द्वारा बताए गए दस्तावेज जमा करने होंगे। साथ ही यात्रा के लिए शारीरिक रूप से फिट आवश्यक है। पूर्णागिरी मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी बताते हैं कि कैलाश भगवान शिव का घर भी है। इस पर्वत के दर्शन मात्र से आंतरिक आत्मा प्रबुद्ध हो जाती है। साथ ही यहां मौजूद ब्रह्मांडीय ऊर्जा नकारात्मक सोच को सकारात्मक सोच में बदल देती है।

तीसरी सरकार अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत में लोक विमर्श का आयोजन

हरिद्वार। बहादराबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत रसूलपुर मीठीबेरी में शुक्रवार को 'तीसरी सरकार' अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम पर शोध हेतु एक लोक विमर्श आयोजित किया गया। यह विमर्श स्थानीय सहयोग से आदर्श युवा समिति द्वारा संपन्न हुआ, जबकि शोध कार्य पंचपरमेश्वर विद्यापीठ द्वारा इंडिया पंचायत फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। विमर्श में सभी प्रतिभागियों ने गहनता से चर्चा कर अपने-अपने विचार साझा किए। उल्लेखनीय है कि पंचायत व्यवस्था से संबंधित इस शोध कार्य के लिए उत्तराखंड के अधिनियम के गहन व विश्लेषणात्मक अध्ययन के साथ-साथ देश के अन्य प्रमुख नौ राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा जम्मू कश्मीर) के अधिनियम के प्रावधानों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध कार्य को और अधिक व्यापक तथा प्रमाणिक बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ स्थानीय स्तर पर लोक विमर्श का आयोजन किया जा रहा है। चर्चा से प्राप्त प्रतिभागियों को सुझाव के सुझावों को संकलित कर शोध भी शामिल किया जाएगा।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063